




वैश्विक रुझान बदलेंगे शेयर बाजार की चाल -14



तत्काल युद्ध विराम करने पर सहमत हुए पाकिस्तान और अफगानिस्तान -15



बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता -16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार


www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 03:45 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082 | बरेली | सोमवार, 20 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 331, पृष्ठ 18 ■ मूल्य 6 रुपये
















आप सभी को
दीपावली एवं भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनायें
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश चंद्र गंगवार
पूर्व सदस्य
जिला पंचायत पीलीभीत
शिव ओम गंगवार
एड्वोकेट
जयदीप गंगवार
गंगवार फर्टीलाइजर एजेंसी मेन रोड बरखेड़ा कला पीलीभीत
शिव ओम ट्रेडर्स मेंन रोड बरखेड़ा कला पीलीभीत
जय श्री ज्वैलर्स, मेन रोड बरखेड़ा कला पीलीभीत
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार
सहायक विकास अधिकारी
कृषि रक्षा वि.खं. बरखेड़ा कला पीलीभीत
हरपाल गंगवार
एसएमएस बीसलपुर
कृषि विभाग पीलीभीत
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
सभी रोगों की एक दवाई घर में रखों साफ-सफाई
रूपेश कुमार
सचिव
पूनम कुमारी
प्रधान
ग्राम पंचायत सोंधा विकास खंड बरखेड़ा कलां, पीलीभीत
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार
सचिव
नरेश कुमार
सभापति
बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति जगीपुर जैतपुर विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत
समस्त नगर व जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर पंचायत बरखेड़ा कलां, पीलीभीत
नागेंद्र पाण्डेय
उप जिलाधिकारी बीसलपुर
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बरखेड़ा कला
1. नगर को साफ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें। 2. अपने घरों से निकलने वाला कूड़ा सिर्फ कर्मचारियों को ही दें। 3. पानी की टंकी खुली न छोड़े। 4. अपने घरों के आस-पास कूड़ा जमा न होने दें। 5. अपने घरों के आसपास पानी न भरने दें। 6 नगर पंचायत के करो का समय से भुगतान करें।
समस्त सभासद गण एवं कार्यालय स्टाफ कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा कला पीलीभीत
समस्त क्षेत्र व जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली, गंगास्नान और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
मेरी विधानसभा मेरा परिवार
कमलेश कुमार गंगवार
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा पीलीभीत
प्र. ब्लॉक प्रमुख बरखेड़ा
128 विधानसभा बरखेड़ा
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
रेहान रजा अंसारी
जिला उपाध्यक्ष
यु.स. समाजवादी पार्टी
पीलीभीत
निवासी नगर पंचायत बरखेड़ा कला
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम ब्रिक्स फील्ड भोपतपुर बरखेड़ा कला पीलीभीत
मटियार मिट्टी से निर्मित कोयले से पकी हुई उच्च क्वालिटी की ओम व नमो मार्का ईट का सदैव प्रयोग करें
दुर्गेश दुलवानी
विशेष दुलवानी
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
रामदयाल वर्मा
सचिव
भगवानदास वर्मा
सभापति
बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति केशोपुर विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
देसी घी व रिफाइंड से निर्मित शुद्ध मिठाइयों के लिए संपर्क करें
जय गुरुदेव स्वीट्स हाउस एंड रेस्टोरेंट दौलतपुर रोड कस्बा बरखेड़ा कला पीलीभीत
रामगुलाम सक्सेना
सरवन सक्सेना
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
उच्च कोटि के आभूषणों का मिलने का एक विश्वसनीय स्थान
अजय ज्वैलर्स मेन रोड बरखेड़ा कला पीलीभीत
अजय कुमार
डॉक्टर सुपर्व गंगवार
समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला पंचायत पीलीभीत के वार्ड नंबर 26 से सदस्य पद के भावी प्रत्याशी
सूरजपाल कश्यप
अध्यक्ष
मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड
परेवा अनूप विकास खंड बरखेड़ा कलां पीलीभीत





वैश्विक रुझान बदलेंगे शेयर बाजार की चाल -14


तत्काल युद्ध विराम करने पर सहमत हुए पाकिस्तान और अफगानिस्तान -15


बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता -16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 03:45 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082 | बरेली | सोमवार, 20 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 331, पृष्ठ 18 ■ मूल्य 6 रुपये









दीयों के साथ सतरंगी रोशनी से रविवार शाम आलोकित अयोध्या का सरयू घाट और राम की पैड़ी। ● अमृत विचार

# राम के स्वागत में जले 26 लाख दीये

## रामनगरी ने फिर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, दीपों की कतारों ने किया मंत्रमुग्ध

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** अद्भुत, अकल्पनीय, अप्रतिम.. सनातन के उत्सव अयोध्या के 9वें दिव्य दीपोत्सव में एक बार फिर नया विश्व इतिहास रचा गया। पुष्पक विमान से प्रभु राम के स्वरुप के पहुंचने पर स्वागत में राम की पैड़ी पर एक साथ 26 लाख 17 हजार 215 दीप प्रज्ज्वलित कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ। रामकथा पार्क में प्रभु राम के राज्याभिषेक के साथ समूची अयोध्या सरयू घाट तक दीपों की अनगिनत पंक्तियों से स्वर्ग को मात देती दिखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में पहला दीप जलाया।

दीपोत्सव-2025 में अयोध्या ने रोशनी और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया कि इतिहास में नया पन्ना जुड़ गया। गिनीज प्रतिनिधियों की मौजूदगी में राम की पैड़ी और अयोध्या धाम में 26,17,215 दीप एक साथ प्रज्ज्वलित कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) अमृत अभिजात ने सौंपा। आरती में 2,128 वेदाचार्य व अर्चक शामिल रहे और सरयू आरती जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजती रही। 1100 स्वदेशी ड्रोन और भव्य लेजर-प्रोजेक्शन मैपिंग ने रामायण के सातों कांडों के दृश्य आकाश में सजाए तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर्स, छात्र-छात्राओं और वालंटियर्स ने आयोजन में अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। युवा स्वयंसेवकों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी उनके आइकॉन हैं, उनके नेतृत्व में अयोध्या ने नया गौरव पाया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संतों का सम्मान और रामकथा आधारित थ्री-डी प्रोजेक्शन ने आध्यात्मिकता और आधुनिक तकनीक का संगम दिखाया। मुख्यमंत्री ने आयोजन को 500 वर्षों के अंधकार पर आस्था की विजय बताया और कहा कि आज अयोध्या दुनिया की आध्यात्मिक राजधानी बनने के मार्ग पर अग्रसर है।

### जहां चली थीं गोलियां, आज जल रहे दीप : योगी

रामकथा पार्क में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन घटनाओं का जिक्र किया जिनमें कभी रामभक्तों पर गोलीबारी हुई, आज वही भूमि दीपोत्सव और श्रद्धा का केन्द्र बन चुकी है। योगी ने कहा कि 'यह दीप केवल प्रकाश नहीं, बल्कि 500 वर्षों के अंधकार पर आस्था की विजय का प्रतीक हैं। जिन्होंने अयोध्या में गोलियां चलवाई थीं, आज हम उसी भूमि पर दीप जला रहे हैं।' उन्होंने आलोचनात्मक राजनीतिक रुखों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि अयोध्या की पहचान मिटाने का प्रयास हुआ था, पर अब यह विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल बन चुका है। योगी ने अयोध्या के विकास, सुरक्षा मॉडल और सामाजिक कल्याण योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि 'रामराज्य' की परिकल्पना के अनुरूप गरीबों, किसानों और युवाओं के हितों पर काम जारी है। उनके भाषण ने आयोजन को आध्यात्मिक रोमांच के साथ-साथ राजनीतिक-सांस्कृतिक संदेश भी दे दिया।


गिनीज बुक रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र दिखाते मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और पर्यटन मंत्री जय वीर सिंह।

### शुभकामना/सूचना

समस्त सुधि पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर अमृत विचार कार्यालय में 20 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक बुधवार 22 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

–संपादक

## एमबीबीएस की 10,650 नई सीटों को एनएमसी की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए 41 नए मेडिकल कॉलेज भी स्वीकृत
- चिकित्सा आयोग को लगभग 5,000 पीजी सीट की वृद्धि की उम्मीद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2024 पर पांच वर्षों में 75,000 नई मेडिकल सीट सृजित करने को लेकर लिए गए संकल्प के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 10,650 नई एमबीबीएस सीट को मंजूरी दी है।

यह वृद्धि भारत में चिकित्सा शिक्षा की उपलब्धता बढ़ाने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। एनएमसी प्रमुख डॉ. अभिजात शेठ ने बताया कि 41 नए मेडिकल कॉलेज के जुड़ने से देश में कुल चिकित्सा संस्थानों की संख्या 816 हो गई है। उन्होंने बताया कि कुल 10,650 एमबीबीएस सीट को मंजूरी दी गई है। इससे 2024-25 शैक्षणिक वर्ष के लिए कुल एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़कर 1,37,600 हो जाएगी। डॉ. शेठ ने कहा कि लगभग 5,000 पीजी सीट की वृद्धि की उम्मीद है।

## 500 पेज की जमानत याचिका, कोर्ट ने लंबी होने पर किया खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने पॉक्सो मामले में एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि लगभग 500 पृष्ठों का आवेदन पत्र बहुत लंबा और विस्तृत है और इसे पढ़ने में न्यायपालिका के कीमती समय की बर्बादी होगी।

विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार ने पाक्सो अधिनियम में अभियुक्त की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। अदालत ने 17 अक्टूबर के आदेश में कहा कि अभियुक्त के वकील ने लगभग 500 पृष्ठों की एक बहुत लंबी जमानत याचिका तैयार की थी।

## इंडिगो विमान में यात्री के पावर बैंक में लगी आग, उड़ान रोकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर रविवार को 'टैक्सिंग' के समय दीमापुर जाने वाले इंडिगो विमान में एक यात्री के पावर बैंक में आग लग गई। केबिन क्रू ने आग को बुझा दिया। इंडिगो ने कहा कि किसी के घायल होने की खबर नहीं है तथा विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

एयरलाइन ने कहा कि 19 अक्टूबर को दिल्ली से नगालैंड के दीमापुर जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 2107, विमान में सीट के पीछे के कवर में रखे एक यात्री के निजी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में मामूली आग लगने के कारण वापस लौट आई। विमान जब हवाई अड्डे पर रनवे पर जाने की प्रक्रिया कर रहा था, तभी पावर बैंक में आग लग गई।

## ईसी ने सक्रिय की आर्थिक खुफिया समिति

- चुनाव में धन-शक्ति पर लगाम कसने की तैयारी
- 2014 में आम चुनावों से पहले किया गया था गठन

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बिहार चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धन, शराब और मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए छह साल के अंतराल के बाद अपने आर्थिक खुफिया समिति को फिर से सक्रिय कर दिया है।

चुनावी खुफिया मामलों की बहु-विभागीय समिति की शुक्रवार को यहां 2019 के बाद पहली बार बैठक हुई। इसमें चुनावी राज्य बिहार में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धनबल और मुफ्त उपहारों के इस्तेमाल को रोकने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों और केंद्रीय पुलिस बलों की रणनीति को दुरुस्त किया गया। इस समिति का गठन 2014 में आम चुनावों से पहले किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि समिति की बैठक 2014 और 2019 के चुनावों से पहले हुई थी, लेकिन उसके बाद औपचारिक रूप से नहीं हुई। एजेंसी और सुरक्षा बलों के प्रमुख धनबल पर लगाम लगाने के लिए बैठकें करते रहे हैं। बैठक में सीईसी ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त एस.एस. संधू और विवेक जोशी उपस्थित थे।

## हमारे पूर्वजों ने दुनिया को शिक्षा दी, धर्मांतरण नहीं किया

मुंबई, एजेंसी

- आर्य युग विषय कोश की शुरुआत पर बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि प्राचीन काल में भारत के लोग संस्कृति और विज्ञान का प्रचार-प्रसार करने के लिए दुनिया भर में घूमे लेकिन उन्होंने कभी किसी पर न तो आक्रमण किया और न ही धर्मांतरण कराने में लिप्त हुए। यह बात उन्होंने यहां 'आर्य युग विषय कोश' की शुरुआत के अवसर पर कही।

भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारियों ने भारत को लूटा और दास बनाया और आखिरी बार आक्रमण करने वालों ने भारतीयों के मस्तिष्क को लूटा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज मेक्सिको से साइबेरिया तक गए और दुनिया को विज्ञान व संस्कृति सिखाई। उन्होंने किसी का धर्मांतरण नहीं किया और न ही आक्रमण किया। हम सद्भावना और एकता का संदेश लेकर गए। भागवत ने कहा कि कई आक्रमणकारी आए और हमें लूटा, दास बनाया। आखिरी आक्रमणकारियों ने हमारे मस्तिष्क को लूटा। हम अपनी ताकत ही भूल गए और यह भी भूल गए कि हम दुनिया के साथ क्या साझा कर सकते है। संघ प्रमुख ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान अब भी फल-फूल रहा है और हमारे पास विज्ञान व अस्त्र-शस्त्र, शक्ति व सामर्थ्य, आस्था व ज्ञान है।

### पथ संचलन के लिए नई याचिका दायर करे संघ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतिनिधियों से कहा कि वे दो नवंबर को कलबुर्गी जिले के चित्तपुर में अपना पथ संचलन आयोजित करने की अनुमति मांगने के लिए एक नया आवेदन दायर करें। न्यायमूर्ति एमजीएस कमल ने यह बात तब कही, जब याचिकाकर्ता ने अदालत में कहा कि वह दो नवंबर को पथ संचलन करने का इरादा रखता है। क्योंकि अधिकारियों ने रविवार (19 अक्टूबर) के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। आरएसएस की ओर से अशोक पाटिल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए एक विशेष पीठ गठित की गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या किसी वैकल्पिक तिथि पर मार्च का आयोजन संभव होगा तो याचिकाकर्ता के वकील ने दो नवंबर को उपयुक्त बताया।





आप सभी को
दीपावली एवं भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनायें


आप सभी को दीपावली एवं भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
गुप्ता मिष्ठान भंडार स्टेशन रोड, पूरनपुर
हमारे यहां सभी प्रकार की देशी घी की मिठाईयां उपलब्ध है।
प्रो. संजीव गुप्ता
रितेश गुप्ता


आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
कुमार राइसमिल, कुमार सीड्स
आसाम रोड, पूरनपुर
• प्रो. नवीन गुप्ता • प्रो. अमित गुप्ता




आप सभी को दीपावली एवं भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
महादेव राइस मिल बण्डा रोड, पूरनपुर
हर्ष शर्मा
डिंपल


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली भैयादूज, गोवर्धन पूजा
एवं गुरुनानक जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मा. जितिन प्रसाद जी
पीलीभीत सांसद / केन्द्रीय राज्य मंत्री
मा. बाबूराम पासवान जी
विधायक पूरनपुर
डा. सुधीर गुप्ता जी
एम.एल.सी. पीलीभीत- शाहजहाँपुर
शैलेन्द्र गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पूरनपुर
एवं समस्त सम्मानित सभासदगण


आप सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली एवं भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
राइस मिलर्स एसोशिएशन, पूरनपुर
ब्रजेश गुप्ता (अध्यक्ष)
के.टी. इंडस्ट्रीज
मो. 9412586282
विनय गुप्ता
सचिव
अजमेर सिंह छीना
संरक्षक
रिंकू
कोषाध्यक्ष
आकाश खण्डेलवाल
कोषाध्यक्ष

न्यूज ब्रीफ

### जानलेवा हमले के दो आरोपी भेजे जेल

**जहानाबाद, अमृत विचार :** जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे ग्राम बरातबोझ निवासी रामचरन पुत्र भीमसेन और नंदलाल पुत्र रामचरन को पुलिस ने सहगवां नगरिया तिराहे से गिरफ्तार किया। आरोपियों से लाठी फंटी बरामद की गई। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुरहीरा निवासी कृष्ण पाल अपने भाई कुलदीप के साथ बाइक से मिट्टी के दीपक बेचने के लिए ग्राम अखोली जा रहे थे। ग्राम बसारा के पास रम्पुरा रना निवासी ओमपाल की साइकिल से बाइक टकरा गई। तीनों लोग मार्ग पर गिरकर घायल हो गए। ग्राम अमृता खास निवासी वीरू पुत्र रामसनेही अपनी बाइक से बीसलपुर से अमृता जा रहे थे। नगर के ईदगाह चौराहे पर अंकित रेस्टोरेंट के समीप तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह मार्ग पर गिरकर घायल हो गया। इसके अतिरिक्त नगर के मोहल्ला बख्तावर लाल निवासी अजय कुमार हादसे में घायल हो गए।

### महिला के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अमरिया कस्बे की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी भांजी की शादी राहुल नामक युवक से तय हुई थी। राहुल खुद को विदेश में रहने वाला बताता था। भांजी ने उसके पुत्र से कहा कि राहुल उसके खाते में रुपये भेजेगा, जिसे निकालकर उसे दे देना। इस पर उसके पुत्र ने आनलाइन सुविधा न होने की बात कहते हुए अपने परिचित के खाते में रुपये ट्रांसफर कराकर निकालकर देने की बात कही। इसी प्रक्रिया के तहत कई बार राहुल द्वारा भेजे गए रुपये भांजी को दिए गए और कई बार उसके लिए सामान भी खरीदकर दिया। आरोप है कि कुछ समय पूर्व उसकी बहन, उसका पति और भांजी का मंगेतर उसके पुत्र पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। उसकी अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया। जिसके एवज में 15 हजार रुपये की मांग की जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# हाईवे समेत मार्गों पर नहीं दिखाई देंगे नंदी

## बहादुरपुर हुक्मी और मीरापुर में लाखों की लागत से बनाई जा रही नंदीशाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अब हाईवे समेत मार्गों पर सांड़ उत्पात नहीं मचा सकेंगे। इन छुट्टा सांड़ों को पकड़कर नंदी शालाओं में संरक्षित किया जाएगा। इन छुट्टा सांड़ों को संरक्षित करने के लिए जनपद में दो नंदी शालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। पशुपालन विभाग के अफसरों की मानें तो नंदी शालाओं का निर्माण पूरा होते ही सांड़ों को पकड़ने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया जाएगा।



शहर में एक पॉश कॉलोनी में सड़क पर भिड़ते सांड़। ● अमृत विचार

जनपद में अभी तक गोवंश संरक्षण के नाम पर महज छुट्टा गायों को ही पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित किया जा रहा है। जनपद में 60 से अधिक अस्थाई और स्थाई गोशालाएं हैं। इन गोशालाओं में 6000 से अधिक गोवंशों को संरक्षित किया गया है। खास बात यह है कि गोवंश संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इतना सब कुछ होने के बाद भी छुट्टा पशुओं की समस्या खत्म न होने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन किसान संगठन फसलों को तबाह कर रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए ज्ञापन भी देते आ रहे हैं। जिम्मेदारों का दावा है कि शहर से लेकर गांवों तक छुट्टा पशुओं को पकड़ने की लगातार कवायद भी चल रही है। प्रायः देखा गया है कि इन गोवंशों के झुंड में सांड़ों की संख्या भी खासी होती है। सड़कों पर उत्पात मचाने में भी छुट्टा सांड़ों की भूमिका सबसे ज्यादा होती है। जनपद में सांडों के हमलों से अब कुछ लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं। इधर अब शासन ने इन छुट्टा सांड़ों (नंदी) को भी संरक्षित करने की कवायद शुरू की है। इसी क्रम जनपद में भी इस कवायद को शुरू किया गया है। पशु पालन विभाग के मुताबिक अब जनपद की सड़कों से लेकर ग्रामीण अंचलों में उत्पात मचाने वाले सांड़ों को जल्द पकड़वाकर गोशालाओं में संरक्षित किया जाएगा।

- **बहादुरपुर हुक्मी में 250 और मीरापुर में 100 से अधिक नंदी हो सकेंगे संरक्षित**

जनपद में खुले में घूम रहे नंदी को को भी संरक्षित किया जाएगा। इसके लिए जनपद भर में दो नंदीशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। इन गोशालाओं का निर्माण पूरा होते ही नंदी को संरक्षित किया जाएगा। – **डॉ. पीके त्यागी**, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

### दो नंदीशालाओं में होंगे संरक्षित, चल रहा निर्माण

छुट्टा सांडों को संरक्षित करने लिए अभी तक जनपद में महज देवीपुरा गोशाला में ही व्यवस्था है। यहां भी मात्र एक बाड़ा बनाकर छुट्टा सांडों को संरक्षित किया गया है। मगर, सांड़ों की संख्या को देखते हुए यह नाकाफी हैं। इधर सड़कों पर घूम रहे छुट्टा सांडों को संरक्षित करने के लिए बरखेड़ा ब्लाक के गांव बहादुरपुर हुक्मी और मरौरी ब्लाक के मीरापुर में नंदीशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। पशु पालन विभाग के अफसरों के मुताबिक बहादुरपुर हुक्मी नंदीशाला में 250 एवं मीरापुर स्थित नंदीशाला में 100 से अधिक सांड़ों को रखेने की व्यवस्था की जा रही है। छुट्टा सांड़ों को पकडकर इनमें संरक्षित किया जाएगा।

# बर्न यूनिट और इमरजेंसी में अतिरिक्त बेड, टीम सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पटाखों से होने वाले हादसों से निपटने को मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में तैयारियां पूरी**

**अमृत विचार :** दिवाली पर्व पर आतिशबाजी के बीच हादसे का खतरा भी बना रहता है। जरा सी लापरवाही कई बार त्योहार की चमक को धुंधला कर देती है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। पटाखों से होने वाले संभावित हादसों को देखते हुए जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी स्तर तक आपात व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर दी गई हैं। बर्न यूनिट और इमरजेंसी वार्ड में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है, वहीं चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी विशेष रोस्टर के तहत तय कर दी गई है।

बता दें कि सोमवार को दिवाली का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन जमकर आतिशबाजी होती है। ऐसे में कई लोग हताश और चोटिल हो जाते हैं। इन संभावित हादसों को देखते हुए मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी वार्ड और बर्न यूनिट में बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। इमरजेंसी में 20 और 30 से अधिक बेड रिजर्व किए गए हैं। इसके अलावा फिजीशियन, चर्म रोग, सर्जरी, मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। 24 घंटे ड्यूटी के हिसाब से डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ समेत अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। दिवाली वाले दिन डॉक्टर ऑनकॉल रहेंगे। इसके अलावा जूनियर रेजिडेंट, ईएमओ और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी विशेष रोस्टर के तहत तय कर दी गई है, ताकि किसी भी स्थिति में तत्काल उपचार उपलब्ध हो सके।

सीएमएस डा. रमाकांत सागर ने बताया कि पटाखों से जलने या सांस फूलने जैसी स्थितियों में मरीजों के इलाज के लिए सभी आवश्यक दवाएं और उपकरण उपलब्ध करा दिए गए हैं। वहीं, पुलिस और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को फिट कर लिया गया है। उन्हें निर्धारित स्थानों पर पुलिस बल के साथ तैनात किया गया है। थाना प्रभारियों को गश्त बढ़ाने और आग से जुड़ी घटनाओं पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए गए हैं।

# सिलेंडर लीक होने से लगी आग, पिता और पुत्र झुलसे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के राजीव कॉलोनी का मामला**

**अमृत विचार :** शहर के सुनगढ़ी क्षेत्र स्थित राजीव कॉलोनी में रविवार सुबह गैस सिलेंडर लीक होने से हादसा हो गया। चाय बनाते वक्त अचानक सिलेंडर में आग लग गई। किराएदार को बचाने आए मकान मलिक और उनके तीन बच्चे बचाने के दौरान झुलस गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। उनकी हालत नाजुक है। प्राचार्य ने इमरजेंसी में पहुंचकर इलाज की व्यवस्थाओं को देखा।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के राजीव कालोनी निवासी विपिन के घर में किराएदार पवन कुमार रविवार सुबह को चाय बना रहा था, तभी अचानक सिलेंडर से गैस लीक हुई और आग भड़क उठी। पवन की चीख सुनकर विपिन और उनके बच्चे तान्या, सौरव और शुभम मौके पर पहुंचे, लेकिन तभी लपटों ने सभी को अपनी गिरफ्त में ले लिया। पड़ोसियों ने भाग-दौड़ कर किसी तरह सिलेंडर को बाहर निकाला और फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां विपिन और एक बेटे की हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार सभी का इलाज जारी है और हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा अस्पताल पहुंचीं और झुलसे हुए मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

# पीलीभीत मंडी में रात में हो रही धान खरीद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **त्योहार की आड़ में बिना केंद्र प्रभारी के ठेकेदार का खेल**
- **वीडियो हुए वायरल, जिम्मेदार बोले कराई जाएगी जानकारी**

**अमृत विचार :** धान खरीद को लेकर अब पीलीभीत मंडी समिति का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें भी रात के वक्त एक क्रय केंद्र पर धान खरीद होती दिखती रही। बताते हैं कि तीन दिन तक होने वाले अवकाश से पूर्व बीती रात कुछ जिम्मेदार खेल कर गए। दिन में ही इसकी साठगांठ कर ली गई थी। वीडियो वायरल होने के बाद खलबली मची रही। हालांकि जिम्मेदार इसकी जानकारी करने की बात कह रहे हैं।



पीलीभीत मंडी समिति में आढ़तों के बाहर धान का फोटो। ● अमृत विचार

तीन अक्टूबर से शुरू हुई धान खरीद धीरे-धीरे तेजी पकड़ रही है। दिवाली पर्व को लेकर अवकाश है। ऐसे में रविवार, सोमवार और मंगलवार तीन दिन सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद नहीं होगी। गत कुछ दिनों में धान खरीद को लेकर कुछ आरोप भी लगते रहे हैं। भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष ने गैर जनपद से लाए जा रहे बिचौलियों के धान की ट्रैक्टर ट्रॉलियां रोकी तो उन पर फायरिंग कर दी गई। जिसकी एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। शुरुआत में ये मामला खासा सुर्खियां बना। नामजद किए गए राइस मिलर की गिरफ्तारी की मांग की गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने भी पीलीभीत पहुंचकर डीएम एसपी से मुलाकात की थी। इसके बाद मामला शांत है। अभी कुछ दिन पहले ही नियम विरुद्ध तरीके से रात के वक्त धान खरीद होने का मामला पूरनपुर मंडी समिति से उजागर हुआ था। डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ला ने ठेकेदार की फटकार लगाई। जिसके बाद असर भी दिखा। मगर, इसके बाद अब इसी तरह का एक मामला पीलीभीत मंडी समिति से सामने आया है। जिसमें बताया जा रहा है कि तीन दिन के अवकाश से पूर्व शनिवार रात को मंडी समिति में एक क्रय केंद्र पर प्रभारी की मौजूदगी के बिना कुछ जिम्मेदार धान खरीदने में जुटे हुए थे।इसे लेकर ये भी चर्चाएं रही कि दिन में ही संबंधित लोगों से धान खरीदने को लेकर सेटिंग कर ली गई थी। फिलहाल इसे लेकर खलबली मची रही।

### पुलिस बल भी मुस्तैद, अफसरों ने की गश्त



पर्व को देखते हुए सुरक्षा के चाक चौबंद इस्तेजाम किए गए हैं। शनिवार रात को धनतेरस पर बाजारों में भीड़ रही और सुरक्षा व्यवस्था सख्त। बाजार में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा और अफसर भ्रमण करते रहे। दिवाली को लेकर भी सख्ती जारी रहेगी। इसे लेकर एसपी अभिषेक यादव, सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान व्यापारियों से भी संवाद किया गया।





## न्यूज ब्रीफ

### छोटी दिवाली पर गुलजार रहा बाजार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** छोटी दीपावली पर बीसलपुर का बाजार गुलजार रहा। प्रतिष्ठानों पर रविवार सुबह से ही ग्राहकों ने खरीदारी करनी शुरू कर दी, जिसका सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां, झालरें व सजावट का अन्य सामान खरीदते रहे। इलेक्ट्रॉनिक झालरों की भी खूब बिक्री हुई। स्वदेशी सामानों को लोगों ने खासा पसंद किया। दीये की भी खरीदारी की जाती रही।

### मझोला में खूब हुई खरीदारी

**मझोला, अमृत विचार :** दिवाली पर कस्बे का बाजार में रौनक रही। सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी। बर्तन की दुकानों पर विशेष सजावट की गई थी, जहां ग्राहकों ने शुभ मुहूर्त में तांबे, पीतल, स्टील और चांदी सिक्के घर की सजावट के सामान, दीपक, मूर्तियां खरीदी गई। गिफ्ट मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूमों पर ग्राहकों की कतार रही। बाइक शोरूमों पर भी ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ रही।

### पूर्व जिपं अध्यक्ष के निधन पर हुई शोकसभा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम बड़ागांव में क्रांतिकारी विचार मंच की ओर से एक शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बुद्धसेन वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति को प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रांतीय संरक्षक देव स्वरूप पटेल ने विचार रखे। भाजपा नेता डॉ. रत्नेश गगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

### शनि देव पूजा महोत्सव किया आयोजित

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित खाटूश्याम मंदिर में शनि देव पूजा महोत्सव आयोजित किया गया। नगरपालिका सभासद अनुपम मित्तल, आलोक मित्तल, अनुजमित्तल, अंकुर मित्तल आदि श्रद्धालु शामिल हुए और पूजा अर्चना की।

### महिला पर किया हमला

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद की निवासी देवव्रत की पत्नी सुनंदा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस के एक परिवार से उनका विवाद है। इसी के चलते आरोपी ने गाली गलौज की। विरोध करने पर डंडे से वार करके घायल कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

# एथलीट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जीते मेडल

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** तीन दिवसीय जनपदीय एथलीट प्रतियोगिता में स्कोरवेल स्कूल के विद्यार्थियों ने 10 मेडल जीते हैं, जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है।

लखीमपुर के राजकीय इंटर कॉलेज में हुईं एथलीट प्रतियोगिता में लखीमपुर रोड स्थित स्कोरवेल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए चार गोल्ड सहित कुल 10 मेडल अर्जित कर अपने स्कूल का परचम लहराया।

जयसिंह, रुद्रादित्य, नैमिष मित्रा, दिव्या शुक्ला, तैयबा ने टीम कोच नृपेंद्र राज, टीम मैनेजर शिशिर कुमार के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि प्राप्त की।



विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर प्रमाणपत्र देते अतिथि।

# दिवाली से पहले नगर पालिका ने कराई सड़कों की मरम्मत

- कई वार्ड में हुए गड्ढामुक्त कार्य, पर्व पर मिली कुछ राहत
- रोडवेज, स्टेशन रोड समेत कई जगह भरवाए गए सड़क पर गड्ढे

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** शहर के कई इलाकों में नगर पालिका की ओर से गड्ढों की मरम्मत का काम कराया गया है। दिवाली से पूर्व इस गड्ढा मुक्ति से जुड़े काम को करा दिया गया। जिससे राहगीरों को कुछ राहत मिल सकी है। हालांकि अभी भी कई इलाकों की सड़कें जर्जर है। जिसका सुधार नहीं हो सका है।

बता दें कि नगर पालिका में सभासदों के दो गुटों के बीच लंबे समय से रार छिड़ी हुई है। कई शिकायतें हो चुकी है, जिनकी जांच अभी भी लंबित है। दोनों पक्षों की ओर से विकास कार्य ठप होने और जानबूझकर ऐसा करने का आरोप लगाया जा चुका है। इन दिनों त्योहारी सीजन में कुछ राहत देने के लिए नगर पालिका के स्तर से कदम उठाए गए।

शहर के कई हिस्सों में सड़कें जर्जर थी। कुछ ऐसी सड़कें भी रही, जिनकी मरम्मत होना था। रोडवेज के बाहर, रेलवे स्टेशन रोड समेत कई सड़कों पर गड्ढे हो गए थे। दिवाली से पहले इन पर काम करा दिया गया है। टेंडर के बाद ठेका किया गया और फिर इन सड़कों के गड्ढे भर दिए गए है। देर रात तक काम चला और फिर गड्ढों को भरा गया। जिससे राहगीरों को राहत मिली है।



रोडवेज के सामने मंदिर के बाहर भरे गए सड़क के गड्ढे। ● अमृत विचार

### मोहल्ला मोहम्मद फारुख की सड़क बदहाल

कई इलाके अभी भी ऐसे हैं, जहां की सड़कें लंबे समय से बदहाल है। उनका सुधार अभी नहीं हो सका है। ठेका चौकी से शेर मोहम्मद मोहल्ले को जाने वाली सड़क पर तो पैदल निकलना भी दूभर है। इस पर भी कोई काम नहीं हो सका है। मोहल्ला मोहम्मद फारुख की सड़क भी बदहाल है। कई बार हादसे भी हो चुके हैं। मगर समाधान नहीं हो सका है। ईओ संजीव कुमार ने बताया कि सड़कों की मरम्मत कराई गई है। जो सड़कें जर्जर हैं, उनका भी सुधार जल्द कराया जाएगा।

रोडवेज के पास लंबे समय से मंदिर के बाहर की तरफ सड़क का हिस्सा जर्जर हो चुका था। एकता सरोवर के नजदीक भी गहरे गड्ढे हो गए थे।इसे टीम लगाकर सुधार कराया गया।

शहर से बरेली हाईवे पर जाने वाले राहगीर भी इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं, जोकि ईदगाह रेलवे क्रॉसिंग होते हुए टाइगर रिजर्व की तरफ पहुंचता है। इन पर दिवाली से पहले ही काम पूरा कर लिया गया। त्योहारी सीजन में इन मार्गों पर बड़ी संख्या में यात्री भी सफर कर रहे हैं। भैयादूज भी नजदीक है। ऐसे में रोडवेज के पास की सड़क का सुधार होने से राहगीरों को राहत मिली है।

# गुलजार रहे बाजार, आज मनेगी दीपावली

## कपड़े से लेकर सराफा दुकान तक रही खरीदारों की भीड़, रंग बिरंगी झालरों से जगमग किए गए घर प्रतिष्ठान



घरों की साज सज्जा का सामान खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार



शहर के एक मकान में की गई सजावट। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** सुख समृद्धि का पर्व दिवाली आज मनाया जाएगा। घर-घर में भगवान लक्ष्मी-गणेश की पूजा होगी और दीप जलाए जाएंगे। इसको लेकर एक दिन पूर्व रविवार को त्योहार की तैयारियों में लोग जुटे रहे। बाजारों में खरीदारी की खूब भीड़ रही। शहर का कोना-कोना रंगबिरंगी झालरों की रोशनी से जगमग नजर आया। नरक चतुर्थी (छोटी दिवाली) भी मनाई गई। लोगों ने अपने घरों में दीये जलाए। वहीं, युवा अपनी पसंद का सामान खरीदने में मशगूल रहे। छोटी दिवाली (नरक चतुर्दशी) भी मनाई गई। घरों दुकानों की साफ सफाई की जाती रही।

दिवाली का उत्साह हर तरफ देखने मिल रहा है। रविवार को नरक चतुर्दशी के मौके पर लोगों ने घर-घर दरवाजे पर दीये जलाए गए और घर पर दीये रखकर सौभाग्य की कामना की गई। भवन और प्रतिष्ठानों को एक दिन पूर्व ही दुल्हन की तरह सजाया गया। बड़े भवन झालर और रोशनी में नहा उठे। जमकर आतिशबाजी हुई। दूसरी ओर धनतेरस के दूसरे दिन भी जिले के बाजारों में देर रात तक दिवाली की खरीदारी होती रही। आधुनिकता पर भारी पड़ी परंपरा लोगों ने छोटी दिवाली पर जमकर मिट्टी के पुरवा, दीयों की जमकर खरीदारी की। घर-घर में इनकी खूब खरीदारी हुई। वहीं कपड़े, मिठाइयां और गिफ्ट आइटमों के अलावा पूजा के सामान भी खूब खरीदे गए। दिवाली पर पूजन के लिए तमाम श्रद्धालुओं ने लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां भी खरीदीं। इस दिवाली मिट्टी के दीये की मांग अधिक रही। इसी तरह लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां 50 रुपये से लेकर 1250 रुपये तक की कीमतों में बाजार में उपलब्ध रहीं। यहां लोगों ने त्योहारों पर खुशियां मनाने के लिए कपड़े और मिठाइयों की जमकर खरीदारी की। इधर, सराफा बाजार भी दूसरे दिन गुलजार रहा। लोगों ने लक्ष्मी गणेश के अलावा सोने के आभूषण भी खरीदे। जिसके चलते देर रात स्टेशन रोड, गैस चौराहा, चावला चौराहा, छिपियान मस्जिद, चूड़ी वाली गली, ड्रमंड गंज चौराहा, जेपी रोड, कोतवाली रोड, चौक बाजार, लाल रोड पर भीड़ देखने को मिली। मिठाई की दुकानों पर भी खरीदार उमड़े। बाजार में कई जगह पान को स्टॉल भी लगाए गए। जिन पर परिवार समेत पहुंचे लोगों ने विभिन्न तरह के पान का भी स्वाद लिया।




नेहरू पार्क की दीवार की मरम्मत करते श्रमिक। ● अमृत विचार

# नई रंगत में फिर दिखेगा नेहरू पार्क, मरम्मत शुरू

- 1.45 करोड़ से हुआ था सौंदर्यीकरण, बरसात में ढही दीवारें और टूटी रेलिंग

**संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** टनकपुर हाईवे पर करोड़ों की लागत से सजा नेहरू पार्क बीते बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद अब नगर पालिका ने एक बार फिर इसकी खूबसूरती लौटाने को मरम्मत शुरू कराई है। क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत तेजी से कराई जा रही है और जल्द ही पार्क आमजन के लिए फिर से खोल दिया जाएगा।

बता दें कि टनकपुर हाईवे पर स्थित नेहरू पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य नगर पालिका ने पिछले वर्ष 1.45 करोड़ रुपये की लागत से शुरू कराया था। मार्च माह में शुरू हुआ कार्य अगस्त के अंत तक लगभग पूरा हो गया था, लेकिन भारी बारिश ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। पार्क की रेलिंग नाले में ढह गई, पीछे की दीवार गिर गई और फर्श सहित कई निर्माण कार्य क्षतिग्रस्त हो गए। नुकसान के बाद अब नगर पालिका ने मरम्मत का काम दोबारा शुरू कर दिया है। रविवार से मजदूरों की टीम पार्क में दीवार, रेलिंग और फर्श की मरम्मत में जुटी है। ईओ संजीव कुमार ने बताया कि जल्द ही मरम्मत कार्य पूरा कर पार्क को आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

# बसों और ट्रेनों में बढ़ी यात्रियों की भीड़

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** दीपावली मनाने के लिए रविवार को भी बड़ी संख्या में लोग घरों को रवाना हुए। इस दौरान रोडवेज बसों और ट्रेनों में भीड़ रही। कुछ स्थानों पर सीट के लिए भी मारामारी देखी गई। हालांकि स्थानीय रुटों पर परिवहन की बेहतर व्यवस्था न होने के चलते लोगों को डग्गामार वाहनों का ही सहारा लेकर अपने गंतव्य जाना पड़ा।

पंचोत्सव की शुरुआत धनतेरस से हो चुकी है। जनपद के अधिकांश लोग तो दूर-दराज शहर में नौकरी कर रहे हैं या फिर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, वे सभी अब दीपावली मनाने के लिए अपने घरों को लौट रहे हैं। कई ने तो दो से तीन महीने पहले ही ट्रेनों में रिजर्वेशन करा लिया था, जबकि बहुत से लोगों की छुट्टियों की तारीखें पक्की न होने पर तत्काल का इंतजार करते रहे, लेकिन तत्काल में उन्हें रिजर्वेशन नहीं मिल सका। इसके चलते दूसरे शहरों से आने वाले लोग जैसे तैसे बिना सीट मिले ही किसी तरह ट्रेनों से जनपद मुख्यालय तक तो आए गए। मगर शहर से आसपास नगर-कस्बों और गांवों तक जाने के लिए शहर के चौराहों पर उन्हें स्थानीय रुटों पर चलने वाली बसों का खासा लंबा इंतजार करना पड़ा। रविवार को लंबे रुटों पर ट्रेनों समेत रोडवेज बसों में अन्य दिनों की अपेक्षा खासी भीड़ देखी गई। शहर के नौगवा चौराहा, छतरी चौराहा और असम चौराहे पर लोग बसों का इंतजार करते देखे गए।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होने को सामान लेकर दौड़ लगाते यात्री।

### लचर परिवहन व्यवस्था का उठाया फायदा

जनपद की स्थानीय मार्गों पर लचर परिवहन व्यवस्था का फायदा डग्गामार वाहन संचालकों ने जमकर उठाया। शहर से माधोटांडा, पूरनपुर और बीसलपुर की ओर से जाने वाले रुटों पर डग्गामार वाहन देर शाम तक दौड़ते रहे। पूरनपुर, बीसलपुर और माधोटांडा रुट पर डग्गामार वाहन संचालकों ने मौका का फायदा उठाते हुए सवारियों को भूसे की तरह ठूंसकर उन्हें गंतव्यों तक पहुंचाया। खास बात यह रही कि इन डग्गामार वाहन के संचालन के दौरान यातायात नियमों को भी तांक रखा गया। इन तीनों रुटों पर डग्गामार वाहन चालक जोखिम को दरकिनारे कर क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाकर फर्राटा भरते देखे गए।

## हाईवे पर बस खराब होने से लगा जाम

**जहानाबाद, अमृत विचार :** बरेली हाईवे पर देवहा पुल के पास रोडवेज बस खराब होने से जाम लग गया। थाना सुनगढ़ी और यातायात पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक आवागमन बाधित रहा। मामला शनिवार रात का है। पीलीभीत डिपो की एक बस पीलीभीत से सवारियां लेकर बरेली जा रही थी। जैसे ही बस बरेली हाईवे पर देवहा पुल पर पहुंची। तभी बस अचानक खराब हो गई। जिस कारण बस बीच हाईवे पर खड़ी हो गई। बस में सवार यात्री भी नीचे उतर आए। बस चालक और परिचालक ने बस को ठीक करने का प्रयास किया लेकिन बस ठीक नहीं हो सकी। बस बीच सड़क पर खड़ी होने के कारण हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। सूचना पुलिस को दी गई। थाना सुनगढ़ी और यातायात पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को सड़क से हटवाया। टीएसआई राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बस खराब होने के चलते जाम लगा था। सूचना मिलने पर टीम पहुंची और आवागमन चालू करा दिया था।

# वन कर्मचारियों ने स्टैंड और बसों में की चेकिंग

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** दीपावली के मद्देनजर अवैध शिकार और अवैध वन्यजीव सामग्री की तस्करी को लेकर वन विभाग खासी सतर्कता बरत रहा है। इसको लेकर वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीमों ने बस स्टैंड समेत सड़कों पर खड़ी बसों आदि पर चेकिंग की। इस दौरान टीमों ने यात्रियों के सामान की चेकिंग कर आसपास घूम रहे लोगों से भी पूछताछ की।

दिवाली को लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अलर्ट किया गया है। दरअसल दीपावली के आसपास अवैध शिकार की घटनाएं बढ़ जाती हैं। अलर्ट जारी होने के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व और वन एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से सुरक्षा बंदोबस्त एवं निगरानी बढ़ाई गई है।

जंगल क्षेत्र में अवैध घुसपैठ और शिकार को रोकने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वनकर्मी सघन गशत कर रहे हैं। वहीं वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीमें लगातार जंगल क्षेत्र से बाहर पूरे जनपद में निगरानी कर रही है। इधर वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीमों ने बस स्टैंडों समेत हाईवे समेत अन्य सड़कों से गुजर रही बसों कों की चेकिंग की।

इस दौरान टीमों ने यात्रियों के सामान की चेकिंग करने के साथ संदिग्धों से पूछताछ की। आसपास की पान और चाय की दुकानों पर भी चेकिंग करने के साथ पूछताछ की। इधर वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने अवैध कटान ओर अवैध शिकार को लेकर खासी सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। वन एवं वन्य प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके के मुताबिक वन्यजीव अधिनियम और भारतीय वन अधिनियम के तहत अवैध कटान और अवैध शिकार का मामला प्रकाश में आने पर सख्त कार्रवाई की जाती है। यदि इस प्रकार की कोई घटना प्रकाश में आती है तो संबंधित व्यक्ति क्षेत्रीय वनाधिकारी पीलीभीत के मोबाइल नंबर 9473653055, क्षेत्रीय वनाधिकारी पूरनपुर 7080642470, क्षेत्रीय वनाधिकारी बीसलपुर 7906027087 और डीएफओ के मोबाइल नंबर 7839435121 पर संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि जानकारी देने को उचित इनाम देने के साथ उसका नाम और पहचान भी गोपनीय रखी जाएगी।



बस से उतरे यात्री के सामान के संबंध में जानकारी लेते वन अफसर। ● अमृत विचार

- अवैध शिकार एवं कटान की सूचना देने के लिए जारी किए मोबाइल नंबर

# रामलीला मैदान में लगा आतिशबाजी बाजार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** दीपावली की रौनक अब शहर की फिजाओं में घुल चुकी है। रोशनी के इस पर्व से पहले रामलीला मैदान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा है। मैदान में सजा अस्थायी पटाखा बाजार लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया है, जहां 150 से अधिक दुकानों पर आतिशबाजी की चमक और खरीदारों की भीड़ दोनों नजर आ रही हैं। उत्साह के बीच सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दमकल विभाग ने पानी टैंकर और बचाव उपकरणों की पूरी व्यवस्था की है, वहीं प्रशासनिक अफसरों ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा।

हर बार की तरह इस दिवाली के पर्व पर आतिशबाजी की दुकानों के लिए प्रशासन की ओर से अस्थायी लाइसेंस जारी किए गए हैं। इस दिवाली करीब 150 से अधिक दुकानें लगी हैं। वहीं शहर में स्थाई लाइसेंस पर काम करने वाले तीन दुकानदारों ने अलग भी काउंटर लगाए। दिवाली से पहले ही आतिशबाजी की बिक्री शुरु हो गई। दिवाली से एक दिन पहले रिकॉर्ड तोड़ बिक्री हुई। आलम यह रहा कि हर किसी ने न्यूनतम एक हजार से अधिकतम 20 हजार रुपये तक की आतिशबाजी खरीदी। इस बार सबसे अधिक मिट्टी वाले अनार, रॉकेट और 15 शॉट की डिमांड अधिक रही। छोटे बच्चों के लिए भी झूमर, झालर, चरकी आदि खूब बिके। छोटी दिवाली पर सुबह से ही आतिशबाजी की दुकानों पर खूब आतिशबाजी बिकी। पिछले की तुलना ही रेट निर्धारित थे। मगर कारोबार पिछली बार की तुलना में अधिक होने की उम्मीद है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि सदर तहसील में लॉटरी पड़ी। लॉटरी खुलने के बाद रामलीला मेला मैदान में अस्थाई बाजार की अनुमति दी गई है। मेला मैदान पर दुकानें लगने लग गई है और खरीदारों की भीड़ भी बढ़ने लगी है। फायर की गाड़ी के साथ फायरमैन की ड्यूटी भी लगाई गई है।



रामलीला मैदान में लगी दुकान से आतिशबाजी खरीदते युवा। ● अमृत विचार

- दमकल विभाग ने कराई पानी समेत बचाव के संसाधन की व्यवस्था

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव बांसी निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

परिजनों ने उसे सीएचसी भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए सीएचसी से शव लेकर चले गए। क्षेत्र के गांव बांसी निवासी अजय मिश्रा (32) पुत्र वीरेंद्र कुमार को परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में जब तक स्टाफ द्वारा लिखा पढ़ी की जाती तब तक परिजन शव लेकर गांव चले गए। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है।

# सर सैयद का विजन गूंजा, पहुंचे पूर्व छात्र

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के संस्थापक, महान शिक्षाविद सर सैयद अहमद खान को उनकी 208वीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। शहर के एक बरात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की गई। इसमें एएमयू के पूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत कुरान ख्वानी से हुई। इसके बाद वक्ताओं ने सर सैयद का विज़न और आधुनिक भारत में शिक्षा की भूमिका विषय पर विचार रखे। जोर दिया कि सर सैयद अहमद खान केवल एक विश्वविद्यालय के संस्थापक नहीं थे, बल्कि वे एक दूरदर्शी थे जिन्होंने 19वीं शताब्दी के अंत में ही यह समझ लिया था कि मुस्लिम समाज और राष्ट्र की प्रगति केवल आधुनिक विज्ञान और तर्कसंगत शिक्षा को अपनाने से ही संभव है। ओल्ड बॉयज़ एसोसिशन के अध्यक्ष एमए जिलानी ने कहा कि सर सैयद के ख़िदमाती कामों को नहीं भुलाया जा सकता। उनका कहना था एक हाथ में कुरान और दूसरे में विज्ञान की पुस्तक होनी चाहिए। उन्होंने धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक चेतना के बीच समन्वय स्थापित करने का मार्ग दिखाया। समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस मौके पर जावेद अहमद ,नासिर कमाल, वसीम खान, मोहम्मद नदीम, अखलाक हसन खान, कमालुद्दीन खान आदि मौजूद रहे।




शहर के एक बरात में घर में हुए कार्यक्रम में एएमयू के पूर्व छात्र। ● अमृत विचार

- शहर के एक बरात घर में आयोजित किया कार्यक्रम

आप सभी को
दीपावली एवं भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनायें




संघर्ष करेंगे काम करेंगे – मिशन 2026 दिखावा नहीं सेवा करेंगे
ग्राम पंचायत हरदासपुर कुलारा फार्म
वार्ड नं.–17 जिला पंचायत
से किसानों की आवाज बुलंद करने वाले प्रबल दावेदार
की तरफ से आप सभी को
धनतेरस, दीपावली, भाई दूज, छठ पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं
स. बलजीत सिंह टालीवाल
(पूर्व प्रधान कुलारा फार्म)
Mob.: 99271 47772, 70888 68609




एल.एच. शुगर फैक्ट्रीज लि., पीलीभीत
दीपावली की पावन बेला पर क्षेत्र के समस्त गन्ना कृषकों, गन्ना सोसायटी के निदेशकगण, जिला प्रशासन के अधिकारियों, फैक्ट्री कर्मचारियों व क्षेत्रवासियों को चीनी मिल परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
चीनी मिल की उपलब्धियां
1. रिफाइन्ड शुगर का उत्पादन पेराई सत्र 2023-24 से। 2. किसान भाईयों को समय पाबन्द गन्ना मूल्य भुगतान। 3. विद्युत उत्पादन व ग्रिड को सप्लाई करके राष्ट्रहित में योगदान। 4. ऐथनाल उत्पादन कर राष्ट्रहित में योगदान।
किसान भाईयों से अपील
किसान भाई रोगग्रस्त गन्ना सप्लाई न करें। बोने से पहले बीज को शोधित करवायें व ताजा, जड़, अगौला रहित गन्ना फैक्ट्री को सप्लाई करें। किसान भाई बिना सप्लाई टिकट (पर्ची) के अपने गन्ने की छिलाई न करें। आइय इस दीपावली के शुभ अवसर पर दृढ़ संकल्प लें कि हम सब क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देंगे।

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
लालता प्रसाद, ग्राम प्रधान
वीरेन्द्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- भिंडारा विकासखंड- अमरिया जनपद -पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
सुलिन्दर सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरदासपुर
विकासखंड- अमरिया
जनपद -पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज
मझोला, पीलीभीत
चौधरी वीर पाल सिंह, अध्यक्ष
सुरेन्द्र मल्ल, प्रबन्धक
सत्येन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य

समस्त क्षेत्रवासियों दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
देवेश सिंह
उर्फ पप्पू भइया
वरिष्ठ भाजपा नेता
निवास रामपुर बसंत बिलसंडा पीलीभीत

समस्त क्षेत्रवासियों दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
अंग्रेज सिंह
युवा भाजपा नेता
निवास - शीतलपुर मरौरी
बिलसंडा पीलीभीत

समस्त क्षेत्रवासियों दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
लाल बहादुर शास्त्री महारानी लक्ष्मीबाई पब्लिक मेमोरियल जू.हा. स्कूल
मुड़िया बिलहरा बिलसंडा पीलीभीत
बृजेश वर्मा
प्रबंधक

समस्त क्षेत्रवासियों दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
रूप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज
गोला रोड, बिलसंडा पीलीभीत
शिवेंद्र कुशवाहा
प्रबंधक
रामरतन कुशवाहा
संरक्षक

समस्त क्षेत्रवासियों दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री नरेश फिलिंग स्टेशन
बीसलपुर, बिलसंडा पीलीभीत
विक्रम नरेश जायसवाल
प्रबंधक

समस्त क्षेत्रवासियों दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव गुप्ता
जेई
लोक निर्माण विभाग
बिलसंडा, पीलीभीत

समस्त क्षेत्रवासियों दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
रश्मि धर्मेंद्र (आर डी) पब्लिक इंटर कॉलेज
मार रोड, बिलसंडा पीलीभीत
डी.के. कुशवाहा
निदेशक/संस्थापक
रश्मि सिंह (प्रबंधक)

समस्त क्षेत्रवासियों दीपावली एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश सिंह
उर्फ बबलू भैया
चेयरमैन
गन्ना विकास समिति, बीसलपुर
निवास – ग्राम सिमरौली
बिलसंडा पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
कामिनी देवी पत्नी सोनू कश्यप उचित दर विक्रेता
ग्राम पंचायत गुलडा मचवापुर विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेम प्रकाश वर्मा
रोजगार सेवक मनरेगा
ग्राम पंचायत पैनिया रामकिशन
विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
वैभव गुप्ता उर्फ पिंटू
नरेश चन्द्र गुप्ता
नरेश किराना स्टोर मेन रोड बरखेड़ा कला पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद चौहान
जिला अध्यक्ष
आदर्श कोटेदार संघ पीलीभीत
राधा देवी
उचित दर विक्रेता
ग्राम पंचायत पुरैना वि.खं. बरखेड़ा कला पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
तारावती पत्नी श्रीपाल
सभासद वार्ड नंबर एक कुंदनपुर प्रथम नगर पंचायत बरखेड़ा कला पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
रामऔतार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पुरैना
विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्रपाल
रोजगार सेवक मनरेगा
निवासी- ग्राम पंचायत खजुरिया पचपेड़ा
विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत

समस्त जनपद वासियों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
कुंदनलाल
उचित दर विक्रेता
ग्राम पंचायत पिपरिया मंडन
विकास खंड बरखेड़ा कला पीलीभीत









प्रस्तुतिः- गोपीचंद्र लखीमपुर मो 8858047588, मो वसीम महंगापुर मो 9919192280 गोविंद कुमार सम्पूर्णानगर मो 9794336472 अश्वनी बाजपेई बेहजम मो 7355137198 मो कय्यूम मितौली मो 9792828358 अवनीश मिश्रा लालू जे,बी,गंज 9120239796 देवरजन मिश्रा मोहम्मदी 90445 21621 श्रीकांत सिंह जंगबहादुरगंज मो 8707215251 विपुल मिश्रा 95063 25599 आनन्द शुक्ला सिंगाही 94502 28568, ओम नारायण शुक्ला धौरहरा मो 98398 43930

































# आप सभी को दीपावली एवं भैयादूज की हार्दिक शुभकामनायें

प्रस्तुति- गोला गोकर्णनाथ-कामता सिंह कुशवाहा 9415460831, विवेक दीक्षित 9450206145. रोशननगर- आनंद प्रकाश अग्निहोत्री 9670542973. मूड़ा सवारान-धीरज सोनी 9984522968. मैलानी-अशफाक मंसूरी 6394119611. बग्घून-शिवम दीक्षित 9695283413.

Happy Diwali
Let the festival of lights bring you joy, prosperity, and happiness.
ROOPVIBES.COM

समस्त पंचायत वासियों, नगरवासियों और शुभचिंतकों को दीपावली, गंगास्नान और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अच्छे विकास कार्यों के लिए पुरस्कृत ग्राम पंचायत
राजेश गिरि
ग्राम प्रधान
ललित वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गोला देहात, ब्लाक कुंभी खीरी

समस्त देश वासियों, क्षेत्र वासियों, ग्रामवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, गंगा स्नान की हार्दिक शुभ कामनाएं,
जानकी पैलेस
ममरी रोड रोशननगर
बुकिंग के लिए सम्पर्क करे
प्रेम चन्द वर्मा पूर्व प्रधान पति रोशननगर खीरी
मो 9838394277, 9598420642

नई सोच — नया विकास
मिलेगा आप सभी का साथ...... तो होगा ग्राम पंचायत का चहुँमुखी विकास..........
समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनायें
नई सोच, नई उम्मीद के साथ कर्मठ, सुयोग्य, शिक्षित संघर्षशील एवं लोकप्रिय उम्मीदवार
ग्राम पंचायत ग्रन्ट डाटपुर से प्रधान पद हेतु
आपका अपना :-
हरिश्चन्द्र गौतम
मो. 9670798536 सुपुत्र : श्री डोरीलाल गौतम
निवासी :- ग्राम व पोस्ट - रामपुर डाटपुर, जिला - लखीमपुर (खीरी)

समस्त देशवासियों, क्षेत्रवासियों, ग्रामवासियों को धनतेरस, दीपावली, गंगास्नान और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार भार्गव
प्रधान पद के प्रत्याशी
ग्राम पंचायत बाबरपुर पोस्ट रोशननगर खीरी 9792368890

आप सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्रि, दीपावली, गोवर्धनपूजा एवं भाईदूज, गंगा दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं
महादेव इण्टरप्राइजेज
प्रोपाइटर : रमाकांत वर्मा (बेलहरी वाले)
पता: सी०जी०एन० पी०जी० डिग्री कॉलेज के ठीक सामने, निकट शिव शंकर आयुष क्लीनिक, लखीमपुर रोड, गोला (खीरी)
अधिकृत डीलर इलेक्ट्रिक स्कूटी
सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स
बम्पर धमाका हर स्कूटी पर निश्चित उपहार मुफ्त
पेट्रोल की टेंशन खत्म अब चार्ज करो और चल पड़ो
नकद स्कूटी 35000 में 5 बैट्री में 90 किमी. के साथ
डॉ. अनुराग पटेल संरक्षक
मो. 9260948450,9984994015
लक्ष्य ग्राफिक्स 9670153135

समस्त क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास किया है विकास करेंगे
सचिन वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जमुनहा पोस्ट सौखियाँ ब्लाक बांकेगंज जिला खीरी

समस्त देशवासियों, क्षेत्रवासियों, ग्रामवासियों को धनतेरस, दीपावली, गंगास्नान और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति बी पैक्स रोशननगर
नरेश चन्द अग्निहोत्री अध्यक्ष — दीप सिंह यादव सचिव
सुरजन सिंह उपाध्यक्ष, संचालक कमला देवी, रामजानकी, बोधे सिंह, दाताराम, ओम प्रकाश

समस्त क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों को धनतेरस, दीपावली और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
सभी निरोग एवं स्वस्थ्य रहें, यही कामना
मोहम्मद उस्मान अयूबी
प्रभारी चिकित्साधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ककरहा विकास खण्ड मितौली-खीरी

समस्त नगरवासियों, क्षेत्रवासियों, को धनतेरस, दीपावली, गंगास्नान और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्ध सोने व चांदी के आभूषणों के विक्रेता
अंकित ज्वैलर्स
पूर्वी दीक्षिताना गोला गोकर्णनाथ-खीरी
प्रांतीय महामंत्री
अखिल भारतीय साहित्य परिषद अवध लखनऊ
प्रो. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी

समस्त पंचायतवासियों को दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत के विकास के लिये तत्पर
शंकरलाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सुआबोझ ब्लॉक बांकेगंज-खीरी

Happy Diwali

समस्त ग्राम वासियों क्षेत्र वासियों को प्रकाश पर्व दीपावली एवं भाई दूज की हार्दिक मंगल कामनाएं
राकेश पाण्डेय
प्रधान पति
ग्राम पंचायत गोविंदापुर विकास क्षेत्र बिजुआ जिला लखीमपुर (खीरी)

समस्त क्षेत्र वासियों एवं शिक्षक बंधुओं को विद्यालय स्टाफ की ओर से प्रकाश पर्व दीपावली एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
वीरेंद्र कुमार
प्रधानाध्यापक
संविलियन विद्यालय भटपुरवा कॉलोनी विकास क्षेत्र बांकेगंज जनपद लखीमपुर (खीरी)

समस्त नगरवासियों, पार्टी पदाधिकारियों को दीपावली, भैयादूज, छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता कौर
जिला मंत्री
भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा लखीमपुर खीरी
निवासी ग्राम सुखचैनापुर ग्राम पंचायत सुआबोझ, मैलानी

समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों, डीलरों, प्रगतिशील फार्मर्स को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
एस एस एग्रो इंडस्ट्रीज बरेली एवं एएसजी एग्रो केमिकल्स
उच्चकोटि के पेस्टिसाइड्स की प्रतिष्ठित एवं पुरानी फर्म
तिलहर, शाहजहांपुर
संजीव कुमार सिंह
मैनेजिंग डायरेक्टर
एएसजी एग्रो केमिकल्स
हेड ऑफिस ग्वालियर (एमपी)
रीजनल ऑफिस तिलहर (यूपी)
राजीव कुमार सिंह
मैनेजिंग डायरेक्टर
एस एस एग्रो इंडस्ट्रीज बरेली

समस्त क्षेत्रवासियों, नगरवासियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज और कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं
समाजवादी पार्टी
विनय तिवारी
पूर्व विधायक
139 विधान सभा क्षेत्र गोला गोकर्णनाथ-खीरी

दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की शुभकामनाएं
रोटरी क्लब गोला संेट्रल
Happy Diwali
अध्यक्ष
रो० अभिषेक राजपूत
सचिव
रो०प्रमोद वर्मा (एड०)

सभी नगर एवं क्षेत्रवासियों को दीपावली भैयादूज और गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं
NEW JAI LAXMI LOGISTICS & HANDLING PVT. LTD.
PANKAJ SINGH
Managing Director
Badal Nagar, Lakhimpur Road, Gola Gokarnnath-262802 Distt- Kheri (U.P.)
Tel.: 05876-233505, 9793003377
E-mail: ltc_laxmigroup@rediffmail.com

# 54 साल बाद खोला गया बांके बिहारी मंदिर का खजाना

## 1971 से बंद तोशाखाना को उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के आदेश पर धनतेरस को खोला

मथुरा एजेंसी

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर के 1971 से बंद तोशाखाना (खजाना) को उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के आदेश पर धनतेरस (शनिवार) को करीब 54 वर्षों बाद खोला गया। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी पुष्टि की। उच्चतम न्यायालय ने अगस्त 2025 के अपने आदेश में मंदिर के दैनिक कार्यों की देखरेख के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त अंतरिम समिति का गठन किया था।

- **कुछ बर्तन, लकड़ी का सिंहासन और बक्से ही मिले**

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि दीवानी न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) की देखरेख में चार गोस्वामी सदस्यों सहित अन्य सदस्यों के साथ खजाने के कमरे को खोला गया। उन्होंने बताया कि कमरा खोलने में कुछ कठिनाई हुई। तहखाने को आज दूसरे दिन फिर खोला गया। पहले दिन ठाकुर मंदिर के तहखाने को खोला गया। पहले दिन जब तहखाना खोला गया तो उसमें कुछ बर्तन, लकड़ी का सिंहासन और बक्से मिले जिनमें कुछ बर्तन भक्तों के थे। पहले दिन संदूक में बर्तन और चांदी का छत्र मिला था, जबकि दूसरे दिन भी संदूकों में पुराने बर्तन ही पाए गए।

रविवार दोपहर डेढ़ बजे फिर खजाने का मुख्य दरवाजा खोला गया। टीम ने शेष दो लोहे के बाक्स खोले तो उनमें भी बर्तन मिले। यहां स्थित तहखाने में कुछ भी नहीं था। तहखाने की एक दीवार में करीब दो गुणा दो गुणा एक अन्य रास्ता मिला, दीवार से सटा ही एक कमरा मिला। इस कमरे में एक बाक्स मिला। इसमें करीब तीन फीट की एक सोने की छड़ी और इससे थोड़ी छोटी दो चांदी की छड़ी मिली हैं।

एडीएम ने बताया कि ऑडिटर की टीम ने कमरे में मिली वस्तुओं की सूची बना ली है। हालांकि, गोस्वामी समुदाय इस कदम का विरोध कर रहा था। उच्चाधिकार प्राप्त समिति के एक सदस्य शैलेंद्र गोस्वामी ने कहा कि तोशाखाना खोला ही नहीं जाना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि मैंने इस कदम का विरोध किया और इस संबंध में पत्र भी लिखे हैं। शैलेंद्र गोस्वामी ने कहा कि यह समिति एक अंतरिम समिति है, स्थायी नहीं। माननीय उच्चतम न्यायालय ने इसका गठन केवल भक्तों के दर्शन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए किया था। समिति को अन्य मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। वे अनुचित लाभ उठा रहे हैं और अधिकारों का अतिक्रमण कर रहे हैं। वे खजाना क्यों खोल रहे हैं, और इससे क्या साबित करना चाहते हैं।

उच्चतम न्यायालय के वकील एवं मंदिर सेवायत सुमित गोस्वामी ने कहा कि इस तदर्थ समिति को तोशाखाना खोलने का अधिकार नहीं था। समिति को केवल यह देखना था कि ठाकुर जी के दर्शन भक्तों के लिए सुगम हों। इसके अलावा, उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया का सीधा प्रसारण नहीं किया गया। शैलेंद्र गोस्वामी ने कहा कि वीडियोग्राफी की गई थी।

## पत्नी की हथौड़े से प्रहार कर हत्या

**एटा, एजेंसी:** जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में रविवार को एक व्यक्ति ने आपसी विवाद के बाद अपनी पत्नी की कथित तौर पर हथौड़े से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गौतमी देवी गुप्ता (45) और उनके पति प्रेमचंद्र गुप्ता के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि क्रोध में आकर प्रेमचंद्र ने अपनी पत्नी के सिर व गर्दन पर हथौड़े से प्रहार कर दिया। पुलिस ने बताया कि घायल गौतमी को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रेमचंद्र गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उसने बताया पत्नी अक्सर उससे झगड़ा करती थी और रोजाना के विवादों से तंग आकर उसने यह कदम उठाया।

## तीन करोड़ रुपये मूल्य के प्रतिबंधित कफ सीरप बरामद

सोनभद्र, एजेंसी

**अमृत विचार :** जिले में रॉबर्ट्सगंज थाना पुलिस, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग तीन करोड़ रुपये मूल्य की खांसी की प्रतिबंधित दवा (कफ सिरप) बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिल कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम चुर्क मोड़ के पास से दो कंटेनर में गाजियाबाद से झारखंड ले जाई जा रही प्रतिबंधित कफ सिरप की लगभग 1,19,675 शीशी बरामद की गईं। इस संबंध में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि बरामद कफ सिरप की जांच के दौरान ओषधि निरीक्षक ने पुष्टि की कि उक्त सिरप में कोडीन नामक नशीला पदार्थ मिला है, जो स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के अंतर्गत निषिद्ध ओषधि की श्रेणी में आता है। कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश के शिवपुरी निवासी हेमंत पाल, ग्वालियर निवासी ब्रजमोहन शिवहरे व रामगोपाल धाकड़ के रूप में हुई है। आरोपियों ने बताया कि वह चिप्स और नमकीन के बक्सों के बीच प्रतिबंधित कफ सीरप ले जाते थे।


























































अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025
खीरी

## न्यूज ब्रीफ

### गर्भस्थ शिशु की मौत महिला का हो रहा इलाज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एक महीने पहले थाना सिंगाही के गांव बंगलहा तकिया में हुई मारपीट में घायल हुई महिला के गर्भस्थ शिशु की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि महिला का इलाज चल रहा है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे वंदना के पति गांव बंगलहा तकिया निवासी अमित कुमार ने बताया कि करीब एक माह पहले जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही लोगों ने लामबंद होकर उसको व उसके परिवार को मारा पीटा था, जिससे उसकी पत्नी वंदना के भर्ग में पल रहे शिशु को गंभीर चोट आई थी। आरोप है कि इसी के चलते उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने सात नामजद व एक अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना मितौली क्षेत्र में अबगवां के पास शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। सीतापुर जिले के थाना हरगांव क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी कामता प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र लल्लू शुक्रवार को बाइक से मितौली थाना क्षेत्र के गांव दतेली अपनी बहन के यहां आया था। शनिवार की देर रात जब वह वापस लौट रहा था, तभ अबगवां के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल इलाज भेजा। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में पीलीभीत के युवक की मौत

**भीरा, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद के गांव रोशन नगर बोझवा निवासी राजेश भीरा बाजार से धान बेच बाइक से अपने घर जा रहा था। भीरा-गोला रोड पर पंचवटी फॉर्म के पास सामने से आ रही फैयाज पुत्र सईदुल रहमान निवासी ग्राम शेरपुर थाना पूरनपुर पीलीभीत बाइक से उसकी बाइक टकरा गई, जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उपचार के दौरान फैयाज की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# होमगार्ड की हिम्मत से टली बैंक में चोरी

## कटर मशीन से काट रहे थे खिड़की, चोरों को दौड़ाते समय होमगार्ड गिरकर चोटिल

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचार:** मैगलगंज कस्बे स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने खिड़की काटकर चोरी का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सतर्कता और होमगार्ड की बहादुरी से बड़ी वारदात टल गई। चोरों के हाथ बैंक तक पहुंचने से पहले ही पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। चोरों को दौड़ाते समय होमगार्ड गिरकर चोटिल भी हो गया।

घटना रात लगभग दो से तीन बजे के बीच की है। अंधेरे में दो अज्ञात युवक बैंक परिसर की खिड़की को कटर मशीन से काट रहे थे, तभी रात्रि गश्त पर निकले सिपाही लोकेंद्र यादव और होमगार्ड अनुज दीक्षित बैंक के पास पहुंचे। उन्हें संदिग्ध आवाजें सुनाई दीं तो उन्होंने टॉर्च की रोशनी में खिड़की के पास दो युवकों को देखा। होमगार्ड अनुज ने जब उन्हें ललकारा तो चोर गली की ओर भागने लगे। अनुज ने तुरंत पीछा किया, लेकिन ऊंचाई से कूदते समय वह गिरकर घायल हो गए। चोट लगने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और फिर उठकर



प्रभारी निरीक्षक व टीम को सम्मानित करते बैंक के अधिकारी। ● अमृत विचार

चोरों का पीछा किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर भाग निकले। उधर सिपाही लोकेन्द्र यादव ने घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पाण्डेय को दी। कुछ ही मिनटों में पुलिस दल मौके पर पहुंच गया और इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मौके से कटर मशीन, रॉड और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। शाखा प्रबंधक विशाल लाल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर

### बैंक अफसरों ने पुलिस टीम को किया सम्मानित

घटना की सूचना पर पहुंचे बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य सुरक्षा अधिकारी विकास कुमार और शाखा प्रबंधक विशाल लाल ने पुलिस टीम की तत्परता की सराहना की। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र पाण्डेय, सिपाही लोकेन्द्र यादव, देवेंद्र सिसोदिया और होमगार्ड अनुज दीक्षित को बैंक में संभावित बड़ी चोरी रोकने के लिए सम्मानित किया।



बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा की काटी गई खिड़की। ● अमृत विचार

रविन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और फिंगरप्रिंट साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# रोटावेटर की चपेट में आने से किशोर की मौत

**संवाददाता, धौरहरा, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत की जुताई करते समय 14 साल का किशोर रोटावेटर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी कटकर मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।



मृतक विनय उर्फ बल्लू।

ग्राम पंचायत सुजई कुण्डा निवासी राजेंद्र वर्मा ने रविवार सुबह सात बजे अपना खेत जोतने के लिए भतीजे प्रदीप को मय ट्रैक्टर रोटावेटर से भेजा था, जिसके साथ उनका 14 वर्षीय पुत्र बल्लू उर्फ विनय भी चला गया।बताया जाता है कि खेत जोतने के दौरान विनय रोटावेटर पर बैठ गया था। अचानक पैर फिसलने के कारण विनय गिर गया और रोटावेटर की चपेट में आने से उसका शव क्षत-विक्षत हो गया। अचानक हुई घटना से परिवार व गांव में हाहाकार मच गया। दोपहर एक बजे तक परिजनों ने विनय का अंतिम संस्कार कर दिया। किशोर की मौत से गांव में सन्नाटा छाया है।

# अग्निबाण से रावण का अंत, गूंजा उठा जय श्रीराम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तिकुनिया कस्बे में चल रहे रामलीला मेले का रविवार को भव्य समापन हुआ। दीपावली से एक दिन पूर्व आयोजित अंतिम दिन की लीला में भगवान राम और रावण के बीच भीषण युद्ध का मंचन हुआ। लीला देखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ नेपाली नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।



तिकुनिया में धू-धू कर जलता रावण का पुतला।

देवी मंदिर प्रांगण में मंचित इस लीला में भगवान राम और रावण के बीच युद्ध का दृश्य रोमांचक रहा। जब भगवान राम के तीरों से कटे रावण के सिर बार-बार पुनः जुड़ जाते हैं, तो देवता भी चिंतित हो उठते हैं। तभी विभीषण आकाश मार्ग से आकर श्रीराम को बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत छिपा है। इसके बाद भगवान श्रीराम अग्निबाण चलाते हैं, जिससे रावण का अंत हो जाता है। रावण के वध के साथ ही उसका विशाल पुतला धू-धू कर जल उठा और जय श्रीराम

**● पुतले की अस्थियां बीनने के लिए उमड़ी भीड़, तैनात रही पुलिस**

के जयकारों से पूरा मैदान गूंज उठा। इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, शिवकुमार गर्ग, अनुज गुप्ता, अशोक निषाद, शैलेश यादव, महामंत्री अजय गर्ग टीटू, जितेंद्र गुप्ता, शिशिर गुप्ता, सोनू अग्रवाल, जगदीश, उमेश व अनिल कुंबले सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खेतों में पाए गए गैंडा के पगचिह्न

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** वन रेंज क्षेत्र के धर्मापुर और पचपेड़ा गांवों के पास खेतों में गैंडा के पग चिह्न मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शुरुआती तौर पर ग्रामीणों ने इन्हें हाथियों के पदचिह्न समझा था, लेकिन वन विभाग की जांच में गैंडा की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इसके बाद विभाग ने पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है। वन विभाग के अफसर लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहे हैं। बफर जोन की मझगईं वन रेंज का क्षेत्र दुधवा टाइगर रिजर्व से सटा हुआ है। पिछले कई महीनों से कहीं बाघ तो कहीं तेंदुए की चहल कदमी देखी जा रही है।

रविवार सुबह जब धर्मापुर और पचपेड़ा के ग्रामीण खेतों की तरफ अपनी फसलों को देखने के लिए गए तो उन्हें बड़े आकार के पदचिह्न नजर आए। इसकी जानकारी जब गांव में



धर्मापुर के खेतों में मिले गैंडे के पगचिह्न।

पहुंची तो पद चिन्हों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। देखते ही देखते गांव के बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। पहले तो ग्रामीणों ने बने पग चिन्हों को हाथियों का समझा, लेकिन जब भिन्नता देखी तो भय और उत्सुकता के बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन क्षेत्राधिकारी अंकित सिंह के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और पदचिह्नों की बारीकी से जांच की।

वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जांच में यह स्पष्ट हुआ कि ये पदचिह्न

**● वन विभाग अलर्ट पर, पूरे इलाके में बढ़ाई सतर्कता**

हाथियों के नहीं, बल्कि गैंडा के हैं। उन्होंने आशंका जताई कि संभवत गैंडा खैरहनी गांव की दिशा से होकर पचपेड़ा के खेतों से होकर गुजरा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि रात में घरों से बाहर न निकलें और बच्चों व मवेशियों को सुरक्षित रखें। विभाग ने धर्मापुर, पचपेड़ा और आसपास के इलाकों में गश्त बढ़ा दी है। इसके अलावा लुधौरी, बेलरायां वन रेंजों को भी सतर्क रहने को कहा गया है। साथ ही गांवों में माइकिंग कर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। फिलहाल किसी तरह की जान-माल की हानि की सूचना नहीं है। वन विभाग का मानना है कि गैंडा संभवतः दुधवा क्षेत्र से भटक कर यहां पहुंचा होगा। टीम लगातार इलाके में उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

# पुलिस टीम के सामने बिजली कर्मी की पिटाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** विद्युत उपकेंद्र धौरहरा पर तैनात संविदा कर्मी सुरेन्द्र कुमार, बताया कि वह दोपहर करीब 1 बजे उपखंड अधिकारी देवेन्द्र कुमार और टीजी-2 रमेश कुमार के साथ राजस्व वसूली व चेकिंग के लिए ग्राम गुलरीपुरवा मजरा परौरी गए थे। चेकिंग के दौरान गांव के रामशंकर और संतोष कुमार ने अपने दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने टीम के साथ गाली-गलौज की और अभद्र व्यवहार किया। पुलिस के सामने भी आरोपियों ने लात-घूंसों व डंडों से हमला कर पिटाई कर दी। इससे वह घायल हो गया और टीम को किसी तरह जान बचाकर भागना पड़ा। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पूरी टीम में डर और दहशत का माहौल है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक मोहन सिंह को सौंपी है।

# पटाखा दुकानों को चेक कर दिए निर्देश



अजान में आतिशबाजी की दुकान का निरीक्षण करते फायर अधिकारी सुरेंद्र सिंह शिंदे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार:** दीपावली के ठीक एक दिन पहले फायर ब्रिगेड के सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिह शिंदे ने गोला तहसील क्षेत्र के अंतर्गत दुकानों का स्थलीय निरीक्षण कर दुकानदारों को सुरक्षा के मद्देनजर निर्देश दिए हैं।

**● फायर ब्रिगेड अफसरों ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण**

फायर ब्रिगेड के प्रभारी सुरेन्द्र सिह शिंदे ने ममरी, गोला, अजान सहित कई जगह आतिशबाजी की लगी हुई दुकानों को चेक कर उनको दिशा निर्देश दिये। दुकानों पर आग बुझाने के यंत्र, बालू, पानी आदि की समुचित व्यवस्था को भी चेक किया। उन्होंने बताया कि कोई भी आतिशबाजी की दुकान बिना लाइसेंस के नहीं लगाएगा, जिसका जितना लाइसेंस है वह उतना ही बारूद व सामान रखेगा। चेकिंग के दौरान ज्यादा सामान मिलने पर लाइसेंस जब्त कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# बंधन राष्ट्रीय महिला सेपक टाकरा चैंपियनशिप में चयनित

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर निवासी राजकुमार कश्यप की पुत्री बंधन कश्यप का 35 वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला व पुरुष सेपक टाकरा चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। इससे नगर और जिले के लिये गौरव की बात है।

गोला छोटी काशी स्पोर्ट्स सेपक टाकरा एसोसिएशन के महासचिव पूर्व आइटीबीपी तान सिंह ने बताया कि गोला की रहने वाली बेटी बंधन कश्यप ने प्रथम बार सेपक टाकरा खेल के लिए जिले की बेटी ने अपना लोहा मनवा कर जिले का परचम लहराया है। उसका चयन राष्ट्रीय सेपक टाकरा चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की टीम महिला व पुरुष मिलकर



सेपक टाकरा चैंपियनशिप को चयन।

23 खिलाड़ियों का चयन हुआ हुआ है, जिसमें गोला देहात जहानपुर के रहने वाले खेम सिंह का चैन मैनेजर उत्तर प्रदेश टीम के लिए हुआ है। सेपक टाकरा की राष्ट्रीय चैंपियनशिप गोवा मडगांव में 22 से 27 अक्टूबर तक 35 वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी, जिसमें भारत के 24 से 27 राज्यों की टीम महिला व पुरुष की भाग ले रहे हैं।

# दीपावली मनाएं पर सावधानी से जलाएं पटाखे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** आज दीपावली है। लक्ष्मी पूजन बाद घर रोशन होंगे। इसके बाद जमकर आतिशबाजी होती है। मगर, पटाखे जलने पर निकलने वाले केमिकल जैसे कॉपर, जिंक, लैड और मैग्नीशियम स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक हैं। साथ ही आतिशबाजी के दौरान जलने का भी खतरा रहता है। आतिशबाजी का धुआं आंखों से लेकर सांस रोगियों के लिए बेहद हानिकारक है। इसलिए पटाखे जलाते समय सावधानी बरतें और प्राथमिकता ग्रीन पटाखों को दें।

पर्यावरण के लिए आतिशबाजी नुकसानदायक है। इनसे निकलने वाली गैसों से कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। सेहत और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए तेज आवाज और ज्वलनशील पटाखों के बजाय कम आवाज एवं ग्रीन पटाखे जलाने में प्राथमिकता दें। ईएनटी सर्जन डॉ. मनोज शर्मा बताते हैं कि पटाखों से होने वाला धमाका और रोशनी कान के पर्दों से लेकर आंखों पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ता है। कान के पास तेज आवाज होने से सर्वाधिक समस्याएं होती हैं। टॉक्सिन से आंखों में जलन और पानी निकलने की समस्या बढ़ती है।

### ब्लड प्रेशर और हृदय गति बढ़ने की आशंका

पटाखों की तेज आवाज से दिल की बीमारियों की आशंका बढ़ती है। जो पहले से दिल के मरीज हैं, पटाखों की तेज आवाज से उन्हें दिल का दौरा तक पड़ सकता है। इनसे निकले धुंए से सांस लेने में समस्या हो सकती है। पटाखों में मौजूद मरकरी से ऐसी गैसें निकलती हैं, जो सांस की बीमारी से लेकर बीपी को बढ़ा देती हैं। जिरियाट्रिक फिजीशियन डॉ. शिखर वाजपेयी बताते हैं कि आतिशबाजी से बीपी व सांस आदि के रोगी सावधानी बरतें। किसी भी तरह की दिक्कत होने पर बिना देर किए अस्पताल आकर दिखाएं।



### गर्भवती और बच्चों का आतिशबाजी से दूर रहना बेहतर

किलकारी हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया मिश्रा का कहना है कि आतिशबाजी से गर्भवती महिलाएं और बच्चें दूर रहें, क्योंकि आतिशबाजी के दौरान निकली कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस सांस के माध्यम से शरीर में जाकर गर्भ में पल रहे बच्चे में भी सांस के अलावा अन्य दूसरे विकारों की वजह बन सकती है। बच्चों की त्वचा नाजुक होती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता कम। इसलिए बच्चों को तेज आवाज एवं रोशनी के साथ धुआं छोड़ने वाले पटाखों से दूर रहें।



### आतिशबाजी के धुएं में छिपा है कैंसर, दमा का खतरा

जिला अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संतोष मिश्रा बताते हैं कि पोटैशियम क्लोरेट, गन पाउडर से तेज धमाका और रोशनी होती है। इस केमिकल से निकलने वाले धुएं से फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा रहता है। फेफड़ों की बीमारी से ग्रसित व्यक्ति की हालत और भी गंभीर हो सकती है। कार्बन डाईऑक्साइड से दमा की बीमारी बढ़ सकती है। पटाखों में एल्युमिनियम सफेद रोशनी करता है, लेकिन यह डर्मेटाइटिस बीमारी का शिकार भी बना सकता है। गैस बच्चों के दिमाग को प्रभावित कर उन्हें अल्जाइमर की चपेट में ला सकती हैं।

# होटल संचालक ने दूधिआ पर खौलता दूध फेंका

संवाददाता, बेहजम

**अमृत विचार:** नीमगांव थाना क्षेत्र के भूलनपुर कस्बे में दूध के बकाया 50 हजार रुपये मांगने को लेकर दूधिए और होटल संचालक के बीच विवाद हो गया। इससे नाराज होटल संचालक ने दूधिए पर खौलता हुआ दूध फेंक दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से झुलस गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना रविवार की सुबह सुबह करीब 10:30 बजे हुई। गांव पिपरीकलां निवासी सत्य प्रकाश वर्मा पिछले 20 वर्षों से भूलनपुर और आसपास के गांवों में दूध का व्यवसाय करते हैं। सत्य प्रकाश अपने बकाया 50 हजार रुपये लेने होटल संचालक रामपाल पुत्र मैकूलाल के पास गए थे।

**● बकाया 50 हजार रुपये होटल संचालक से मांगने पर हुआ विवाद**

रामपाल ने रुपये मांगने पर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सत्य प्रकाश ने इसका विरोध किया, तो रामपाल ने अपने भाई अजय पुत्र मैकूलाल और अजय के बेटे राहुल के साथ मिलकर उसे पहले लात-घूसों से पीटा। जान से मारने की नीयत से होटल की भट्टी में रखा खौलता दूध उनके शरीर पर डाल दिया, जिससे सत्य प्रकाश गंभीर रूप से झुलस गए। आरोपियों ने उन्हें धमकी भी दी कि उनका काफी रसूख है और वे उन्हें थाने और कोर्ट-कचहरी में देख लेंगे। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। झुलसे सत्य प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# पंचायत अध्यक्ष ने बच्चों को दिए पटाखे



प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पटाखे बांटती पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत अध्यक्ष ने प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पटाखे बांट कर दीपावली की खुशियां मनाईं हैं।

शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, उनके प्रतिनिधि भवानी शंकर माहेश्वरी ने मैलानी के अमर शहीद जूनियर हाईस्कूल, रामलीला वार्ड कन्या पाठशाला प्राइमरी सहित मैलानी के कई स्कूलों के बच्चों को पटाखे बांट कर दीपावली की खुशियां स्कूल के बच्चों के साथ मनाईं। मोहम्मद शरीफ, कहकशा बानो, दिलशाद हुसैन, तौसीफ, प्रिंसिपल सुभाष सक्सेना सहित शिक्षक मौजूद रहे।

**प्रदूषण** | जहरीली हुई आबो हवा, प्रदूषण के साथ ही डेंगू मच्छर पनपने का बढ़ा खतरा

# जलालपुर में 120 से अधिक कोल्हू चल रहे, चिमनी उगल रही काला धुआं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव जलालपुर में 120 से अधिक गन्ना कोल्हू चल रहे हैं, जिनकी चिमनियां नीची होने से निकलने वाला काला धुआं प्रदूषण के लिए खतरा बन रहा है। साथ ही गंदगी होने से डेंगू मच्छर, मलेरिया का भी खतरा बढ़ गया है।

तहसील क्षेत्र के गांव जलालपुर में 120 से अधिक कोलू संचालित है, जिनकी चिमनिया छोटी होने के चलते जलालपुर सहित पड़ोस के गांव के लोगों को भी दिक्कतें होती हैं। चिमनियों से निकलने वाले धुएं में शामिल जहरीले पदार्थ ग्रामीणों को सांस आदि की बीमारी तो दे ही रहे हैं साथ ही जमीन पर पड़कर पानी और मिट्टी को भी दूषित करते



जलालपुर में काला धुआं उगलती कोल्हू की चिमनी। ● अमृत विचार

हैं। जब पौधे और जानवरों के जरिए जहरीले तत्व मानव शरीर में पहुंचते हैं तो रोग प्रतिरोधक क्षमता कम कर देते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि चिमनियों से निकलता जहरीला धुआं लोगों का स्वास्थ्य खराब कर रहा है। इसके बावजूद भी अधिकारी मौन साधे हुए हैं। चीनी मिलों के पिराई सत्र शुरू होने से महीने भर पहले से ही यह कोल्हू शुरू कर देते हैं। बजाज चीनी मिल का समय से भुगतान न होने के चलते किसान त्योहार, बच्चों की पढ़ाई आदि के लिए रुपयों की आवश्यकता होने पर इन कोल्हू पर गन्ना सप्लाई देते हैं।

वायु प्रदूषण लोगों की जिंदगियों के लिए मुसीबत बन गया है, जिसकी वजह से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। हवा के गुणवत्ता खराब होती जा रही है। छोटी चिमनियों से निकलने वाले धुएं में विषाक्त रसायन पीएम 10 और पीएम 2 .5, कार्बन, कार्बन डाइऑक्साइड सहित अन्य प्रदूषक तत्व होते हैं, जिनके अधिक समय तक संपर्क में रहने पर अस्थमा, हृदय रोगों जैसी बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को यह जहरीला धुआं ज्यादा प्रभावित कर सकता है। –**सुरेशचंद कनौजिया**, प्रवक्ता रसायन विज्ञान, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला।



जलालपुर के कोल्हुओं की चिमनी से काला धुआं निकलने की जानकारी हुई है। एसडीएम से वार्ता कर इसे प्राथमिकता से दिखाया जाएगा। प्रदूषण बोर्ड को भी अवगत कराकर जांच कराई जाएगी। लोगों के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। –**भीमचंद**, तहसीलदार गोला।



# दीपावली आज, लक्ष्मी-गणेश का पूजन कर मांगेंगे सुख समृद्धि

## खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने से बाजार गुलजार, मिट्टी के दीयों और मोमबत्तियों की खूब हुई बिक्री, मूर्तियां साइज के हिसाब से 70 से 500 रुपये तक बिकीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** दीपावली को लेकर बाजार सजा है। त्यौहार को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है। त्यौहार मानने की खुशियों को लेकर रविवार को बाजार गुलजार रहा। लोगों ने पूजन के लिए गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति और प्रसाद के लिए खील, खिलौने और मिठाईयां खरीदीं। मिट्टी की मूर्तियां साइज के हिसाब से 70 रुपये से लेकर 500 रुपये तक बिकीं।

घरों को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीये, मोमबत्तियां एवं बिजली की झालरें भी खूब बिकीं। इससे सुबह के समय तो कम, लेकिन सूरज ढलते ही बाजार में बढ़ी भीड़ से सड़कों पर जाम के हालात बन गए। दीपावली को लेकर बुधवार को बाजार में काफी रौनक रही। अवकाश न होने से दिन के समय खरीदारी करने वालों की संख्या गिनती की रही। मगर, शाम के वक्त लोगों ने घरों से निकलकर मिठाई, ड्राई फ्रूट, मोमबत्ती, रंगोली का सामान, सजावट की सामग्री खरीदने के लिए बाजार में पहुंच गए। रविवार को छोटी दीपावली पर गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति, खील व खिलौने, चूरा एवं मिठाई की खरीदारी हुई।


पूजन के लिए लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


सजावट के सामान की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


खीरी रोड पर डिजायनदार रखे मिट्टी के दीये। ● अमृत विचार

### खूब बिकी अलाय-बलाय की सामग्री

दीपावली पर अलाय बलाय जलाने की परंपरा है। इसमें सन एवं अरहर की पौधे की लकड़ी का उपयोग होता है। घर के बुजुर्ग इन लकड़ियों का बंडल बांधकर घर के कमरों में ले जाकर घुमाते हैं और फिर गांव के लोग सामूहिक रूप से इसे जलाकर इसकी परिक्रमा करते हैं। अलाय बलाय को लेकर गुरूगोविंद सिंह तिराहा एवं सौजन्या तिराहा से लेकर संकटा देवी चौराहा, मिश्राना चौराहे इन लकिड़यों के बंडलों से सज गए। इसका गट्ठर 50 से 60 रुपये में बिका। लोगों ने सदियों पुरानी चली रही अलाय बलाय की परंपरा निभाने के लिए इनकी खरीदारी की।

### इस तरह मनाएं सात्विक दीपावली

1.दीपावली में मिट्टी के दीये का इस्तेमाल करें। मिट्टी के दीये के प्रयोग से पर्यावरण दूषित नहीं होता है। आसान शब्दों में कहें तो मिट्टी के दीये से पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचता है। वास्तु जानकारों की मानें तो दीपावली पर मिट्टी के दीये का उपयोग करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मिट्टी के दीये संस्कृति और परंपरा का प्रतीक हैं।

2. दीपावली पर पटाखे के इस्तेमाल से ध्वनि और वायु प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए आर्टिफिशियल एवं ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें।

3. दीपावली उत्सव का पर्व है। इस दिन दोस्तों एवं रिश्तेदारों से मिलकर शुभकामनाएं दें।

### शाम 06:41 से रात 08:59 बजे तक पूजन का शुभ मुहूर्त


पंडित राजेश शास्त्री।

दीपावली कार्तिक माह की अमावस्या को मनाई जाती है। प्रदोष काल एवं रात्रि में अमावस्या तिथि मिलने के कारण दीपावली 20 अक्टूबर को सर्वत्र हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। देवकली आश्रम के आचार्य पं. राजेश शास्त्री ने बताया कि पूजन के लिए गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। इसके बाद आचमन कर स्वयं को शुद्ध कर पीला वस्त्र धारण करें। अब गंगाजल से पूजा स्थल को शुद्ध करें। इसके बाद एक चौकी पर पीले रंग का वस्त्र बिछाकर लक्ष्मी गणेश की नवीन प्रतिमा स्थापित कर ध्यान मंत्र और आवाहन मंत्र का पाठ करें। इसके बाद पंचोपचार कर विधि-विधान से लक्ष्मी गणेश की पूजा करें। इस दौरान धन की देवी मां लक्ष्मी को फल, फूल, धूप, दीप, हल्दी, अखंडित चावल, बताशा, सिंदूर, कुमकुम, अबीर-गुलाल, सुगंधित द्रव्य और नैवेद्य आदि चीजें अर्पित कर लक्ष्मी चालीसा का पाठ, लक्ष्मी स्तोत्र और मंत्र जप करें। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित करें।


पूजन के लिए दीये आदि बेचती महिला। ● अमृत विचार

### दुकानदारों के चेहरों पर दिखी रौनक

पूजन के लिए भगवान गणेश व लक्ष्मी की मूर्तियों के अलावा मिट्टी से बने खिलौने, डिजायनदार दीपक सहित मिट्टी के खिलौनों की भी बिक्री हुई। इसके अलावा लोगों ने रंग-बिरंगी मोमबत्तियां और रंगोली बनाने के लिए उपकरण खरीदें, जिससे अच्छी रंगोली बनाई जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत अध्यक्ष ने दी आरओ की सुविधा

**मैलानी, अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, उनके पति भवानी शंकर माहेश्वरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर ने नगर के मोहल्ला गौतम नगर में अमर शहीद जूनियर हाईस्कूल, रामलीला वार्ड में कन्या पाठशाला सहित चार प्राइमरी स्कूलों को आरओ वाटर कूलर की सौगात दी। वही रामलीला वार्ड निवासी शरीफ अहमद और कहकशा बानो को सम्मानित किया। उसके बाद मोहल्ला गौतम नगर में स्थित अमर शहीद विधालय का रामलीला वार्ड निवासी शरीफ अहमद पुत्र हाजी वारिस अली ने आरओ वाटर कूलर का लोकार्पण किया। स्कूली बच्चों ने खुशी का इजहार करते हुए पुष्प वर्षा की। नगर पंचायत कर्मचारी दिलशाद हुसैन, बाबू तौसीफ, सुभाष सक्सेना, प्रधानाध्यापक सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### घर में लगी आग से लाखों का नुकसान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ के गांव राजापुर में रविवार की दोपहर एक घर में उस वक्त आग लग गई। जब घर पर कोई नहीं था। इस अग्निकांड में दस हजार रुपये की नगदी समेत सारास सामान जलकर राख हो गया। गांव राजापुर निवासी सिराजुद्दीन ने बताया कि वह वह परिवार के साथ काम करने गए थे। घर पर कोई नहीं था। दोपहर करीब दो बजे अचानक उसके घर में आग लग गई। आग की लपटों को देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। शोरगुल होने पर वह भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण जब तक आग बुझाते। इससे पहले लपटों ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया। इस अग्निकांड में घर में रखे 10 हजार रुपये, चारपाई, बिस्तर, बर्तन, अनाज समेत सारा सामान जलकर राख हो गया।

### आपत्तिजनक ऑडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ पुलिस ने आपत्तिजनक ऑडियो वायरल करने में आरोपी जोधपुर निवासी पवन कुमार उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी का चालान भेजा गया है।

### दुधवा एफडी पीटीआर का भी संभालेंगे चार्ज

**पलिया कलां, अमृत विचार :** दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. राजमोहन अब डीटीआर के साथ पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भी चार्ज संभालेंगे। इसके अलावा आईएफएस कीर्ति चौधरी को उत्तर खीरी वन प्रभाग के डीएफओ का चार्ज सौंपा गया है।

### करंट लगने से युवक की हालत बिगड़ी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर निवासी अमन सिंह (22) मेला मैदान रोड पर स्थित एक मिठाई की दुकान पर झालर डाल रहा था। इसी दौरान उसे करंट लग गया। इससे वह दुकान के नीचे आ गिरा। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तमाम लोग एकत्र हो गए। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि युवक के युवक सिर में भी चोट आई है।

## पागल कुत्ते के काटने से हिंसक हुआ सांड़, मौत

**मझगई, अमृत विचार:** सलीमाबाद चौराहे पर एक सांड़ को शनिवार शाम पागल कुत्ते ने काट लिया, जिसके बाद वह बेकाबू होकर सलीमाबाद और सकटू पुरवा गांव के बीच हाईवे पर वाहनों और राहगीरों पर हमला करने लगा। ग्रामीणों ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की और प्रशासन को सूचना दी। रविवार सुबह भी सांड़ का उत्पात जारी रहा, जिससे गांव और हाईवे पर भय का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी, जिस पर प्रधानपति रोशन लाल मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। समय पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा और उपचार के अभाव में सांड़ की मौत हो गई। ग्रामीणों ने पशु विभाग और प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है।

## डीएम-एसपी ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।


एसपी संकल्प शर्मा।

**अमृत विचार:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने दीपावली के अवसर पर जनपद के सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। दोनों अधिकारियों ने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है। आइए, हम सब मिलकर अपने घर-आंगन ही नहीं, दिलों में भी अच्छाई, सौहार्द और संवेदना के दीप जलाएं।

यह पर्व हम सभी को प्रेरित करता है कि समाज के हर वर्ग तक खुशियों का प्रकाश पहुंचे। प्रशासन का प्रयास है कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।दीपावली का यह प्रकाश हर घर में खुशियों और हर दिल में विश्वास का दीप जलाएं। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पटाखों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें और छोटे बच्चों को इससे दूर रखें, ताकि यह पर्व खुशियों, सुरक्षा और सद्भाव के वातावरण में मनाया जा सके।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

संवाददाता, पसगवां

- शनिवार शाम घर से टहलने को निकला था अवनीश
- एमपीएस हास्पिटल के पास पुलिस घायलावस्था में पड़ा मिला

**अमृत विचार:** जंगबहादुरगंज मोहम्मदी मार्ग पर शनिवार की रात जेबीगंज से दो किमी दूर एमपीएस हास्पिटल के पास पुलिस को एक युवक घायलावस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने उसे एम्बुलेंस से सीएचसी पसगवां भेजा, जहां पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। वह किसी वाहन की टक्कर से घायल हुआ था।


मृतक अवनीश।

शव की शिनाख्त अवनीश कुमार (35) पुत्र इंद्रपाल निवासी रामपुर बलमियां कोतवाली मोहम्मदी के रूप में हुई। मृतक अवनीश के परिवार वालों ने बताया कि शनिवार की शाम वह घर से टहलने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद उन्हें हादसे की सूचना मिली। अवनीश देहरादून में नौकरी करता था।

वह शराब भी पीता था। हादसे से पहले घर पर पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। अवनीश के चार बच्चे हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक्सीडेंट किस वाहन से हुआ इसकी जानकारी नहीं हुई है, लेकिन उसके घायल होने की स्थिति देखकर अंदाजा है कि किसी वाहन ने टक्कर मारी है।

## न्यूज डायरी



### महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**धौरहरा, अमृत विचार :** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कोतवाली पुलिस ने कस्बे में स्थित संत फकीर दास स्मारक परिसर में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक राम औतार व मुख्य महिला आरक्षी माधुरी ने मौजूद महिलाओं व बच्चियों को जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया।इस दौरान बच्चियों के साथ महिलाओं ने भागीदारी की।



### सभी को पसंद आई छात्राओं की बनाई गई रंगोली

**पलियाकलां,अमृत विचार :** विवेकानंद एकेडमी भीरा में दीपावली के मौके पर रंगोली सेलिब्रेशन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंग-बिरंगे फूलों और रंगों की मदद से सुंदर-सुंदर रंगोलियां बनाईं। जिससे पूरे विद्यालय का वातावरण खुशियों के रंगों से भर गया। छात्राओं ने अपनी कलात्मकता, सृजनात्मकता और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य अमनदीप सिंह सहित पूरे विद्यालय स्टाफ ने बच्चों की मेहनत और सुंदर कलाकृति की सराहना की। कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति और सौंदर्यबोध को प्रोत्साहित करते हैं। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे और उन्होंने भी आगे चलकर इसी तरह की रंगोली बनाए जाने की बात कही।



### जमकर हुई सामान की बिक्री

**गोला गोकर्णनाथ,अमृत विचार :**दीपावली के मद्देनजर नगर में सजी दुकानों पर लोगों ने गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां, खील, मिठाई, लैया चूरा, दीये, मोमबत्ती, आतिशबाजी आदि की खरीदारी की, जिससे देर रात तक नगर की सड़कों और बाजार में भीड़ रही। छोटी दीपावली पर रविवार को लोगों ने घरों, दुकानों की सजावट के लिए चाइनीज झालरों की इस बार भी जमकर खरीदारी की। मिठाई और पटाखों के प्रतिष्ठानों पर देर शाम तक लोगों ने मनपसंद मिठाई, पटाखे खरीदें। प्रकाश, सजावटी वस्तु से जुड़ी वस्तुओं के साथ लक्ष्मी, गणेश की मूर्तियां सहित मिट्टी से बने दीए की भी लोगों ने खरीदारी की। घर की साज सजावट, पूजा, अर्चना के लिए बाजारों में महिलाओं की भीड़ रही। यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ कोतवाली स्टाफ, होमगार्ड तैनात रहे।

मात्र 10 मिनट में
गरमा गरम खस्ता, कचौड़ियों से मेहमानों का करें स्वागत...
आपके स्वास्थ्य के सजग प्रहरी!
A ROYAL KITCHEN
प्रभाकर
कचौड़ी मसाला
विशिष्ट उत्पाद: सेंधा नमक, काला नमक, भरवाँ सब्जी मसाला, चाट मसाला, छोला मसाला, बुकनू, कसूरी मेथी, पनीर मसाला, समोसा मसाला, रोली, कलावा, हवन सामग्री
प्रभाकर गृह उद्योग नयागंज, कानपुर
वितरक रहित क्षेत्रों के लिए संपर्क करें: मो0 7355202340, 9415056083

BTE CODE- 2356
PCI CODE- 5627
डी.फार्मा अन्तिम प्रवेश सत्र 2025-26
NIHAL SHYAM
निहाल श्याम ग्रुप ऑफ इंसटीट्यूशन्स, बरेली
मान्यता फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली
सम्बद्धता, बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशनल उत्तर प्रदेश, लखनऊ | एम.जे.पी.आर.यू., बरेली
पहले आओ .... पहले पाओ
डी फार्मा में प्रवेश के अंतिम अवसर मात्र '15000 छमाही'
में लें अपना प्रवेश
सीमित सीट्स - जल्दी संपर्क करें
पेपर की कटिंग लाने वाले को विशेष छूट
डी.फार्मा EWS के लिए विशेष छूट
Mobile: 9756858240, 9499496682

ELISTA IS PROUD TO ANNOUNCE THE GST BENEFITS
elista
LED 43 14990/-
UHD 55- 28900/-
UHD 65- 39990/-
UHD 75- 59990/-
Smart Cooling, Comfortable Living!
32" - 7990/-
22nd Sept. Onwards
Grab the deals before stock lasts....
Make in India Now in 17+ Countries
Big TV's with Bigger GST Rebate...
Double Diwali Bonus
ERA RADIOS
● Civil Lines, Ayub Khan Crossing, Bareilly ● DD Puram Stadium Road, Bareilly
Mob : 8475009751, 8475009727, 8475009759

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

बवासीर-भगन्दर-फिशर
पाइलोनाइडल साइनस Mob.: 8126164170
भगन्दर गांठ Piles in Men
डॉ. वी.के. सिसोदिया
वरिष्ठ क्षार सूत्र विशेषज्ञ
B.Sc., B.A.M.S.
Proctologist (Ayur.), N.D.D.Y., C.C.K.S. (MUMBAI)
मिलें : प्रत्येक रविवार 12 पत्थर रोड, जलालाबाद (शाहजहाँपुर) में
बरेली एनोरक्टल क्लीनिक पता:- करगैना पुलिस चौकी के पीछे, बदायूं रोड, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 98978382286

**अमृत विचार**

**सोमवार, 20 अक्टूबर 2025**



जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना
अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए।
-गोपालदास 'नीरज', हिंदी कवि



## ब्रह्मोस का बल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच को सेना के हवाले करने का अवसर 'उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा' की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। इस उपलब्धि ने भारत-रूस के संयुक्त उद्यम से विकसित सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल ब्रह्मोस को पूर्ण रूप से मेड इन इंडिया बनाकर यह बताया है कि भारत की स्ट्राइक कैपेबिलिटी और डिटरेंस पावर अब पहले से कई गुना मजबूत है। उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे का लखनऊ हिस्सा, जो ब्रह्मोस और उससे जुड़े सहायक उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है, स्थानीय स्तर पर हजारों रोजगार सृजित करेगा और लखनऊ को 'भारत के रक्षा नवाचार की राजधानी' जैसी नई पहचान दिलाने की संभावनाएं जगाएगा। यह कारनामा भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक दृढ़ कदम है और देश की रक्षा विनिर्माण आत्मनिर्भरता के संकल्प को नई ऊर्जा देगा।

निजी क्षेत्र, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन तथा भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग ने स्वदेशी हथियार प्रणालियों के विकास को जो गति दी है, उससे देश ने रक्षा निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। स्वदेशी अनुसंधान और तकनीकी नवाचारों ने न केवल देश को अपनी सुरक्षा में आत्मनिर्भर किया है, बल्कि भारत को रक्षा उत्पादों का संभावित निर्यातक भी बनाया है। इसका सबसे उज्ज्वल उदाहरण ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल है, जो आज भारतीय रक्षा शक्ति की पहचान बन चुकी है और कई विदेशी सेनाएं इसे खरीदने में रुचि रखती हैं। ब्रह्मोस लगभग 3,500 किमी प्रति घंटा की रफ्तार (करीब मैक-3) से उड़ती है और लगभग 400 किमी तक की मारक दूरी प्रदान करती है। यह मिसाइल जमीन, हवा, समुद्र और पनडुब्बी- चारों प्लेटफॉर्म से दागी जा सकती है, जिससे यह बहुआयामी और रणनीतिक रूप से अत्यंत उपयोगी बनती है और उसकी अंतर्राष्ट्रीय मांग में वृद्धि होती है। हालिया ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने अपनी सटीकता और विनाशक क्षमता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। रिपोर्टों के अनुसार इसने लक्ष्यों को कुछ ही मीटर के भीतर सटीकता से भेदा, जो दर्शाता है कि भारत की प्रहार प्रणाली किसी भी विकसित देश से प्रतिस्पर्धात्मक है। इस सफलता ने ब्रह्मोस को न केवल भारत की सैन्य शक्ति का प्रतीक बनाया है, बल्कि 'मेक इन इंडिया' पहल की विश्वसनीयता को भी पुष्ट किया है।

ब्रह्मोस भारतीय वायुसेना, थलसेना और नौसेना- तीनों के लिए रणनीतिक संपदा है। इसने भारत को समुद्र के भीतर और सीमा पार लक्ष्यों पर त्वरित कार्रवाई करने की क्षमता प्रदान की है। थलसेना के मोबाइल लॉन्चर इसे युद्ध क्षेत्र में अत्यधिक गतिशील बनाते हैं, जबकि नौसेना संस्करण ने हिंद महासागर में भारत की सामरिक बढ़त को और सशक्त किया है। लखनऊ में बनी मिसाइल इंटीग्रेशन, परीक्षण और अंतिम गुणवत्ता आश्वासन के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस यह ब्रह्मोस असेंबली और इंटीग्रेशन यूनिट भविष्य में निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर सकती है, जिससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा बल्कि राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन की प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी।

### प्रसंगवश

## ओझल हुआ फिल्मों से रोशनी का त्योहार

दीपान्विता, दीपमालिका, कौमुदी महोत्सव, जागरण पर्व में आज-कल की फिल्मों ने दिवाली के प्रसंग को भुला सा दिया है, लेकिन पुरानी फिल्मों में दीपावली का पर्व का प्रसंग बारंबार आता रहा है। सामाजिक, राष्ट्रीय एवं व्यक्तिगत दृष्टिकोणों से दिवाली की अद्वितीय, अलौकिक व आनंददायी मान्यताएं फिल्मों में उन दिनों से स्थापित होती रही हैं, जब भारतीय फिल्म निर्माताओं का देश एवं समाज के प्रति दृष्टिकोण व्यावसायिक कम और रचनात्मक ज्यादा होता था। दीये की हमराह बनी बाती और तेल का भातीय संस्कृति में विशेष महत्व रहा है।

धर्म शास्त्रों ने दीये की महिमा को शुभ, आस्था का प्रतीक, उज्जवल, अंधकार विनाशक, जीवन का प्रतीक एवं सामंजस्य का प्रतीक माना है। भारतीय फिल्मों में दीये के इर्द-गिर्द कई गीतों की मालाओं को बड़ी ही खूबसूरती से पिरोकर दिवाली की पृष्ठभूमि पर प्रस्तुत किया गया है। इन गीतों में संदेश, दर्शन, जीवन स्वर, सब कुछ तो निहित है, जो हमारी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का हिस्सा रहा है। दिवाली के फिल्मी प्रसंग और गीत हमारे अपने परिवेश की प्रतिछाया हुआ करते थे। फिर भी दीये की यह संस्कृति और दीयों की महिमा का गुणगान हमारी फिल्मों से न जाने कहां और क्यों गायब हो गया?



श्वेता गोयल
लेखिका

1961 में एक फिल्म आई थी 'नजराना', जिसमें दिवाली की शान बढ़ाता एक गीत राज कपूर और वैजयंती माला पर फिल्माया गया था। 1959 में आई फिल्म 'पैगाम' में मोहम्मद रफी की आवाज में 'कैसे दिवाली मनाएं हम लाला' गाना बेहद चर्चित हुआ था, जिसे विख्यात कॉमेडियन जॉनी वॉकर पर फिल्माया गया था। इस गीत में उन्होंने बताया था कि गरीबों की दिवाली कैसे मनती है। 2005 में आई फिल्म 'होम डिलीवरी' में 'किसने बनाई सबके लिए हैप्पी दिवाली' गीत तो पूरी तरह से दिवाली पर ही आधारित था। यह गीत आज भी दिवाली पर हर बच्चे का फेवरेट गीत है और आज भी दिवाली के गीतों में शीर्ष पर है। इस गीत का इस्तेमाल लोग प्रायः दिवाली पार्टी में करते हैं। फिल्म 'संबंध' में दीपक की महिमा का गुणगान करता गीत ''जगमगाते दीयों मत जलो, मुझसे रूठी है मेरी दिवाली था।'

1964 में आई फिल्म 'हकीकत' के गीत 'आई है अबकी साल दिवाली' बहुत ही बेहतरीन दिवाली गीत था, इस गीत में एक सैनिक की मनोदशा का चित्रण किया गया था, जिसमें वह अपने परिवार से दूर दिवाली कैसे मनाते हैं, यह दर्शाया गया था। अमिताभ बच्चन, शाहरुख और ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के लता मंगेशकर द्वारा गाए गए टाइटल सांग में भी दिवाली सेलिब्रेशन देखने को मिला था। फिल्म 'एक बार मुस्करा दो' में बुझे मन की आवाज थी, 'सवेरे का सूरज तुम्हारे लिए है, कि बुझते दीये को ना तुम याद करना।' फिल्म 'धरती कहे पुकार के' में मजरूह के लिखे गीत में नायिका निवेदिता ने खुशी के मौके पर दीये को याद करते हुए कहा, 'दीये जलाएं प्यार के चलो इसी खुशी में।'

1957 में आई फिल्म 'पैसा' में दिवाली के गीत 'दीप जलेंगे दीप, दिवाली आई है' को उस क्लासिक दौर के चार दिग्गज गायकों मुहम्मद रफी, गीता दत्त, शमशाद बेगम और मुबारक बेगम ने अपनी प्यारी सी आवाज दी थी। यह गाना आज भी दिल को सुकून देता है और बताता है कि दिवाली इतने ही प्यार के साथ मनाया जाने वाला त्योहार है। वी शांताराम ने तो दीये की दास्तान अपनी फिल्म 'तूफान और दिया' में कुछ यूं व्यक्त की थी, निर्धन की लड़ाई बलवान की, ये कहानी है दीये और तूफान की।'

## अखिलेश के नक्शे-कदम पर तेजस्वी





नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी से बिहार तक विपक्ष की राजनीति में 'एम' साइलेंट कर दिया गया है। 'एम-वाई' वाले इस 'एम' का कभी सियासत में सिक्का चलता था। करीब एक दशक से मोदी-योगी वाली नई भाजपा ने इस सिक्के को खोटा साबित कर दिया है। हालांकि विपक्षियों के खजाने में ये सिक्के खनकते हैं, पर खजाने के मालिक इस खनक की कीमत नहीं चुकाना चाहते। कटे-फटे नोटों की भी कीमत होती है, पर सियासत के बाजार में कभी खूब चलने और खनकने वाला 'एम' (मुस्लिम वोट बैंक) सिक्का साइलेंट है।

बिहार के चुनावी मौसम में भले ही यहां एनडीए से इंडिया का मुकाबला हो पर आमने-सामने की लड़ाई भाजपा और राजग की है। ऐसे में भाजपा को चुनौती देने का दारोमदार तेजस्वी यादव पर अधिक है। वो खूब मेहनत से लड़ भी रहे हैं। राजद का मुख्य आधार एम-वाई रहा है, पर यहां बिहार में भी यूपी की तरह मुस्लिम वोट भाजपा को सीधी टक्कर देने वाले राजद का बड़ा सहारा है, लेकिन तेजस्वी यादव मुस्लिम टिकट बंटवारे से लेकर चुनावी कैंपेन में मुस्लिम समाज को नजरअंदाज करते दिख रहे हैं।

यूपी में सपा के साथ और बिहार में राजद के साथ कांग्रेस का गठबंधन हैं। दोनों राज्यों में सपा-राजद की अनदेखी पर कांग्रेस आप्शन था, पर कांग्रेस इन दलों के साथ है। यूपी की बात करें तो यहां मुस्लिम समाज के लिए बसपा बड़ा विकल्प था, पर भाजपा की बी टीम समझकर इससे भी विश्वास टूटा। सपा, राजद, कांग्रेस अनदेखी कर रहे हैं और अगर माना जाए कि बसपा, भाजपा की बी टीम है, तो फिर कहां जाएं मुसलमान?

मुस्लिम समाज के दानिशमंदों की समाज में यही साइलेंट अपील सर्कुलेट होती रही है कि अनदेखा करने के बाद भी एकजुट होकर सपा, राजद और कांग्रेस जैसे दलों का समर्थन किया जाए और मुस्लिम समाज अधिक से अधिक वोट करे। जारी संदेशों में कहा जा रहा है कि धर्मनिरपेक्ष दलों की अनदेखी से वोट करने में ढिलाई न बरतें, सत्ता परिवर्तन सबसे बड़ी जरूरत है। बाद में हम उन दलों से अपना हक ले लेंगे, जिन्हें वोट देकर हम जिताएंगे। बिहार के उलमा बयान दे रहे हैं कि राष्ट्रीय जनता दल मुखिया तेजस्वी यादव मुस्लिम समाज को नजरंदाज कर रहे हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव के नक्शे-कदम पर चलते हुए तेजस्वी चुनावी मंचों पर मुस्लिम नेताओं को स्थान देने से बच रहे हैं। अकलियत के मुद्दे, उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की बात तक करने में परहेज कर रहे हैं। आबादी और समर्थन/विशाल वोट बैंक के लिहाज से टिकट बंटवारे में मुस्लिम हिस्सेदारी बेहद बेहद कम है। यही नहीं राजद की साथी कांग्रेस का भी यही रुख है। करीब सत्रह फीसद मुस्लिम आबादी के हिसाब से इंडिया गठबंधन ने बिहार में मुस्लिम उम्मीदवार बहुत कम उतारे हैं।

भले ही एआईएमआईएम मुखिया असद्दुदीन औवेसी के विधायक टूट कर राजद में चले गए हों, पर बिहार में पांच सीटें जीत कर औवेसी ने पिछले विधानसभा चुनाव में ये साबित कर दिया था कि उन्होंने मुस्लिम बाहुल्य बिहार के सीमांचल में अपना जनाधार बना लिया है। आईएमआईएम ने इंडिया गठबंधन में शामिल करने का आग्रह किया, दबाव बनाया फिर भी इंडिया गठबंधन में इंट्री नहीं मिली, जिसके बाद औवेसी की पार्टी ने यूपी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी के साथ गठबंधन किया। तेजस्वी ने असद्दुदीन औवेसी से गठबंधन के सवाल पर बड़ी बेरुखी से कहा कि हम सबसे गठबंधन ही कर लेंगे तो हमारे पास कितनी सीटें बचेंगी! बेरुखी भरे ऐसे जवाब से जाहिर हुआ कि मुस्लिम समाज के वोट को बिखरने से रोकने के लिए वो जरा भी कुर्बानी देने को तैयार नहीं हैं।

एक दशक से अधिक समयकाल से भाजपा की सफलताओं का एक कॉमन कारण है- 'ये पार्टी सनातनियों के उत्थान, विकास, उन्नति, रक्षा और सुरक्षा के लिए संकल्पित है।' ये संदेश हिंदू समाज के दिलों में घर कर गया। गैर भाजपाई दलों के बारे में ये धारणा बनाई गई कि ये दल धर्मनिरपेक्षता के नाम पर मुस्लिम तुष्टिकरण करते हैं और हिंदू विरोधी हैं। यह भी कि इन दलों की सत्ता में सनातन धर्म और सनातनी सुरक्षित नहीं रह सकते। भाजपा के इस परसेप्शन को तोड़े बिना गैर भाजपाई दलों का सर्वाइवल नहीं हो सकता। इस अहसास से ही धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा को सर्वोपरि मानने वाले दल अब किसी भी तरह से एक्स्ट्रा मुस्लिम केयर करते दिखना नहीं चाहते।

खासतौर से उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी पर मुस्लिम परस्त पार्टी होने के इल्जाम लगाकर भाजपा ने यूपी में दो बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई और योगी आदित्यनाथ ने निरंतर दूसरी बार मुख्यमंत्री बनकर करीब पौने चार दशक बाद सूबे में इतिहास रचा। हिंदुत्व का सबसे बड़ा चेहरा बनकर योगी राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता के रूप में स्थापित हुए। अयोध्या विवाद के बाद से देश की राजनीति का केंद्र बने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और फिर बसपा के हाशिए पर आने और भाजपा के जनाधार में बेहद इजाफा होने के बाद सपा ही एकतरफा विपक्ष की भूमिका में स्थापित है।

ऐसे में भाजपा से लड़ने के लिए सपा को चालीस फीसद से अधिक जनाधार के लिए बहुसंख्यकों (हिंदू समाज) का विश्वास जीतना जरूरी है और इसके लिए गैर यादव पिछड़ी जातियों और दलितों को अपने साथ लाने के लिए पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने पीडीए के फार्मूले पर काम करना शुरू किया। उन्हें पता है कि अब पहले की तरह 'एमवाई' फैक्टर से पच्चीस-तीस फीसद वोट हासिल कर सत्ता हासिल नहीं की जा सकती। पूर्व के समय में सपा, बसपा, कांग्रेस और भाजपा सबकी थोड़ी ज्यादा कम, लेकिन सबकी ठीक-ठाक ताकत थी। पच्चीस से तीस फीसद वोट हासिल कर सत्ता बन जाती थी।

> यूपी से बिहार तक विपक्ष की राजनीति में 'एम' साइलेंट कर दिया गया है। 'एम-वाई' वाले इस 'एम' का कभी सियासत में सिक्का चलता था।

### आमने-सामने



दुनिया में क्रिसमस के दौरान शहर खूबसूरती से जगमगा उठते हैं और यह उत्सवी रोशनी महीनों तक चल सकती है। हमें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें दीयों और मोमबत्तियों पर पैसा खर्च करने और इस प्रक्रिया पर इतना ज्यादा सोचने की क्या जरूरत है?
-अखिलेश यादव
सपा प्रमुख

अखिलेश यादव का बयान न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि हमारे त्योहारों के प्रति असंवेदनशीलता भी दर्शाता है। दीये और मोमबत्तियां हमारी परंपरा का हिस्सा हैं, जो हर घर की भावना और भक्ति का प्रतीक हैं। उन्हें भारत की विविध परंपराओं का सम्मान करना चाहिए।
-अमित मालवीय बीजेपी
आईटी सेल प्रमुख



## बढ़ता टैरिफ और आसमान छूते सोना-चांदी



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

यह साल भारतीय निवेशकों और खरीदारों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। एक तरफ विश्व व्यापार में बढ़ती टैरिफ अनिश्चितता (Tariff Uncertainty) ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता पैदा कर दी है, तो दूसरी तरफ सोना और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी ने आम उपभोक्ता की जेब पर सीधा असर डाला है। जब हर भारतीय घर, दिवाली पर धन का स्वागत करने की परंपरा निभाता है, तब यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या इस बार भी सोना-चांदी खरीदना सही रहेगा या कुछ नए, समझदारी भरे निवेश विकल्प अपनाए जाएं!

विश्व अर्थव्यवस्था इस समय परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा आयात-निर्यात शुल्क में बढ़ोतरी से कई बाजारों में टैरिफ अनिश्चितता बनी हुई है। इसके बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने भारत की विकास दर 2025-26 के लिए 6.6% अनुमानित की है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। मगर बढ़ते वैश्विक शुल्क, डॉलर की मजबूती और महंगाई के दबाव ने कीमती धातुओं को निवेशकों के लिए एक सुरक्षित ठिकाना बना दिया है। यही वजह है कि इस साल सोना और चांदी ने इतिहास रच दिया है। भारत में चांदी की आपूर्ति घटने से बाजार में संकट जैसी स्थिति है और Silver ETFs अब 10-15% प्रीमियम पर बिक रहे हैं। Kotak Mahindra और HDFC AMC जैसे कई फंड हाउसों ने चांदी ETF में नए निवेशों को अस्थायी रूप से रोक दिया है, क्योंकि फिजिकल चांदी की उपलब्धता बेहद कम हो गई है। त्योहार के मौसम में ऐसे माहौल में निवेशकों के लिए भावनाओं से अधिक विवेक का प्रयोग जरूरी है। कई प्रतिष्ठित ज्वैलर्स इस समय रेट लॉक-इन ऑफर या प्री-बुकिंग स्कीम दे रहे हैं। इससे आप अचानक बढ़ती कीमतों से कुछ सुरक्षा पा सकते हैं। खरीदते समय हॉलमार्क, शुद्धता प्रमाणपत्र और बिलिंग अवश्य लें।

जो निवेशक फिजिकल खरीद के बजाय आधुनिक तरीकों को अपनाना चाहते हैं, उनके लिए डिजिटल विकल्प एक बेहतरीन अवसर हैं। Gold ETFs में सितंबर 2025 में रिकॉर्ड 7,500 करोड़ का निवेश हुआ और भारत में उनका कुल AUM (Assets Under Management) अब $10 बिलियन से ऊपर है। यह दर्शाता है कि लोग अब पारंपरिक गहनों के बजाय डिजिटल गोल्ड की ओर बढ़ रहे हैं। Silver ETFs और Digital Gold आपको कम पूंजी में निवेश का मौका देते हैं और इन्हें कभी भी बाजार मूल्य पर खरीदा या बेचा जा सकता है। इसके अलावा, Sovereign Gold Bonds (SGB) जैसे सरकारी साधन भी सुरक्षित निवेश माने जाते हैं। भले ही फिलहाल नए इश्यू बंद हैं, लेकिन पुराने बांडों में निवेश या आंशिक लाभ बुकिंग का अवसर अभी भी उपलब्ध है।

यदि आप दीर्घकालिक निवेश की सोच रहे हैं, तो सोना-चांदी के साथ-साथ म्युचुअल फंड्स, बैंक एफडी, सरकारी बॉन्ड और डेब्ट फंड्स में निवेश का संतुलन बनाना बहुत जरूरी है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि कुल निवेश का 20-25% ही कीमती धातुओं में लगाया जाए, बाकी राशि को स्थिर या मध्यम जोखिम वाले विकल्पों में बांटें। इस तरह का पोर्टफोलियो आपको सुरक्षा, स्थिरता और अवसर तीनों देगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी व्यक्ति के पास 1,00,000 निवेश का बजट है, तो वह 20,000 फिजिकल गोल्ड या सिल्वर में, 25,000 ETFs या डिजिटल विकल्पों में, 30,000 म्युचुअल फंड्स या बॉन्ड्स में, 15,000 नकदी या लिक्विड फंड में और 10,000 अवसर निवेश के लिए अलग रख सकता है।

त्योहारी सीजन में 'डिप पर खरीद' रणनीति अपनाना भी बुद्धिमानी भरा कदम होगा। कीमतें ऊंचाई पर हैं, लेकिन दिवाली के बाद कुछ सुधार की संभावना रहती है। यदि सोना 1,20,000 या चांदी 1,60,000 तक गिरती है, तो चरणबद्ध खरीदारी शुरू की जा सकती है। यह ध्यान रखना चाहिए कि बाजार का 'सबसे निचला स्तर' पकड़ना लगभग असंभव है, इसलिए एक साथ बड़ी खरीदारी से बचें। धीरे-धीरे खरीदने से जोखिम कम होगा और औसत लागत नियंत्रित रहेगी।

बढ़ती कीमतों के बावजूद कुछ जोखिम और सावधानियां भी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह उछाल 'Parabolic Rally' की तरह है। यानी अत्यधिक तेज, लेकिन अस्थिर। यदि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती नहीं करता या डॉलर मजबूत होता है, तो सोने में 10-12% तक की गिरावट संभव है। रुपया अगर और कमजोर होता है, तो भारत के लिए आयात महंगा होगा, जिससे घरेलू कीमतें और बढ़ेंगी। भावनात्मक या भीड़ के दबाव में निवेश (FOMO) से बचना चाहिए और अपने जोखिम क्षमता के अनुसार निवेश करना चाहिए।

2025 में सोना-चांदी की मांग के पीछे कई वैश्विक कारण हैं। अमेरिकी महंगाई, भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर की कमजोरी और केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद ने इस उछाल को बढ़ावा दिया है। चीन, रूस और भारत जैसे देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा बढ़ा रहे हैं। वहीं, इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर पैनलों और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में चांदी की मांग 2025 में 8.6% बढ़कर 1.3 अरब औंस तक पहुंच चुकी है।

> यह साल भारतीय निवेशकों और खरीदारों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। टैरिफ की अनिश्चितता ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता पैदा कर दी, तो सोना और चांदी की कीमतों ने जेब पर सीधा असर डाला है।

### सोशल फोरम

## एक लाटरी... और फिर बचपन का खो जाना

लंदन की जेन पार्क ने जब 8.4 करोड़ रुपये की लॉटरी जीती थी, तब वह ब्रिटेन की सबसे कम उम्र की लॉटरी विजेता बनी थीं। सिर्फ 17 साल की उम्र में वह करोड़ों की मालकिन बन गई थीं। लॉटरी लगते ही जेन को लगा था कि दुनिया उसके कदमों में है, लेकिन वक्त ने बताया कि वो जीत नहीं, एक सजा थी। दोस्त दूर हो गए। वे लोग पास आ गए, जिन्हें सिर्फ उसके पैसों में दिलचस्पी थी।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

एक दिन जेन ने कहा, "मेरे पास सब कुछ है, सिवाय किसी अपने के। काश मेरे पास ये पैसे न होते! लोग सोचते हैं कि मैं खुश हूं, पर सच ये है कि मैं बहुत अकेली हूं। मुझे समझ ही नहीं आया कि मेरी जिंदगी का मकसद क्या है।"

जेन को लगने लगा था कि उस उम्र में इंसान को यह पता ही नहीं होता कि इतना सब कुछ कैसे संभालें।

जेन के शब्दों में, "किसी कीमत पर किसी बच्ची की मासूमियत की हत्या मत कीजिए।"

मुझे सुनिधि चौहान की याद आती है। सिर्फ 13 साल की उम्र में टीवी शो 'मेरी आवाज़ सुनो' की विजेता बनीं। उसी साल फिल्म 'शस्त्र' में गाने का मौका मिला। वो उनके जीवन की लॉटरी थी, लेकिन वो भी बचपन की कीमत पर मिली लॉटरी थी। जब मैंने उनसे कहा कि आजकल कई बच्चे रिएलिटी शो में जीत रहे हैं, तो वो कुछ देर चुप रहीं। फिर धीरे से बोलीं, "कभी-कभी मैं चाहती हूं कि वो बच्चा न जीते, क्योंकि जीतने के बाद उनकी जिंदगी, उनकी मासूमियत, दोनों बदल जाते हैं।"

उनकी आंखों की खामोशी, शब्दों से कहीं ज्यादा कह रही थीं।

अब मुझे मैथिली ठाकुर की चिंता होती है। वो भी एक बच्ची है, प्रतिभाशाली, मधुर, सच्ची। कानूनी रूप से बालिग, पर उम्र के लिहाज से अभी बहुत छोटी। मैं उससे कई बार मिला हूं, उसके सुरों में मिट्टी की खुशबू है। पर अब वही बच्ची बिहार में चुनावी मैदान में है। शायद पिता को अच्छा लगा हो कि बेटी की लॉटरी लग गई है और अब सिर्फ गाए नहीं, शासन भी करे। पर क्या यह उचित है? उसके लिए? उसके भविष्य के लिए? राजनीति टाइगर की सवारी है, एक बार चढ़ गए तो उतरना कठिन होता है। टाइगर खा जाता है। स्मृति को देख लीजिए। कंगना को देख लीजिए। आज वो क्या हैं, और जनता को क्या दे पा रही हैं। -फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## स्कूलों में भेदभाव के अंधेरे को दूर करना जरूरी

अनेक ग्रामीण अंचलों में आज भी घर-घर, गली-गली, बस्तियों में ऐसा फर्क मौजूद है, जो न केवल जमीन पर दिखाई देता है, बल्कि रिश्तों, रोजगार और बच्चों की उम्मीदों पर भी गहरा असर डालता है। एक तरफ अलग बस्तियां और सीमित सार्वजनिक स्थान हैं, दूसरी तरफ बातचीत में छोड़ दिया जाना, पानी के स्रोतों व बर्तन के उपयोग में पृथक व्यवहार और तिरस्कार भी आम है। यह केवल व्यक्तिगत कटुता नहीं, बल्कि सामूहिक तौर पर बनी हुई असमानता का परिणाम है, जो किस्सों और नियमों के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है।

स्कूलों में यह असमानता अक्सर सूक्ष्म रूप में ही दिखाई देती है, पर असर बहुत बड़ा होता है। बच्चों का अलग बैठना, शौचालय और पेयजल के उपयोग में भेदभाव, शिक्षकों या साथी छात्रों द्वारा तिरस्कारपूर्ण व्यवहार, ऐसे अनुभव बच्चों के आत्मसम्मान को कम करते हैं और उन्हें स्कूल से दूरी बनाने पर मजबूर कर सकते हैं। अध्ययनों ने यह दिखाया है कि जो बच्चे इन स्थितियों को झेलते हैं, विशेषकर लड़कियां, वे जल्दी स्कूल छोड़ देती हैं। उनकी सीखने की उपलब्धियां कम होती है और उच्च शिक्षा या नौकरी के अवसरों से वंचित रह जाती हैं। शिक्षा क्षेत्र में किए गए विश्लेषणों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जाति-आधारित असमानता और लिंग-आधारित अपेक्षाएं मिलकर एक विषम बाधा बन जाती हैं, जिससे सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं भी दब कर रह जाती हैं।



भावना मेव
एक्टिविस्ट

जातिगत भेदभाव किशोरियों पर असर कई गुना गहरा डालता है। परिवारों में संसाधन सीमित होने पर प्राथमिकता अक्सर लड़कों को दी जाती है और जहां समुदाय के भीतर तिरस्कार या हिंसा का भय रहता है, वहां माता-पिता अपनी बेटियों को स्कूल भेजने से हिचकिचाते हैं। परिणामस्वरूप किशोरियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक भागीदारी प्रभावित होती है। उनकी स्वायत्तता सीमित रहती है और वे अपने अधिकारों की जानकारी व प्रयोग से दूर रहती हैं। साथ ही, जब कोई बच्चा स्कूल में बार-बार अपमानित होता है, तो उसका मनोवैज्ञानिक असर दीर्घकालिक होता है। उसके आत्मविश्वास में गिरावट, बोलने-लिखने में संकोच और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी की कमी स्पष्ट रूप से नजर आने लगती है। इस तरह का बहु-आयामी नुकसान परिवार, समुदाय और समाज की प्रगति तीनों को पीछे धकेल देता है। आंकड़े यह याद दिलाते हैं कि यह सिर्फ व्यक्तिगत तकलीफ नहीं बल्कि संरचनात्मक चुनौती है।

इस मामले में केवल कानून होने से काम नहीं चलता। नियमों के पालन, स्थानीय प्रशासन की संवेदनशीलता और समुदाय स्तर पर व्यवहार में बदलाव की जरूरत है। इस असमानता से होने वाला नुकसान न केवल क्षणिक है, बल्कि भविष्य के संसाधनों और संभावनाओं पर असर डालता है। शिक्षा में गिरावट अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी घटाती है। स्वास्थ्य संकेतकों को नीचे लाती है और सामाजिक तनावों को बढ़ाकर स्थानीय विकास परियोजनाओं और सहयोगी पहलों को कम प्रभावी बनाती है। जब किसी समुदाय की कुछ आबादियां बार-बार अपमान या हिंसा झेलती हैं, तो उनकी भागीदारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भी कम हो जाती है। दिवाली के इस पावन अवसर पर एक छोटी अपील और भी जरूरी बन जाती है। दीप जलाकर केवल अंधेरे का विरोध नहीं किया जाता, बल्कि एक-दूसरे को रोशनी देने की ठानी जाती है। इसी तर्ज पर हमें अपने गांवों में, मोहल्लों में, विद्यालयों में और समाज में ऐसा माहौल बनाने की जरूरत है, जहां सभी लोग बिना भेदभाव के खुल कर बोल सकें, लोकतांत्रिक अधिकार के साथ अपनी बात कह सकें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

भारत में पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है। बढ़ते ईंधन के दाम, पर्यावरण की चिंता और तकनीकी प्रगति ने लोगों को इलेक्ट्रिक बाइक्स की ओर तेजी से आकर्षित किया है। कम रनिंग कॉस्ट और कम मेंटेनेंस खर्च के कारण अब यह पारंपरिक पेट्रोल बाइक्स का मजबूत विकल्प बन चुकी हैं। यह देश के तमाम जगह पर उपलब्ध है। अगर आप भी नई इलेक्ट्रिक बाइक्स खरीदने की सोच रहे हैं, तो आज हम आपको बताते हैं, पांच किफायती और स्टाइलिश ई-बाइक्स, जो दमदार परफॉर्मेंस, शानदार रेंज और आधुनिक डिजाइन के साथ आती हैं। इसमें सबसे अहम बात, ये आपके बजट में भी आसानी से फिट हो जाएंगी।

# इलेक्ट्रिक बाइक्स की बढ़ती लोकप्रियता



## ओला रोडस्टर एक्स

ओला रोडस्टर एक्स भारतीय बाजार की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक बाइक है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 74,999 रुपये है। 2.5 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक से लैस यह बाइक एक बार फुल चार्जिंग में 140 किमी तक का सफर तय करती है। इसका लुक मॉडर्न और आकर्षक है। सिर्फ 105 किलोग्राम वजन वाली यह बाइक हल्की, स्मूथ और शहर की सड़कों पर चलाने में बेहद आरामदायक है। इसकी टॉप स्पीड 105 किमी/घंटा है और यह सिर्फ 3.4 सेकंड में 0 से 40 किमी/घंटा की स्पीड पकड़ लेती है।

## रोवोल्ट आरवी-1



रोवोल्ट आरवी-1 की कीमत 94,990 रुपये है और इसमें 2.2 केडब्ल्यूएच बैटरी दी गई है, जो एक बार चार्ज होने पर 100 किमी (इको मोड) तक का सफर तय करेगी। यह लुक वाइज आकर्षक होने के साथ-साथ इसमें कई कलर में भी उपलब्ध हैं। सिर्फ 105 किलोग्राम वजन वाली यह बाइक चलाने में बेहद हल्की और स्मूथ है।

## ओबेन रोरर ईज

ओबेन रोरर ईज को शार्प ग्राफिक्स वाला स्पोर्टी डिजाइन इसे एक प्रीमियम लुक देता है। साथ ही राइडिंग पोजिशन शहर और लंबी यात्राओं, दोनों के लिए आरामदायक है। इसका इंजन स्मूथ और रिस्पॉन्सिव है, जो अच्छा पिकअप और माइलेज बैलेंस प्रदान करता है। 99,999 रुपये में आने वाली ओबेन रोरर ईज में 2.6 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी गई है, जो एक बार फुल चार्ज होने पर 110 किमी तक का सफर तय करती है। परफॉर्मेंस के मामले में यह बाइक 125 सीसी पेट्रोल बाइक की बराबरी करती है।



## मैटर ऐरा 5000



मैटर ऐरा 5000, 1.81 लाख की कीमत में फीचर्स से भरपूर बाइक है। इसमें 5 केडब्ल्यूएच बैटरी के साथ 172 किमी की रेंज और 105 किमी/घंटा की हाई स्पीड मिलती है। इसके 7-इंच टीएफटी डिस्प्ले और स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स इसे टेक-लवर्स के लिए एक शानदार विकल्प बनाते हैं।

## अल्ट्रावायलेट एफ 77 सुपरस्ट्रीट

अल्ट्रावायलेट एफ 77 सुपरस्ट्रीट सबसे प्रीमियम और पावरफुल इलेक्ट्रिक बाइक है। इसमें तीन राइडिंग मोड उपलब्ध हैं – ग्लाइड, कॉम्बैट और बैलिस्टिक, जो मोटे तौर पर इको, नॉर्मल और स्पोर्ट को संदर्भित करते हैं। 2.99 लाख की कीमत में 7.1 केडब्ल्यूएच बैट्री के साथ 211 किमी की रेंज देती है। इसकी टॉप स्पीड 155 किमी/घंटा है और यह सिर्फ 3 सेकंड में 0 से 60 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है। यह बाइक 300–350 सीसी पेट्रोल मोटरसाइकिल जितनी परफॉर्मेंस देती है।





पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक स्कूटरों (ईवी) की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है, लेकिन इनके साथ एक गंभीर चिंता भी सामने आई है- बैटरी फटने (एक्सप्लोड) की घटनाएं। ये हादसे न सिर्फ वाहन को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि जान-माल के लिए भी खतरा बन सकते हैं। आमतौर पर ऐसी घटनाएं बैटरी की गलत हैंडलिंग, चार्जिंग की लापरवाही या घटिया गुणवत्ता की बैटरी के उपयोग के कारण होती हैं। आइए समझते हैं कि यह समस्या क्यों होती है और इससे कैसे बचा जा सकता है।

# ईवी की बैटरी फटने के कारण और बचाव के टिप्स

### ओवर चार्जिंग से खतरा

बैटरी जब पूरी तरह चार्ज होने के बाद भी चार्जर से नहीं हटाई जाती है, तो उसमें अत्यधिक गर्मी पैदा होती है। लगातार ओवरचार्जिंग से बैटरी के अंदर के सेल्स कमजोर पड़ जाते हैं और फटने का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए जैसे ही बैटरी फुल चार्ज हो जाए, चार्जर को तुरंत हटा दें और चार्जिंग के समय पर ध्यान रखें।

### गर्मी और सीधी धूप का असर

बैटरी को लंबे समय तक तेज धूप या अत्यधिक गर्म वातावरण में रखने से उसके अंदर रासायनिक असंतुलन हो सकता है, जिससे विस्फोट की संभावना बढ़ जाती है। बेहतर होगा कि स्कूटर को हमेशा छायादार या ठंडी जगह पर पार्क करें और अत्यधिक गर्मी से बचाएं।

### नकली या घटिया बैटरी का इस्तेमाल

कई बार लोग कम कीमत के लालच में स्थानीय या नकली बैटरियां लगवा लेते हैं, जो सुरक्षा मानकों पर खरी नहीं उतरतीं। ऐसी बैटरियां अधिक गर्म होकर फट सकती हैं। हमेशा प्रमाणित ब्रांड की और निर्माता द्वारा बताई बैटरी का ही उपयोग करें।

### गलत चार्जर का उपयोग

हर बैटरी के लिए एक निश्चित वोल्टेज और करंट रेटिंग होती है। अगर आप किसी असंगत चार्जर का इस्तेमाल करते हैं, तो यह बैटरी की संरचना को नुकसान पहुंचा सकता है और उसकी उम्र घटा देता है। इसलिए हमेशा वही चार्जर प्रयोग करें, जो स्कूटर के साथ मिला हो या जिसकी विशिष्टताएं बैटरी से मेल खाती हों।

### बैटरी को फिजिकली नुकसान

किसी दुर्घटना में बैटरी को झटका या डेंट लगता है, तो उसके अंदर शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जिससे विस्फोट का खतरा बढ़ जाता है। किसी भी प्रकार की फिजिकल डैमेज दिखने पर बैटरी को तुरंत बदलवा लें।

### अत्यधिक डिस्चार्जिंग से बचें

बैटरी को बार-बार पूरी तरह डिस्चार्ज करना उसकी सेहत के लिए हानिकारक होता है। इससे बैटरी सेल्स कमजोर होकर फेल हो सकते हैं। कोशिश करें कि बैटरी 20–30 प्रतिशत चार्ज पर ही रीचार्ज कर लें।



# नाइट ड्राइव का मजा बिना खतरे के अपनाएं ये समझदारी भरे उपाय

भारत में सड़कों की स्थिति अब पहले की तुलना में काफी बेहतर हो चुकी है। यही वजह है कि लोग अब दिन के साथ-साथ रात में भी कार से सफर करना पसंद करने लगे हैं। हालांकि रात की ड्राइविंग जितनी रोमांचक लगती है, उतनी ही चुनौतीपूर्ण भी हो सकती है। कम रोशनी, थकान और ट्रैफिक का अंदाजा न लगा पाना कई बार जोखिम भरा साबित होता है। कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर आप रात के सफर को सुरक्षित और सहज अनुभव में बदल सकते हैं।

### स्पीड पर रखें कंट्रोल

स्पीड पर नियंत्रण रखना हमेशा जरूरी है, लेकिन रात के समय यह और भी अहम हो जाता है। विजिबिलिटी कम होने के कारण सामने आने वाले वाहन या मोड़ों का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। तेज रफ्तार न सिर्फ आपकी, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकती है। इसलिए हमेशा सड़क और मौसम की स्थिति के अनुसार गति सीमित रखें और अचानक ओवरटेक से बचें।

### विंडशील्ड को रखें साफ

कार की गंदी विंडशील्ड रात में सबसे बड़ी परेशानी बन सकती है। सामने से आने वाली हेडलाइट्स की चमक गंदगी पर पड़कर दृश्यता को और कम कर देती है। इसलिए सफर पर निकलने से पहले विंडशील्ड को अच्छी तरह साफ करें और जरूरत पड़ने पर वाइपर फ्लूइड का इस्तेमाल करें। इससे आपकी विजिबिलिटी बेहतर बनी रहेगी।

### लाइट्स की जांच करें

रात में कार की लाइट्स आपकी आंखों का काम करती हैं। हेडलाइट-टेललाइट, इंडिकेटर या फॉग लैंप यह सभी का सही से काम करना बेहद जरूरी है। कई बार ड्राइवर लाइट खराब होने के बावजूद उसे नजरअंदाज कर देते हैं, जो जोखिम भरा हो सकता है। इसलिए हर सफर से पहले सभी लाइट्स की जांच करें और खराब बल्ब को तुरंत बदलवाएं।

### ब्रेक लेकर करें ड्राइविंग

लंबे सफर के दौरान थकान और नींद रात की ड्राइविंग में सबसे बड़ा जोखिम बन सकती है। लगातार कई घंटे गाड़ी चलाने से फोकस कम हो जाता है। इसलिए हर 1–2 घंटे में कुछ मिनट का ब्रेक लें, पानी पिएं या हल्का स्ट्रेच करें। यह न सिर्फ ड्राइवर को तरोताजा रखता है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी फायदेमंद है।



### संगीत सुनें, लेकिन संतुलन के साथ

रात के सफर को आनंददायक बनाने के लिए आप अपनी पसंद का संगीत सुन सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि आवाज बहुत तेज न हो। तेज आवाज में गाने सुनने से सड़क पर हॉर्न या आपातकालीन सायरन सुनाई नहीं देते, जो खतरनाक हो सकता है। हल्की आवाज में बजता संगीत मन को रिलैक्स रखता है और ड्राइविंग का अनुभव भी सुखद बनाता है।



## 25 तक दाखिल कर सकेंगे जीएसटीआर-3बी रिटर्न

**नई दिल्ली।** सरकार ने रविवार को मासिक जीएसटीआर-3बी कर भुगतान फॉर्म दाखिल करने की अंतिम तिथि पांच दिन बढ़ाकर 25 अक्टूबर कर दी है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि सितंबर और जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जीएसटीआर-3बी दाखिल करने वाले 25 अक्टूबर तक कर का भुगतान कर सकते हैं। सीबीआईसी ने 'एक्स' पर पोस्ट में जीएसटीआर-3बी दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की सूचना दी है।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन:** तुलसी 2550, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2245, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13 किग्रा 1975, जय जवान 1990, सचिन 2040, सूरज 1990, अवसर 1920, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1920, क्लासिक (किग्रा) 2130, मोर 2185, चक्र टिन 2315, ब्लू 2150, आशीर्वाद मस्टर्ड 2410, स्वास्तिक 2505

**किराना (प्रतिकु.):** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि.) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.):** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5किग्रा) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन:** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7450, दाल चना मोटी 7600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 8600, मोटा हीरा 10700, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8600, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी:** पीलीभीत 4400, सितारगंज 4300,

### हल्द्वानी मंडी

**चावल:** शरबती- 5300, मसूरी- 2000, बासमती- 9100, परमल- 3500

**दाल दलहन:** काला चना- 6900, साबुत चना दाल- 6200, मूंग साबुत- 8100, राजमा- 11200-14100, दाल उड़द- 8600, साबुत मसूर दाल- 7100, मसूर दाल- 5500, उड़द साबुत- 8100, काबुली चना- 10000, अरहर दाल- 11000, लोबिया/करमानी- 7900

# वैश्विक रुझान बदलेंगे शेयर बाजार की चाल

## विदेशी निवेशकों के रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजे भी करेंगे बाजार को प्रभावित

- **बीएसई और एनएसई मंगलवार को विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र का करेंगे आयोजन**

नई दिल्ली, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में निवेशक छुट्टियों वाले इस सप्ताह के दौरान वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों के रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।

शेयर बाजार बीएसई और एनएसई मंगलवार, 21 अक्टूबर को एक विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र का आयोजन करेंगे। यह प्रतीकात्मक कारोबार दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक चलेगा। इस दिन सामान्य कारोबार नहीं होगा। इसके बाद दिवाली बलिप्रतिपदा पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि छोटा कारोबारी सप्ताह घटनाओं से भरा रहेगा और निवेशकों के लिए कई प्रमुख कारक सामने आएंगे। बाजार सहभागी सबसे पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे, जो व्यापक बाजार की दिशा तय करेंगे। मिश्रा ने कहा कि 21 अक्टूबर को संवत 2082 की शुरुआत के प्रतीक के रूप में एक घंटे का दिवाली विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र भावनात्मक संकेतों और त्योहारी उत्साह के लिए महत्वपूर्ण है।



### एफपीआई ने अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार में 6,480 करोड़ रुपये डाले

**नई दिल्ली।** पिछले तीन माह तक लगातार निकासी के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) अक्टूबर में अबतक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 6,480 करोड़ रुपये डाले हैं। इसकी मुख्य वजह मजबूत वृहद आर्थिक कारक हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले थे। अक्टूबर में नए सिरे से निवेश धारणा में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है और भारतीय बाजारों के प्रति वैश्विक निवेशकों के बीच नए विश्वास को दर्शाता है। इस उलटफेर के पीछे कई प्रमुख कारक हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख, प्रबंधक शोध, हिमांशु श्रीवास्तव के अनुसार, उभरते बाजारों में भारत का वृहद आधार अपेक्षाकृत मजबूत बना हुआ है। स्थिर वृद्धि, प्रबंधन के दायरे में मुद्रास्फीति और जुझारू घरेलू मांग से एफपीआई का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक तरलता की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है, अमेरिका में दरों में कटौती या कम से कम एक विराम की उम्मीद है। जैसे-जैसे जोखिम उठाने की क्षमता वापस आ रही है, वैसे-वैसे उच्च-लाभ वाले उभरते बाजारों में धन का प्रवाह बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त, भारतीय मूल्यांकन, जो दबाव में थे, अब अधिक आकर्षक हो गए हैं, जिससे 'गिरावट' में खरीदारी की रुचि फिर से बढ़ रही है। इसी तरह की राय व्यक्त करते हुए, जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई की रणनीति में इस बदलाव का मुख्य कारण भारत और अन्य बाजारों के बीच मूल्यांकन के अंतर में कमी है।

### शीर्ष सात का बाजार पूंजीकरण 2.16 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,16,544.29 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल को सबसे अधिक लाभ हुआ। गत सप्ताह सेंसेक्स 1,451.37 अंक या 1.75 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहीं। वहीं जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की पूंजी में गिरावट आई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर है। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

# आगामी तिमाहियों में दिखेगा दरों में कटौती का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

टायर विनिर्माता कंपनी सिएट लिमिटेड को उम्मीद है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कमी से आने वाली तिमाहियों में संरचनात्मक रूप से सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इससे दोपहिया वाहनों, छोटी कारों और ट्रैक्टर की मांग बढ़ेगी, खासकर ग्रामीण बाजारों में। यह बात कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्नब बनर्जी ने कही।

बनर्जी ने कहा कि दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन के बाद, तीसरी तिमाही में राजस्व समान या थोड़ा कम हो सकता है। हालांकि, इसे थोड़ा सुस्ती का समय माना जाता है। जीएसटी 2.0 दूसरी तिमाही के अंत में लागू हुआ, इसलिए इसका असर अगली तिमाहियों में भी दिखेगा। हम इस विकास को लेकर सकारात्मक हैं, जिससे छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों, छोटी कारों की मांग में वृद्धि होगी, और कुछ हद तक शहरों में भी मांग बढ़ेगी।

जीएसटी 2.0 ने टायर की मांग और समग्र वृद्धि के प्रभाव पर



- **सिएट के सीईओ ने कहा-ग्रामीण बाजारों में बढ़ेगी छोटी कारों व ट्रैक्टर की मांग**

बनर्जी ने कहा कि संरचनात्मक परिवर्तन होने के नाते, जीएसटी दर में कमी आगे बढ़ने के साथ मांग पर संरचनात्मक रूप से प्रभाव डालेगी और मांग में अचानक कोई उछाल नहीं आएगा।

बनर्जी ने कहा कि यह तिमाही वास्तव में थोड़ी सुस्ती वाली रहती है, क्योंकि दिसंबर में ठंड रहती है और उत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में मांग में कमी आती है। हमारा मजबूत सीजन अप्रैल, मई और जून है, जो गर्मी का मौसम है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन का टायर उद्योग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, लेकिन समय के साथ जीएसटी में कमी से मांग में सुधार होना चाहिए।

# त्योहार पर स्विगी, मैजिकपिन से खाना मंगाने वालों की संख्या में हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में त्योहारी उत्साह के बीच ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने का सामान पहुंचाने वाले मंच स्विगी और मैजिकपिन ने अपने ऑर्डर में भारी वृद्धि दर्ज की है। इससे पता चलता है कि कैसे पाक कला की चाहत अब देश के त्योहारों का केंद्र बन गई है।

भारत के तीसरे सबसे बड़े फूड डिलिवरी मंच मैजिकपिन के सीईओ अंशु शर्मा ने बताया कि दिवाली के नजदीक आते ही मंच और भी ज्यादा ऑर्डर के लिए तैयार है। हमें खाने-पीने के सामान के पिछले साल के आंकड़ों को दोगुना करने की उम्मीद है। स्विगी के फूड मार्केटप्लेस के मुख्य कारोबार अधिकारी सिद्धार्थ भाकू ने कहा कि मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे शहरों के लोग ऑर्डर देने में आगे रहे, जबकि सूरत, तिरुवनंतपुरम और वडोदरा



जैसे केंद्रों ने भी उत्साह दिखाया। भाकू के अनुसार, सभी महानगरों में चॉकलेट, लावा केक, मिठाइयों के ऑर्डर में सबसे ऊपर रहे, जबकि कोलकाता का बिरयानी के प्रति पुराना प्रेम बरकरार रहा। मैजिकपिन के शर्मा ने भी ऐसी राय व्यक्त करते हुए बताया कि नवरात्रि के दौरान मंच के सभी बाजारों में शाकाहारी और थाली के ऑर्डर लगभग 40 प्रतिशत बढ़ गए।

# त्योहारों के बाद मांग में कमी से गिर सकता है सोना

नई दिल्ली, एजेंसी

अगले सप्ताह सोने की कीमतों में कुछ हद तक स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हालिया रिकॉर्ड तेजी अब भी जारी है, लेकिन त्योहारों के बाद भौतिक मांग कम हो गई है। विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की।

वैश्विक और घरेलू बाजारों में नई ऊंचाइयों को छूने के बाद सर्राफा एक सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है, क्योंकि निवेशकों की नजर अमेरिकी वित्त पोषण विधेयक, प्रमुख वैश्विक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि सोने की कीमतों में कुछ स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकता है, क्योंकि मौजूदा बुनियादी बातों का पहले ही मूल्यांकन हो चुका है और सप्ताह के मध्य के बाद भौतिक मांग कम हो जाएगी।



- **अमेरिकी वित्त पोषण विधेयक, वैश्विक आंकड़ों व फेडरल रिजर्व की गतिविधियों पर निवेशकों की होगी नजर**

उन्होंने आगे कहा कि कारोबारी प्रमुख वैश्विक संकेतकों पर नजर रखेंगे, जिनमें चीन के आंकड़े, ब्रिटेन की मुद्रास्फीति, कई क्षेत्रों के पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी उपभोक्ता विश्वास के आंकड़े और फेडरल रिजर्व की गतिविधियां हैं। भारत में त्योहारी मांग और ईटीएफ की मजबूत खरीदारी के कारण पिछले सप्ताह सोना सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का वायदा भाव 5,644 रुपये या 4.65 प्रतिशत बढ़ा।

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती से तेजी रहने की आशंका

एंजल वन के प्रथमेश माल्या ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। नीतिगत अनिश्चितता, अमेरिकी शुल्क और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण 2025 तक इसमें तेजी बनी रहेगी। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का भाव 1,32,294 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, ऊपरी स्तर से गिरावट हुई, ये 1,27,008 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।




## बिहार विस चुनाव में वंशवाद का बोलबाला, उम्मीदवारों की सूची में नेताओं के रिश्तेदारों की भरमार

# वंशवाद में राजनीतिक दल नैतिक रूप से श्रेष्ठ नहीं

पटना, एजेंसी

बिहार की राजनीति में वंशवाद का दबदबा कायम है। इस चुनाव में भी बड़ी संख्या में उम्मीदवार या तो किसी स्थापित नेता के बेटे, बेटी व पत्नी हैं या निकट संबंधी हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ अरुण कुमार पांडे का कहना है कि वंशवाद के मामले में बिहार में कोई भी राजनीतिक दल खुद को नैतिक रूप से श्रेष्ठ नहीं कह सकता।

बिहार के 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों 6 और 11 नवंबर को मतदान व मतगणना 14 नवंबर को होगी। राजनीतिक दलों से कई चर्चित नेता अपने परिजनों को मैदान में उतार रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव (लालू प्रसाद के छोटे बेटे एवं उत्तराधिकारी) राघोपुर से, भाजपा के सम्राट चौधरी (पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के बेटे) तारापुर से, राजद के ओसामा शहाब (गैंगस्टर से राजनेता बने शहाबुद्दीन के बेटे) रघुनाथपुर से मैदान में हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता



- **राजनीतिक विशेषज्ञों ने कहा - नेता के बेटे बेटी व पत्नी हैं या निकट संबंधी ज्यादा**

सासाराम से, पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्रा के पुत्र एवं भाजपा के नितिश मिश्रा झंझारपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पुत्रवधू दीपा मांझी, जन सुराज की जागृति ठाकुर (पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पौत्री) मुरवा से, और चाणक्य प्रसाद रंजन (जद-यू सांसद गिरधारी प्रसाद यादव के पुत्र) बेलहर सीट, जद(यू) की कोमल सिंह (लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सांसद वीणा देवी की पुत्री) गायघाट से, चेतन आनंद (सांसद लवली आनंद के पुत्र) नवीनगर से, भाजपा के नितिन नवीन (नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र) बांकीपुर से, संजीव चौरसिया (गंगा प्रसाद चौरसिया के पुत्र) दीघा से, और राजद के राहुल तिवारी (राजद नेता शिवानंद तिवारी के पुत्र) शाहपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह राकेश ओझा (दिवंगत नेता विशेश्वर ओझा के पुत्र) शाहपुर से, वीणा देवी (राजद में शामिल हुए सूरजभान सिंह की पत्नी) मोकामा से और शिवानी शुक्ला (राजद के बाहुबली नेता मुन्ना शुक्ला की पुत्री) लालगंज से मैदान में हैं। पूर्व सांसद विजय कुमार के पुत्र ऋषि मिश्रा जाले से कांग्रेस की ओर से चुनाव लड़ रहे हैं।

### सभी दल लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति उदासीन

वंशवाद पर एएन सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान (पटना) में अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक विद्यार्थी विकास ने कहा कि राजनीति में जिस तरह से वशंवाद हो रहा है, वह यह दर्शाता है कि अब सभी राजनीतिक दल विचारधारा, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति उदासीन हो चुके हैं। लोगों को वशंवाद खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। ये लोग केवल इसलिए राजनीति में आ जाते हैं क्योंकि वे किसी स्थापित परिवार से आते हैं। ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि बिहार में शिक्षा को 77 वर्षों में प्राथमिकता नहीं दी गई। ग्रामीण आबादी में शिक्षा का स्तर कम है। हालिया जातीय सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार में 14.71% लोग ही दसवीं कक्षा तक पास हैं। वे राजनीतिक रूप से जागरूक नहीं हैं, और राजनीतिक दल इसका लाभ उठाकर वंशवाद को बढ़ावा देते हैं। राजद के प्रदेश प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि यह सच है कि आज साधारण कार्यकर्ता चुनाव लड़ने का सपना नहीं देख सकता। जब हर चुनाव में ग्लैमर एक अभिन्न हिस्सा बन गया है, तब आम कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता नहीं मिलती। उम्मीदवारों और दलों द्वारा बेहिसाब धन के इस्तेमाल ने चुनावी मैदान को असमान बना दिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि भाजपा उन्हीं नेताओं को महत्व देती है जिन्होंने संगठनात्मक काम किया है। इसका उदाहरण प्रधानमंत्री मोदी हैं। हमारे प्रधानमंत्री बहुत साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं।

# टिकट न मिलने पर फूट-फूटकर रोए राजद नेता कपड़े फाड़े, 2.70 करोड़ मांगने का आरोप

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए टिकट बंटवारे को लेकर रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद के घर के बाहर नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला, जब टिकट न मिलने पर एक नेता फूट-फूटकर रोने लगे, कपड़े फाड़ लिए और सड़क पर लेट गए। मधुबन सीट से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे मदन साह ने आरोप लगाया कि उनसे टिकट देने के एवज में 2.70 करोड़ रुपये मांगे गए थे। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

साह ने कहा कि मैं लंबे समय से पार्टी से जुड़ा हूं। 2020 में मैंने इसी सीट से चुनाव लड़ा और बहुत कम अंतर से भाजपा के उम्मीदवार से हारा था। इस बार टिकट मिलने का भरोसा था। मुझसे कहा गया कि 2.70 करोड़ रुपये दो। मैंने अपने बच्चों की शादी तक टाल दी और रुपयों की



लालू प्रसाद के घर के बाहर कुर्ता फाड़कर प्रदर्शन करते मदन प्रसाद शाह।

व्यवस्था की। अब मैं बर्बाद हो गया हूं। कम से कम मेरे रुपये तो लौटा दें। राजद नेताओं ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है कि पार्टी के किसी पदाधिकारी ने उनसे टिकट के बदले रुपये मांगे थे।

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार को समाप्त हो रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मधुबन सीट पर राजद स्वयं उम्मीदवार उतारेगा या यह सीट गठबंधन के किसी सहयोगी दल को सौंपी जाएगी।

### राजद की रितु के तेवर बगावती, लड़ेंगी निर्दल



राजद की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल ने रविवार को घोषणा की कि वह परिहार सीट से निर्दल चुनाव लड़ेंगी। रितु ने कहा कि उन्होंने ये निर्णय पार्टी द्वारा उनके विरोधी को टिकट देने पर लिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि कल शाम जैसे ही यह चर्चा फैली कि मुझे परिहार से टिकट न देकर बेलसंड से दिए जाने की संभावना है, परिहार की जनता के असंख्य फोन और फेसबुक-ट्विटर पर संदेश आने लगे। राजद नेता ने कहा कि पांच वर्षों से मैंने परिहार के लोगों के सुख-दुख को बहुत करीब से महसूस किया है।

# नमकहरामों के वोट की जरूरत नहीं : गिरिराज

पटना, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर इस टिप्पणी पर सियासी विवाद खड़ा हो गया है कि उन्हें नमकहरामों के वोट की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह टिप्पणी शनिवार को बिहार के अरवल जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए की।

बेगूसराय से भाजपा सांसद ने कहा कि मैंने एक मौलवी साहब से पूछा कि क्या उनके पास आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड है। उन्होंने कहा-'हां'। मैंने पूछा कि क्या ये कार्ड हिंदू-मुस्लिम के आधार पर बांटे गए हैं, तो उन्होंने कहा 'नहीं'। उन्होंने कहा कि जब मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मुझे वोट दिया तो उन्होंने 'हां' कहा, लेकिन जब मैंने कहा कि आपको खुदा का वास्ता तो बोले-नहीं, मैंने वोट नहीं दिया। मुस्लिम हमारी सभी केंद्रीय योजनाओं का लाभ तो लेते हैं, लेकिन हमें वोट नहीं देते। ऐसे लोगों को 'नमकहराम' कहा जाता है। मैंने मौलवी साहब से कहा कि मुझे नमकहरामों के

### केंद्रीय मंत्री के बिगड़े बोल



- **अल्पसंख्यक समुदाय पर टिप्पणी को सियासी विवाद हुआ खड़ा**

वोट नहीं चाहिए।

भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने मौलवी से पूछा कि क्या प्रधानमंत्री ने कभी उनका अपमान किया या उन्होंने (गिरिराज सिंह ने) स्वयं ऐसा कुछ किया तो जवाब मिला-'नहीं।' सिंह ने कहा कि फिर मैंने पूछा कि मेरी गलती क्या है कि आपने मुझे वोट नहीं दिया। जो उपकार को नहीं पहचानता, वही नमकहराम कहलाता है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने विकास के लिए कई बुनियादी ढांचागत कार्य किए हैं। सिंह ने कहा कि बिहार में सड़कों का निर्माण केवल राजग नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए नहीं, बल्कि जनता के लिए किया गया है, बिहार अब बदल चुका है, राजग सरकार समाज के हर वर्ग के लिए काम करती है, लेकिन मुसलमान भाजपा को वोट नहीं देते।

### जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश : राजद

राजद के प्रदेश प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा नेता हिंदू-मुस्लिम के अलावा कुछ और बोल ही नहीं सकते। वे बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा या स्वास्थ्य जैसे असली मुद्दों पर बात नहीं करते। जब उनसे विकास की बात कीजिए, तो वे धर्म का मुद्दा उठाकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। गिरिराज सिंह पहले भी ऐसे बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं।

# दीपावली से पहले बदली दिल्ली की आबोहवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण रविवार को वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी के करीब पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शहर में शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 296 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है।

- **प्रदूषण का स्तर बढ़ा, एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी के करीब**

दिल्ली के 38 निगरानी स्टेशनों में से 12 में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में है। आनंद विहार में सबसे अधिक एक्यूआई 430 रहा, वजीरपुर (364), विवेक विहार (351), द्वारका (335) और आरके पुरम (323) का स्थान रहा। सीपीसीबी के अनुसार, सिरी फोर्ट, दिलशाद गार्डन और जहांगीरपुरी जैसे अन्य क्षेत्रों में एक्यूआई 318 दर्ज किया गया। पंजाबी बाग में 313, नेहरू नगर में 310, अशोक विहार में 305 और बवाना में 304 रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 71 प्रतिशत थी।

# तमिलनाडु: योजनाओं के नाम हिंदी में रखने पर स्टालिन-भाजपा में रार

चेन्नई, एजेंसी

भाजपा की तमिलनाडु इकाई ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की टिप्पणी के लिए रविवार को उनपर पलटवार किया। स्टालिन ने हिंदी में योजनाओं के नाम रखने पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। स्टालिन के इस सवाल पर कि भ्रष्ट लोग भाजपा में शामिल होने के बाद कैसे पाक-साफ हो जाते हैं पर भाजपा ने कहा कि नकदी के बदले नौकरी घोटाले में शामिल पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी द्रमुक में हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री को खुद से यह सवाल पूछना चाहिए।

तमिलनाडु भाजपा के मुख्य प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने कहा कि स्टालिन ने भाजपा से कई सवाल पूछे हैं और जवाब मांगे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि मैं उनके सवालों का विस्तार से जवाब देता हूं। मुख्यमंत्री ने पूछा था कि सभी प्रमुख राष्ट्रीय योजनाओं और कानूनों का नाम केवल हिंदी व संस्कृत में रखना क्या अहंकार नहीं है? इसपर तिरुपति ने कहा कि अगर आप यह सवाल बिना यह जाने पूछ रहे हैं कि देश की आधिकारिक भाषा हिंदी है, तो यह आपकी अज्ञानता है। अगर आप जानबूझकर पूछ रहे हैं, तो यह आपका अहंकार है। स्टालिन के इस सवाल पर भी तिरुपति ने पलटवार किया कि केंद्रीय मंत्री खुद अवैज्ञानिक अंधविश्वास फैलाकर आबादी कम करने की बात क्यों कर रहे हैं।

### सनातन का उपहास कर जहर क्यों उगल रहे : भाजपा


भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री हिंदू धर्म/सनातन धर्म का उपहास करके बहुसंख्यक लोगों की आस्था के प्रति जहर क्यों उगल रहे हैं? क्या यह अल्पसंख्यक वोटों की चाहत में किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या यह शर्मनाक नहीं है? मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी पर भी भाजपा ने पलटवार किया कि विपक्ष शासित राज्यों में भ्रम पैदा करने के लिए राज्यपाल का इस्तेमाल करके आप क्या हासिल करना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि जब आप विपक्ष में थे, तो राज्यपाल से बार-बार मिलकर आप क्या हासिल करना चाहते थे? जो आप हासिल करना चाहते थे, वह हम क्यों न हासिल करें?

# फ्रांस : दुनिया के सबसे चर्चित लूव्र संग्रहालय से दिनदहाड़े नेपोलियन के बेशकीमती गहने चोरी

पेरिस, एजेंसी

दुनिया के सबसे चर्चित लूव्र संग्रहालय से चोर बेशकीमती नेपोलियन के गहने चुराकर फरार हो गए। यह हाल के दिनों में संग्रहालयों में हुई सबसे बड़ी चोरियों में से एक है। घटना ऐसे समय में हुई है जब लूव्र में सुरक्षाकर्मियों की कमी की शिकायत की गई है।

संस्कृति मंत्री रचिदा दाती के अनुसार, नेपोलियन तृतीय की पत्नी महारानी यूजनी का पन्ना-जड़ित एक मुकुट बाद में दीवारों के ठीक बाहर टूटी हुई अवस्था में बरामद हुआ। दाती ने इस चोरी को पेशेवरों का काम बताया जिसे बिना हिंसा चार मिनट में अंजाम दिया गया। घटनास्थल से प्राप्त चित्रों में सुरक्षाकर्मी भ्रमित पर्यटकों को कांच के पिरामिड और



● पर्यटकों से भरे संग्रहालय ने चोरों ने सिर्फ चार मिनट में की वारदात

आसपास के प्रांगणों से बाहर निकालते दिखे। अधिकारियों ने सीन नदी के किनारे निकटवर्ती सड़कों को बंद कर दिया। गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज़ ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे कई चोर एक खिड़की तोड़कर अंदर घुसे। वे बास्केट लिफ्ट के जरिए बाहर से अंदर घुसे थे। माना जा रहा है कि चोर नदी के किनारे वाले हिस्से से आए, जहां निर्माण कार्य चल रहा है तथा हॉल तक पहुंचने के लिए उन्होंने सामान चढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाली लिफ्ट का इस्तेमाल किया। चोरों ने नेपोलियन और महारानी से संबंधित 23 वस्तुओं के संग्रह से नौ वस्तुएं चुराईं और मोटरसाइकिल से भाग गए।

### पहले भी हुईं हैं चोरियां

लूव्र संग्रहालय में चोरी और डकैती के प्रयासों का लंबा इतिहास रहा है। वर्ष 1911 में संग्रहालय के पूर्व कर्मचारी ने मोनालिसा की पेंटिंग फ्रेम से चोरी कर ली थी, जिसे दो साल बाद बरामद किया गया था। इस घटना ने लियोनार्डो दा विंची के चित्र को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध कलाकृति बनाने में मदद की। लूव्र में मेसोपोटामिया, मिस्र से लेकर दुनिया भर की प्राचीन वस्तुओं, मूर्तिकला और चित्रकला की 33,000 से अधिक कृतियां हैं।

## दुनिया के तमाम देशों ने अपनाया दीपों का पर्व

# वैश्विक त्योहार दीपावली

● कई किसान और जनजातीय समुदाय दीपावली के बजाय अपने फसल त्योहार सारहुल, करमा, ओणम, बिहू, पोंगल को प्रमुख मानते हैं। इन्हीं त्योहारों को वे प्रमुख रूप से मनाते हैं।

यह सोचना ही काफी सुखद एहसास है कि बुराई पर अच्छाई की विजय का भारतीय पर्व दीपावली सिर्फ भारत में नहीं बल्कि दुनिया के 40 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है। कहीं इसका कारण भारतवंशियों की बहुतायत है तो कहीं स्थानीय स्तर पर स्वीकार्यता। रोशनी का पर्व दीपावली मनाने वाले देशों में अमेरिका और यूरोप ही नहीं हैं बल्कि अफ्रीका, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, खाड़ी में दीये रोशन होते हैं और कई मुस्लिम देशों में भी इस भारतीय त्योहार को धूमधाम से मनाया जाता है। कई देशों में इस त्योहार को आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई है और सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है।



### सिंगापुर में तैयारियां

सिंगापुर में हर साल की तरह इस बार भी दीपावली की तैयारियां कई दिन पहले से शुरू हो गई हैं। भारतीय मूल के नागरिकों के साथ-साथ सरकारी अधिकारियों और बहुसांस्कृतिक समूहों ने मिलकर पूरे देश में प्रकाश के पर्व की शुरुआत की है। पारंपरिक भारतीय दुकानों और भोजनालयों का केंद्र 'लिटिल इंडिया' इलाका एक उत्सव क्षेत्र में तब्दील हो चुका है। यहां जगमगाती रोशनी, सजीव सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य सजावट देखी जा है जो सिंगापुर की बहुजातीय संस्कृति को दर्शाते हैं।

### इन देशों में सबसे भव्य आयोजन

- नेपाल में पांच दिन का तिहार पर्व अत्यंत भव्य होता है, श्रीलंका में भी तमिल समुदाय में बड़े उत्साह से दिवाली मनाई जाती है।
- सिंगापुर में लिटिल इंडिया में सरकारी स्तर पर रोशनी और परेड का आयोजन होता है। मलेशिया में राष्ट्रीय अवकाश घोषित है।
- फिजी, मॉरीशस, त्रिनिदाद, गुयाना, सूरीनाम समेत कई देशों में प्रवासी भारतीयों की बहुतायत के कारण यह राष्ट्रस्तरीय आयोजन है।
- लंदन के ट्रैफलगार स्क्वायर पर सबसे बड़ा सार्वजनिक आयोजन होता है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर भी सार्वजनिक कार्यक्रम।

### इन देशों में आधिकारिक मान्यता

- भारत के अलावा नेपाल, श्रीलंका, मॉरीशस, फिजी, मलेशिया, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, गुयाना, सूरीनाम और सिंगापुर में दीपावली को आधिकारिक मान्यता दी गई है। इस दिन इन देशों में राष्ट्रीय अवकाश होता है।
- अमेरिका के तीन प्रांतों में सार्वजनिक अवकाश रहता है। न्यूयॉर्क के सार्वजनिक स्कूलों में अवकाश लागू। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और यूके के कई प्रांतों में भी स्थानीय संस्थानों की ओर से अवकाश घोषित किया गया है।

### मुस्लिम देशों में दीपावली

- सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया (बाली/जावा), यूएई, कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत जैसे खाड़ी देशों में दिवाली मनाई जाती है।
- इन देशों में भारतीय प्रवासियों की बड़ी आबादी है, समाज की बहु सांस्कृतिक नीति दूसरा कारण है।
- ज्यादातर देशों में यह समुदाय स्तरीय है, धार्मिक राज्य स्तरीय नहीं लेकिन मलेशिया और सिंगापुर में कानूनी अवकाश होता है।

### यहां धूमधाम नहीं

- बौद्ध बहुल लद्दाख, असम और अरुणाचल के क्षेत्रों में दिवाली मुख्य पर्व नहीं है। ईसाई बहुल उत्तर-पूर्व के मिजोरम, नगालैंड, मेघालय के कुछ हिस्सों में दीवाली का चलन कमजोर है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइल के लिए जासूसी के आरोपी को ईरान ने दी फांसी

**दुबई।** ईरान ने इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के मामले में दोषी करार दिए गए एक व्यक्ति को कोम शहर में फांसी दे दी। खबर के मुताबिक उच्चतम न्यायालय ने दोषी की सजा बरकरार रखी और क्षमादान के उसके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद शनिवार तड़के उसे फांसी दे दी गई। खबर में व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की गई है। हालांकि, बताया गया है कि उस पर यहूदीवादी शासन के साथ खुफिया सहयोग करने का आरोप लगाया गया था और उसे धरती पर भ्रष्टाचार तथा ईश्वर के खिलाफ शत्रुता का दोषी करार दिया गया था। इन अपराधों के लिए ईरान की इस्लामी दंड संहिता में मौत की सजा का प्रावधान है।

### हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के 20 कर्मचारियों को बंदी बनाया

**काहिरा।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने यमन की राजधानी सना में संयुक्त राष्ट्र के एक केंद्र पर हमला करने के एक दिन बाद रविवार को इस वैश्विक संगठन के 20 कर्मचारियों को बंदी बना लिया। यमन के लिए संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक के प्रवक्ता जीन आलम ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि विश्व निकाय के कर्मचारियों को सना के दक्षिण-पश्चिमी इलाके हादा स्थित केंद्र के अंदर बंदी बनाया गया। उन्होंने कहा कि रविवार को बंदी बनाये गये लोगों में पांच यमन के नागरिक और 15 अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विद्रोहियों ने पूछताछ के बाद संयुक्त राष्ट्र के 11 अन्य कर्मचारियों को रिहा कर दिया।

# तत्काल युद्धविराम करने पर सहमत हुए पाकिस्तान और अफगानिस्तान

## कतर और तुर्किये की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच दोहा में हुआ समझौता

इस्लामाबाद, एजेंसी

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एक सप्ताह से जारी लड़ाई के बाद दोनों देश तत्काल संघर्ष विराम करने और स्थाई शांति सुनिश्चित करने के वास्ते एक तंत्र का गठन करने पर सहमत हो गए हैं। कतर के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह सफलता पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और अफगानिस्तान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब के बीच दोहा में हुई वार्ता के बाद मिली।

इस वार्ता की मध्यस्थता कतर और तुर्किये ने की। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी लड़ाई में दर्जनों लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। बयान में बताया गया है, बातचीत के दौरान दोनों पक्ष तत्काल संघर्ष विराम करने और दोनों देशों के बीच स्थायी शांति एवं स्थिरता को मजबूत करने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए। इसमें कहा गया है कि दोनों पड़ोसियों ने आने वाले दिनों में और बैठकें करने पर भी सहमति व्यक्त की है ताकि दोनों देशों में सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए संघर्ष विराम को सही तरीके से लागू किया जा सके। यह घटनाक्रम पिछले सप्ताह काबुल के पास पाकिस्तानी हवाई हमलों के बाद सीमा पार झड़पों के कारण पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान की सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच हुआ है।

दोहा वार्ता शनिवार को शुरू हुई जिसमें पाकिस्तान ने अफगान तालिबान के प्राधिकारियों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ सत्यापन करने योग्य कार्रवाई करने का आग्रह किया। इस्लामाबाद टीटीपी पर अफगान धरती से सीमा पार आतंकवादी हमले करने का आरोप लगाता है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पाकिस्तान ने अफगान अधिकारियों से अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और इस्लामाबाद की वैध सुरक्षा चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। उसने कहा, पाकिस्तान कतर के मध्यस्थता प्रयासों की सराहना करता है और आशा करता है कि ये चर्चाएं क्षेत्र में शांति और स्थिरता में योगदान देंगी।



### दो साल से दोनों देशों के बीच बना हुआ है तनाव

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 2023 से ही संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। टीटीपी की ओर से बार-बार आतंकवादी हमले किए जाने के बाद से स्थिति और बिगड़ गई है। हाल में अशांत खैबर पख्तूनख्वा के ओरकजई जिले में हुए हमले ने भी तनाव बढ़ाया है। इस हमले में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर सहित 11 सैन्य कर्मियों की मौत हो गई थी। विदेश कार्यालय ने बुधवार को घोषणा की थी कि सीमा पर हालिया तनाव के बीच अफगानिस्तान के साथ अगले 48 घंटों के लिए एक अस्थायी संघर्षविराम पर सहमति बन गई है। बाद में शुक्रवार को संघर्षविराम की अवधि बढ़ा दी गई। लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने शुक्रवार देर रात अफगानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर फिर हवाई हमले किए जिसमें तीन अफगानी क्रिकेटर सहित कई लोग मारे गए। इस घटना के बाद, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नवंबर के अंत में होने वाली त्रिकोणीय टी20 सीरीज में भाग लेने से इन्कार कर दिया जिसमें पाकिस्तान भी शामिल था।

### दिवाली से पहले पाकिस्तान के पेशावर में बढ़ाई गई सुरक्षा

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में अधिकारियों ने सोमवार को हिंदू त्योहार दिवाली के मद्देनजर प्रांतीय राजधानी पेशावर और इसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रांतीय राजधानी के प्रमुख स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है, जबकि विशेष टीम को 24 घंटे गश्त और निगरानी का काम सौंपा गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और हिंदू समुदाय को बिना किसी भय या व्यवधान के दिवाली मनाने के लिए जिला प्रशासन और खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। त्योहार की तैयारियां जोरों पर हैं और हिंदू समुदाय के लोग मंदिरों और घरों को रोशनी, फूलों और पारंपरिक वस्तुओं से सजा रहे हैं। शहर भर के मंदिरों में विशेष प्रार्थनाएं, अनुष्ठान और सामुदायिक समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

# हमास की ओर से सेना पर गोलीबारी के बाद इजराइल ने दक्षिणी गाजा में बरसाए बम

● नेतन्याहू ने युद्धविराम उल्लंघन पर सेना को दिया कार्रवाई का निर्देश

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइली सेना ने रविवार को गाजा में विमान और तोपखाने का इस्तेमाल करते हुए कई ठिकानों पर हमला किया। सेना ने इजराइल के नियंत्रण वाले क्षेत्र में मौजूद हमास के चरमपंथियों की ओर से उसके सैनिकों पर गोलीबारी करने को इस हमले का कारण बताया है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा प्रमुखों के साथ विचार-विमर्श के बाद सेना को किसी भी युद्धविराम उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया, लेकिन युद्ध में वापसी की धमकी नहीं दी। हमास ने कहा कि राफा में किसी भी झड़प से उसका कोई लेनादेना नहीं है। ये हमले ऐसे समय हुए हैं जब इजराइल ने हमास की ओर से रात में सौंपे गए दो बंधकों के अवशेषों की पहचान की और फिलिस्तीनी समूह ने कहा है कि युद्धविराम वार्ता के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए बातचीत शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि ये अवशेष किबुत्ज़ नीर ओज के रोनेन एंगेल और किबुत्ज बेरी में मारे गए थाई कृषि मजदूर सोंथाया ओक्खारासरी के हैं। इस बीच, इजराइल ने गाजा और मिस्र के बीच राफा सीमा को अगली सूचना तक बंद रखने की धमकी दी है।



गाजा में इजराइली हमले मारे गए फिलिस्तीनियों के शव ले जाते लोग।

### गाजा में मानवीय सहायता भेजने पर इजराइल ने लगाई रोक

**तेल अवीव।** हमास की ओर से संघर्ष विराम उल्लंघन के बाद इजराइल ने गाजा में मानवीय सहायता भेजने पर अगली सूचना तक रोक लगा दी है। एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने रविवार को औपचारिक घोषणा तक नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी। सहायता भेजने पर यह रोक दो साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका द्वारा प्रस्तावित संघर्ष विराम की शुरुआत के लगभग एक सप्ताह बाद लगाई जा रही है। इजराइली सेना ने भी गाजा के कुछ हिस्सों पर हमले शुरू कर दिए हैं और उसका कहना है कि उसके सैनिकों पर हमास आतंकवादियों ने गोलीबारी की है।

### युद्धविराम उल्लंघन कर आम फिलिस्तीनियों पर हमला कर सकता है हमास

● अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने किया विश्वसनीय रिपोर्ट होने का दावा

**वेस्ट पाम बीच।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसके पास विश्वसनीय रिपोर्ट है कि हमास गाजा में फिलिस्तीनी आम नागरिकों पर हमला करके युद्धविराम का उल्लंघन कर सकता है। बयान में कहा गया है कि अगर हमला होता है तो यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इजराइल और हमास के बीच दो साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए किए गए समझौते का प्रत्यक्ष और गंभीर उल्लंघन होगा। संभावित हमले के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी गई। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा, अगर हमास यह हमला करता है तो गाजा के लोगों की सुरक्षा और संघर्षविराम को बनाए रखने के लिए कदम उठाए जाएंगे। ट्रंप ने इससे पहले सोशल मीडिया पर चेतावनी दी थी कि अगर हमास समझौते के विपरीत गाजा में हिंसा जारी रखता है तो हमारे पास वहां जाकर उन्हें मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने बाद में स्पष्ट किया कि वह गाजा में अमेरिकी सेना नहीं भेजेंगे। उन्होंने कहा, उनके नजदीक बहुत लोग हैं जो अंदर जाएंगे और वे आसानी से काम कर देंगे, लेकिन हमारी छत्रछाया में।

# बिना आधार मुझे जेल भेजने की तैयारी

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को कहा कि मौजूदा सरकार बिना किसी पर्याप्त आधार के उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पांच मार्च 2026 को आम चुनाव कराने को लेकर गंभीर नहीं है।

सत्ता से बेदखल होने के लगभग एक महीने बाद काठमांडू में वरिष्ठ पत्रकारों के साथ पहली बातचीत के दौरान ओली ने कहा कि उनकी पार्टी सीपीएन (यूएमएल) भंग प्रतिनिधि सभा को बहाल करने की मांग करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार उन्हें किसी भी तरह से गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है, जबकि उसके पास इसके लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं है। ओली ने भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के मुद्दे पर अपनी सरकार के खिलाफ जेन जी समूह के हिंसक प्रदर्शन के बाद सितंबर की शुरुआत में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश रह चुकीं सुशीला कार्की 12 सितंबर को अंतरिम प्रधानमंत्री बनी थीं।

जेन जी समूह प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बलप्रयोग का आरोप लगाते हुए सरकार से तत्कालीन प्रधानमंत्री ओली और गृह मंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। ओली ने कहा कि जेन जी समूह के प्रदर्शन के दौरान की गई आगजनी और तोड़फोड़ बाहरी तत्वों की घुसपैठ के कारण हुई थी, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कौन थे। ओली ने खतरे के बावजूद अपने कुछ सुरक्षाकर्मियों को वापस बुलाने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए माहौल नहीं बनाया है।



● ओली ने कहा- आम चुनाव के लिए गंभीर नहीं है अंतरिम सरकार

## ट्रंप ने कोलंबिया के राष्ट्रपति को मादक पदार्थों का सौदागर बताया

**पाम बीच।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह कोलंबिया को दी जाने वाली अमेरिकी धनराशि में कटौती करेंगे, क्योंकि वहां के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो मादक पदार्थों के उत्पादन को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पेट्रो को मादक पदार्थों का सौदागर बताया और चेतावनी दी कि वह अपने मादक पदार्थ कारोबार को बंद कर लें। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह पोस्ट फ्लोरिडा स्थित अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में रहने के दौरान किया। यह अमेरिका और लातिन अमेरिका में उसके सबसे करीबी सहयोगियों में से एक के बीच टकराव का नवीनतम संकेत है। ट्रंप ने कहा, अमेरिका से बड़े पैमाने पर भुगतान और सब्सिडी के बावजूद पेट्रो मादक पदार्थों के उत्पादन को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं, जो अमेरिका से दीर्घकालिक लूट से अधिक कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, आज से किसी भी प्रकार का भुगतान, या सब्सिडी कोलंबिया को नहीं दी जाएगी।

# यूक्रेन का रूस के प्रमुख गैस संयंत्र पर ड्रोन हमला

कीव, एजेंसी

यूक्रेन ने शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात में दक्षिणी रूस में एक प्रमुख गैस प्रसंस्करण संयंत्र पर ड्रोन से हमला किया, जिससे आग लग गई और संयंत्र को कजाकिस्तान से गैस की आपूर्ति रोकनी पड़ी।

रूसी और कजाख अधिकारियों के मुताबिक, हमले की चपेट में आया ओरेनबर्ग संयंत्र सरकारी स्वामित्व वाली गैस कंपनी गैजप्रोम द्वारा संचालित है और कजाक सीमा के निकट इसी नाम के क्षेत्र में स्थित है। यह एक उत्पादन और प्रसंस्करण परिसर का हिस्सा है जो अपनी तरह की दुनिया की सबसे बड़ी सुविधाओं में से एक है, जिसकी वार्षिक क्षमता 45 अरब घन मीटर है। ओरेनबर्ग अपने तेल और गैस क्षेत्रों के साथ-साथ कजाकिस्तान के कराचागानक क्षेत्र से गैस संघनित पदार्थों का प्रबंधन करता है।

क्षेत्रीय गवर्नर येवगेनी सोलन्त्सेव के मुताबिक, ड्रोन हमलों से संयंत्र की एक कार्यशाला में आग लग गई और इसका एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कजाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय ने रविवार को गैजप्रोम की अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि ड्रोन हमले के बाद आपातकालीन स्थिति के कारण संयंत्र अस्थायी रूप से कजाकिस्तान से आने वाली गैस को संसाधित करने में असमर्थ है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने रविवार को एक बयान में दावा किया कि ओरेनबर्ग संयंत्र में बड़े पैमाने पर आग लग गई, और इसकी एक गैस प्रसंस्करण और शोधन इकाई क्षतिग्रस्त हो गई। इस बीच, यूक्रेन के अभियोजकों ने दावा किया कि रूस यूक्रेन में नागरिकों पर हमला करने के लिए अपने घातक हवाई-निर्देशित बमों का रुख बदल रहा है।

खार्किव के अधिकारियों ने बताया कि रूस ने पहली बार एक नए रॉकेट-चालित हवाई बम का इस्तेमाल करके रिहायशी इलाके को निशाना बनाया। रूस ने शनिवार को लोजावा शहर पर हमले में यूएमपीबी-5आर नामक हथियार का इस्तेमाल किया, जो 130 किमी दूरी तक मार कर सकता है।



● यूक्रेन ने किया बड़े पैमाने पर आग लगने और एक इकाई नष्ट होने का दावा

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 अक्टूबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 15.44 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त 20.17 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज नए उद्यम की शुरुआत करने का विचार बनाएंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपको व्यापार में अपेक्षा से कम लाभ होगा। आप घर पर आराम करना चाहेंगे। परिजनों के साथ हंसी-मजाक और चर्चाओं का आनंद ले सकते हैं।

**वृष** – आज दिन की शुरुआत में कोई बुरी सूचना मिल सकती है। आपको बहुत सारा काम एक साथ करना पड़ सकता है। मित्रों की सहायता लेना उत्तम होगा। किंतु समय को व्यर्थ में बर्बाद न करें। लोग आपकी उपलब्धियों को कम करके आंक सकते हैं।

**मिथुन** – आज घर में किसी कारण कलह हो सकती है। जीवनसाथी से क्रोध और तनाव के लहजे में बातचीत करना उचित नहीं है। अपने आपको सही सिद्ध करने का प्रयास न करें। इससे आपकी प्रतिष्ठा को हानि पहुंच सकती है।

**कर्क** – आज आपकी दिनचर्या अत्यंत व्यवस्थित रहने वाली है। पहले की गई मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने सभी कार्यों को उत्साहपूर्वक करें। आपको पुराने संपर्कों से लाभ मिलेगा। वरिष्ठ लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे।

**सिंह** – आज व्यवसाय में पहले के ऑर्डर को पूरा करने का दबाव रहेगा। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचना चाहिए। अविवाहित लोगों को विवाह की चिंता रहेगी। उधार दिए हुए धन की चिंता रहेगी। महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर विचार-विमर्श कर सकते हैं।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में आपको इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। कानूनी अड़चनें दूर हो सकती हैं। जीवनस्तर को बेहतरीन बनाने की इच्छा मन में रहेगी। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। बिखरे रिश्तों को संभालने में मदद मिलेगी।

**तुला** – आज लोग आपकी भावनाओं का मजाक उड़ा सकते हैं। मनोनुकूल परिणाम न मिलने से मन उदास रहेगा। आप दूसरों से अधिक उम्मीद न करें। दिन का शुरुआती भाग बहुत अच्छा रहने वाला है। दिखावे में धन खर्च न करें।

**वृश्चिक** – आज पुरानी गलतियों से सीख कर आगे बढ़ना उचित होगा। नए व्यवसाय को आरंभ करने में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों का व्यवहार आपको आनंदित कराएगा। नए व्यक्तियों से परिचय मित्रता में बदल सकती है।

**धनु** – आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। नौकरी में स्थायित्व की स्थिति रहेगी। विरोधी लोगों से अधिक संपर्क न करें। घर और ऑफिस में मरम्मत और रखरखाव जैसा कार्य कर सकते हैं। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे।

**मकर** – आज अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। आपकी मानसिकता थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। अचानक यात्राओं से आपको परेशानी होगी। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। नसों में खिंचाव और दर्द जैसी समस्या को अनदेखा न करें।

**कुंभ** – आज कुछ आवश्यक कार्य प्रभावित होंगे। व्यवसाय में नया प्रयोग न करें। सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें। सर्वाइकल का दर्द उभर सकता है। कोई तनाव भरी सूचना मिल सकती है।

**मीन** – आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। किसी मित्र की मध्यस्थता से विवादों का निपटारा हो सकता है। विद्यार्थी अपने करियर और उच्च शिक्षा को लेकर अत्यंत आशान्वित रहेंगे। मांगलिक अवसरों की रूपरेखा बन सकती है।

## सुडोकू -135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 3 | | | 8 | |
| 4 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | 2 | | | 1 | | 3 | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| | 6 | | 2 | 7 | | 1 | | |
| | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | 2 | 7 | | | | | 1 | |

### सुडोकू - 134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 |



> विराट कोहली भारत के लिए 300 से ज्यादा मैच खेले हैं, इसलिए उनके लिए फॉर्म बस एक शब्द है। वह जानते हैं कि कैसे आगे बढ़ना है। उनके साथ एक ही ड्रेसिंग रूम में होना हमेशा किसी आशीर्वाद की तरह होता है। मुझे लगता है कि वह आगे इस सीरीज में ढेरो रन बनाएंगे।
> –अर्शदीप सिंह



हाईलाइट

### लियोनेल मेसी ने एमएलएस में दूसरी हैट्रिक लगाई

**नैशविले (अमेरिका) :** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई, जिससे इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेस्सी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं और वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। पिछली बार उन्होंने इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। इंटर मियामी के डिफेंडर इयान फ्रे ने कहा यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह (मेस्सी) हर मैच में हमारी जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। उनकी प्रशंसा करने के लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

### लेयला फर्नांडीज ने अपने करियर का पांचवां खिताब जीता

**ओसाका (जापान) :** लेयला फर्नांडीज ने रविवार को डब्ल्यूटीए जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा को 6-0, 5-7, 6-3 से हराकर अपने करियर का पांचवां खिताब जीता। अपने करियर के आठवें फाइनल में खेलते हुए फर्नांडीज ने पहला सेट 29 मिनट में जीत लिया। वैलेंटोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में फर्नांडीज की सर्विस तोड़कर मैच को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक सेट में 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी फर्नांडीज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और चेक गणराज्य की खिलाड़ी की चुनौती से पार पाकर जुलाई में डब्ल्यूटीए 500 डीसी ओपन जीतने के बाद सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

# रोहित और कोहली ने वापसी पर किया निराश

## ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारत को सात विकेट से हराया, बारिश के कारण 26-26 ओवरों का किया गया मुकाबला



कप्तान शुभमन गिल।

**पर्थ, एजेंसी**

विराट कोहली और रोहित शर्मा की लंबे समय बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कुल मिलाकर सिर्फ 22 गेंदों तक चली और उनके फीके प्रदर्शन का असर मैच के परिणाम पर भी दिखा जहां ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत पर 29 गेंद शेष रहते सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारतीय पारी के दौरान लगातार बारिश की वजह से मुकाबला 26-26 ओवर का कर दिया गया था।

भारत ने संघर्ष करते हुए नौ विकेट पर 136 रन बनाये लेकिन ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 21.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (आठ) ने शुरुआत में ही अर्शदीप सिंह की गेंद पर डीप थर्ड मैन पर हर्षित राणा को कैच थमा दिया। इसके बाद क्रीज पर आये मैथ्यू शॉर्ट (आठ) भी बिना कोई खास योगदान दिए पवेलियन लौट गए। कप्तान और स्थानीय गेंदबाज मिशेल मार्श (नाबाद 46 रन, 52 गेंद) ने जोश फिलिप (37 रन, 29 गेंद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की आक्रामक अहम साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बनाये रखा। अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा की भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों जैसा नियंत्रण नहीं दिखा पाई। इन गेंदबाजों ने मेजबान टीम को आसानी से रन बनाने के मौके दिये। मार्श ने उनकी खराब लाइन-लेंथ का फायदा उठाते हुए तीनों की गेंदों पर एक-एक छक्का जड़ा। इस दौरान सिराज की गेंद पर कवर क्षेत्र के ऊपर से लगाया गया छक्का मुख्य आकर्षण रहा। फिलिप ने भी आक्रामक पारी खेलकर अपने कप्तान का शानदार तरीके साथ साथ दिया।

उनके आउट होने के बाद पदार्पण कर रहे मैट रेनशॉ ने नाबाद 21 रन की पारी खेल कर ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी।

भारतीय टीम अपनी पारी की शुरुआत से ही किसी तरह की लय हासिल करने में नाकाम रही। बारिश के कारण कई बार खेल रुकने से स्थिति और मुश्किल हो गयी। लोकेश राहुल (30 गेंद में 38 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज सहज नहीं दिखा।

ऑस्ट्रेलिया ने बादलों की आंख-मिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की मददगार ऑप्टस स्टेडियम में पहले गेंदबाजी का फैसला किया जो सही साबित हुआ। रोहित शर्मा (आठ रन) नए कप्तान शुभमन गिल के साथ क्रीज पर आए तो स्टेडियम में मौजूद दर्शकों जोरदार स्वागत किया, लेकिन उनकी पारी सिर्फ 14 गेंद ही चली।

रोहित ने मिशेल स्टार्क के खिलाफ एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव खेल अपने सुनहरे दिनों की झलक दिखाई लेकिन उनकी पारी में यह आत्मविश्वास से जड़ा गया इकलौता शॉट साबित हुआ। वह जोश हेजलवुड की अतिरिक्त उछाल वाली गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले को छूती हुई दूसरी स्लिप में रेनशॉ के हाथों में चली गई। कोहली का स्वागत स्टेडियम में और भी जोरदार तालियों से हुआ, लेकिन वनडे क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल यह बल्लेबाज अपनी महानता से न्याय करने में विफल रहा। वह एक बार फिर अपनी पुरानी कमजोरी का शिकार बने। स्टार्क की बाहर निकलती गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश में गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर बैकवर्ड प्वाइंट की दिशा में गयी और कूपर कोनोली ने शानदार कैच पकड़ उनकी आठ गेंद की पारी को खत्म किया। कोहली पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे। सीनियर खिलाड़ियों को अब एडिलेड और सिडनी में होने वाले अगले वनडे मुकाबलों में ठोस प्रदर्शन दिखाकर यह साबित करना होगा कि उनके पास अभी लंबा सफर तय करने का माद्दा है। अपने दिग्गज साथियों के विपरीत शुभमन गिल आत्मविश्वास से भरे नजर आए पर नाथन एलिस की लेग साइड की गेंद को फ्लिक करने की लापरवाही में उन्होंने विकेटकीपर फिलिप को कैच थमा दिया।





उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी में कमाल न दिखा पाने से निराश भारतीय बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली। एजेंसी

### भारत

**136/9** (26 ओवर)

| | |
|---|---|
| रोहित का रेनशॉ बो हेजलवुड | 08 |
| शुभमन का फिलिप्स बो एलिस | 10 |
| कोहली का कोनोली बो स्टार्क | 00 |
| श्रेयस का फिलिप्स बो हेजलवुड | 11 |
| अक्षर का रेनशॉ बो कुहनेमैन | 31 |
| केएल राहुल का रेनशॉ बो ओवेन | 38 |
| वाशिंगटन सुंदर बो कुहनेमैन | 10 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 19 |
| राणा का फिलिप्स बो ओवेन | 01 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 00 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 6-1-22-1, हेजलवुड 7-2-20-2, एलिस 5-1-29-1, ओवेन 3-0-20-2, कुहनेमैन 4-0-26-2, शॉर्ट 1-0-17-0

### ऑस्ट्रेलिया

**131/3** (21.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श नाबाद | 46 |
| ट्रेविस हेड का राणा बो अर्शदीप | 08 |
| मैथ्यू शॉर्ट का रोहित बो अक्षर | 08 |
| फिलिप का अर्शदीप बो वाशिंगटन | 37 |
| मैट रेनशॉ नाबाद | 21 |

गेंदबाजी : सिराज 4-1-21-0, अर्शदीप 5-0-31-1, राणा 4-0-27-0, अक्षर 4-0-19-1, रेड्डी 2.1-0-16-0, वाशिंगटन 2-0-14-1

# इंग्लैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**इंदौर, एजेंसी**

- **भारत को महिला वनडे विश्व कप में चार रन से हराया**
- **हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा की अर्धशतकीय पारी गई बेकार**

भारतीय महिला टीम को स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा के अर्धशतकों के बावजूद रविवार को यहां आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में इंग्लैंड से चार रन से हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय टीम की लगातार तीसरी हार थी जबकि इंग्लैंड ने इस जीत से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। इंग्लैंड इस तरह सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के साथ शामिल हो गया।

वहीं भारत की यह दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से पराजय के बाद लगातार तीसरी हार थी। इससे भारत अब करो या मरो की स्थिति में पहुंच गया है और उसे अंतिम सेमीफाइनल स्थान हासिल करने के बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। बृहस्पतिवार को भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। भरोसेमंद बल्लेबाज नाइट के शतक और एमी जोन्स (56 रन) की अर्धशतकीय पारी के बाद इंग्लैंड की टीम शानदार शुरूआत के बावजूद आठ विकेट पर 288 रन ही बना सकी।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए मंधाना (88 रन), हरमनप्रीत (70 रन) और दीप्ति (50 रन) का अर्धशतक भी काम नहीं आ सका। टीम 50 ओवर में छह विकेट पर 284 रन बनाकर हार गई। ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 51 रन देकर चार विकेट झटककर गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करने के बाद अर्धशतक जड़ा। लेकिन अपने हरफनमौला के प्रदर्शन के बावजूद टीम को जीत तक नहीं ले जा सकीं। भारत को 53 गेंद में 55 रन बनाने थे और टीम ऐसी स्थिति में थी जब उसे अंतिम ओवर में 14 रन की दरकार थी लेकिन इंग्लैंड ने संयम बनाए रखा जबकि स्नेह राणा (नाबाद 10 रन) और अमनजोत कौर (नाबाद 18 रन) टीम को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सकीं। भारतीय टीम ने 10वें ओवर तक सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (06 रन) और हरलीन देओल (24 रन) के विकेट गंवा दिए थे।



जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाती इंग्लैंड की टीम। एजेंसी

### इंग्लैंड

**288/8** (50 ओवर)

| | |
|---|---|
| टैमी ब्यूमोंट बो दीप्ति शर्मा | 22 |
| जोंस का मंधाना बो दीप्ति शर्मा | 56 |
| हीथर नाइट रन आउट | 109 |
| नटाली ब्रंट का कौर बो श्री चरणी | 38 |
| सोफिया का दीप्ति बो श्री चरणी | 15 |
| एम्मा लैंब का मंधाना बो दीप्ति | 11 |
| एलिस कैप्से का देओल बो दीप्ति | 02 |
| चार्ली डीन नाबाद | 19 |
| सोफी एक्लेस्टोन रन आउट | 03 |
| लिन्से स्मिथ नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** रेणुका सिंह 8-0-37-0, क्रांति गौड़ 8-0-46-0, स्नेह राणा 10-0-56-0, श्री चरणी 10-0-68-2, दीप्ति शर्मा 10-0-51-4

### भारत

**284/6** (50 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रतिका रावल का जोंस बो बेल | 06 |
| स्मृति मंधाना का कैप्सी बो स्मिथ | 88 |
| हरलीन देओल पगबाधा बो डीन | 24 |
| हरमनप्रीत का लैंब बो साइवर ब्रंट | 70 |
| दीप्ति का डंकली बो एक्लेस्टोन | 50 |
| रिचा का नाइट बो साइवर ब्रंट | 08 |
| अमनजोत कौर नाबाद | 18 |
| स्नेह राणा नाबाद | 10 |

**गेंदबाजी :** लॉरेन बेल 9-0-52-1, लिन्से स्मिथ 10-0-40-1, नटाली साइवर ब्रंट 8-0-47-2, चार्ली डीन 10-0-67-1, सोफी एक्लेस्टोन 10-0-58-1, एलिस कैप्सी 3-0-20-0

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.818 |
| इंग्लैंड | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.490 |
| द.अफ्रीका | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | -0.440 |
| भारत | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.526 |
| न्यूजीलैंड | 5 | 1 | 2 | 2 | 4 | -0.245 |
| बांग्लादेश | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -0.676 |
| श्रीलंका | 5 | 0 | 3 | 2 | 2 | -1.564 |
| पाकिस्तान | 5 | 0 | 3 | 2 | 2 | -1.887 |

# पावरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद हमने वापसी की कोशिश की: गिल

**पर्थ, एजेंसी**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में शुरुआती तीन झटकों के बाद वापसी करना उनकी टीम के लिए आसान नहीं था लेकिन उन्होंने मैच में प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया। भारत ने पावरप्ले के ओवरों में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और गिल के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट गंवाए जिससे मेहमान टीम कभी उबर नहीं पाई और बारिश से बाधित मैच में सात विकेट से हार गई।

गिल ने मैच के बाद कहा जब आप पावरप्ले में तीन विकेट गंवाते हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। आप हमेशा वापसी करने की कोशिश करते हैं। इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला।कोहली (शून्य) और शर्मा (आठ) की शानदार वापसी केवल 22 गेंद तक ही रही जिससे भारत का स्कोर नौवें ओवर में तीन विकेट पर 25 रन हो गया। लेकिन गिल ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। उन्होंने कहा 26 ओवरों में 130 रन का बचाव करते हुए हम मैच को काफी गहराई तक ले गए इसलिए हम इससे संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में प्रशंसकों की भारी भीड़ टीम को सीमित ओवरों के दौरे पर प्रेरित करेगी। गिल ने कहा हम भाग्यशाली हैं कि हम जहां भी खेलते हैं, प्रशंसक भारी संख्या में आते हैं। उम्मीद है कि वे एडिलेड में भी हमारा उत्साहवर्धन करेंगे। यह 2025 में भारत की वनडे में पहली हार थी जिससे उनकी लगातार आठ जीत का सिलसिला टूट गया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने नाबाद 46 रन बनाकर अपनी टीम को 29 गेंद रहते जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि डकवर्थ लुईस नियम के तहत 131 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था क्योंकि गेंद थोड़ी स्विंग कर रही थी। उन्होंने कहा आज मौसम ने अपना असर दिखाया। सभी दर्शकों का शुक्रिया जो मैदान पर रहे। जीत हासिल करना अच्छा लगता है। घर पर जीतना हमेशा अच्छा लगता है।

### विराट आगामी मैचों में रन बनाएंगे: अर्शदीप

**पर्थ :** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने करिश्माई विराट कोहली के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे मैच में आठ गेंदों पर शून्य पर आउट होने को ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि इस महान बल्लेबाज के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना उनके लिए 'सौभाग्य' की बात है। अर्शदीप को लगता है कि 50 ओवरों के प्रारूप में माहिर होने के कारण कोहली इस सीरीज के बाकी बचे दो मैचों में रन बनाएंगे। अर्शदीप ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा उन्होंने भारत के लिए 300 से ज्यादा मैच खेले हैं, इसलिए उनके लिए 'फॉर्म' बस एक शब्द है। उन्होंने कहा वह जानते हैं कि कैसे आगे बढ़ना है। उनके साथ एक ही ड्रेसिंग रूम में होना हमेशा किसी आशीर्वाद की तरह होता है। मुझे लगता है कि वह आगे चलकर इस सीरीज में वह ढेरो रन बनायेंगे। कोहली के सिर्फ एक प्रारूप में खेलने के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने कहा उन्हें (कोहली) इस प्रारूप में महारत हासिल है। मुझे नहीं पता कि वह कैसा महसूस कर रहे हैं। मैं उनसे उनकी सोच के बारे में पूछूंगा।

# बलराज की अगुवाई में भारत ने एशियाई नौकायन चैंपियनशिप में जीते 10 पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **वियतनाम के हाई फोंग में आयोजित हुई प्रतियोगिता**

ओलंपियन बलराज पंवार की अगुवाई में भारत ने वियतनाम के हाई फोंग में 2025 एशियाई नौकायन चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और पांच रजत सहित 10 पदक जीते। नौकायन में यह हाल के वर्षों में भारत का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। पेरिस ओलंपियन पंवार ने पुरुषों की सिंगल स्कल (एम1एक्स) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

भारत के लिए अन्य स्वर्ण पदक लक्ष्य और अजय त्यागी की लाइटवेट पुरुषों की डबल स्कल (एलएम2एक्स) जोड़ी ने जीत। कुलविंदर सिंह, नवदीप सिंह, सतनाम सिंह और जाकर खान की चौकड़ी ने पुरुषों की 'क्वाड्रपल स्कल (एम4एक्स)' में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय अभियान का एक अन्य आकर्षण गुरबानी कौर और दिलजोत कौर की महिला जोड़ी का पदक जीतना रहा। इस जोड़ी ने एलडब्ल्यू2 स्पर्धा में दूसरे स्थान के साथ भारतीय महिलाओं के 15 साल के पदक के सूखे को समाप्त किया। नितिन देओल, परविंदर सिंह, लखवीर सिंह, रवि, गुरप्रताप सिंह, भीम सिंह, जसविंदर सिंह, कुलबीर और किरण सिंह मैओम ने पुरुषों की एट (एम8+) स्पर्धा में शानदार समन्वय दिखाते हुए रजत पदक हासिल किया।

पुरुषों की डबल स्कल (एम2एक्स) स्पर्धा में जसपिंदर सिंह और सलमान खान को रजत पदक जीतने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा जबकि रोहित, उज्ज्वल कुमार सिंह, लक्ष्य और अजय त्यागी की लाइटवेट पुरुषों की 'क्वाड्रपल स्कल' (एलएम4एक्स) स्पर्धा ने एक और रजत पदक अपने नाम किया। सनी कुमार, इकबाल सिंह, बाबू लाल यादव और योगेश कुमार की लाइटवेट पुरुषों की 'फोर (एलएम4-) स्पर्धा की टीम भी कड़े मुकाबले के बाद दूसरे स्थान पर रही। कांस्य पदक लाइटवेट पुरुष युगल (एमएम2-) में आए, जहां नितिन देओल और परविंदर सिंह ने शानदार संयम दिखाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया।

महिलाओं की एट (डब्ल्यू8+) स्पर्धा में गुरबाणी, दिलजोत, सुमन देवी, एलेना एंटो, किरण, पूनम और हाओबिजाम तेंडेनथोई देवी की टीम ने प्रभावी समन्वय से पोडियम स्थान हासिल किया। भारत ने 15 स्पर्धाओं में 37 सदस्यीय दल (25 पुरुष और 12 महिलाओं) को मैदान में उतारा था। प्रतियोगिता की हीट 16 और 17 अक्टूबर को आयोजित किए गए, जिसके बाद अगले दो दिनों में फाइनल हुए।

# पाकिस्तान ने आईसीसी के बयान की आलोचना की

**लाहौर :** पाकिस्तान सरकार के सूचना मंत्री अता तरार ने अफगानिस्तान में तीन क्रिकेटरों की मौत के मामले में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बयान को पक्षपातपूर्ण करार देते हुए खारिज कर दिया है।

आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को पक्तिका प्रांत में हवाई हमले में अफगानिस्तान के क्रिकेटरों की मौत पर शोक व्यक्त किया था, लेकिन अपने-अपने बयानों में पाकिस्तान का उल्लेख नहीं किया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा अगले महीने पाकिस्तान में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज से हटने का फैसला करने के बाद इन क्रिकेट संस्थाओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बाद में घोषणा की थी कि वह त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की जगह जिम्बाब्वे को शामिल करेगा।

उपलब्धि

अपर्णा और साइना के बाद पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला शटलर बनीं

# तन्वी ने विश्व जूनियर बैडमिंटन में रजत जीता

**गुवाहाटी, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का सपना रविवार को यहां महिला एकल फाइनल में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासक से सीधे गेम में हारकर टूट गया।

यह 16 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के नक्शेकदम पर चलते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला शटलर बनी। फाइनल में हालांकि वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी से 7-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार तन्वी ने रजत पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया जो 17 वर्षों में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। फाइनल में मुकाबला शुरू से ही कड़ा रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे की गलतियों के कारण 2-2 से 4-4 तक बराबरी पर आ गए। थाई खिलाड़ी ने इसके बाद भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर 10-5 की बढ़त बना ली और फिर इसके बाद आसानी से पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में तन्वी ने कुछ सटीक डीप रिटर्न के साथ 6-1 की बढ़त बना ली। फिर से उन्होंने गलतियां की जिसका फायदा उठाकर थाई खिलाड़ी ने अंतर को 5-7 तक कम कर दिया। फ़िचितप्रीचासक का अगला शॉट चूक गया, जिससे तन्वी को मध्यांतर तक 8-5 की मामूली बढ़त मिल गई। थाई खिलाड़ी ने हालांकि तन्वी को बार-बार नेट पर आने के लिए मजबूर किया जिससे उनकी गलतियां बढ़ गई। थाईलैंड की खिलाड़ी ने जल्द ही स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया।



भारत की तन्वी शर्मा बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासक के खिलाफ शॉट रिटर्न करती हुईं। एजेंसी

**अपर्णा (1996 में रजत) और साइना (2008 में स्वर्ण और 2006 में रजत) इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।**

### गलतियों के कारण मैच गंवाया : तन्वी शर्मा

तन्वी ने मैच के बाद कहा मैं मुकाबले के दौरान सहज महसूस नहीं कर रही थी। मैच की शुरुआत से ही मैंने कई गलतियां कीं। दूसरे गेम में में दमदार प्रहार से वापसी करने में सफल रही लेकिन 8-5 के स्कोर के बाद एक बार फिर मुझसे गलतियां हो गईं। इसके बाद, मेरी कोच ने मुझे खेलते रहने को कहा और मैंने वैसा ही किया। लेकिन वह मेरे स्ट्रोक को बहुत अच्छी तरह से समझ ले रही थीं।